✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



भावपूर्ण श्रद्धांजलि

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 70 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 5 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जन्म- 11 जनवरी 1944

मृत्यु- 04 अगस्त 2025

विनम्र श्रद्धांजलि

दिशोम गुरु शिबू सोरेन

समस्त राज्यवासियों की तरफ से

हूल जोहार

प्रात: 9.00 बजे विधानसभा में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी

अंतिम संस्कार - पैतृक गाँव नेमरा, रामगढ़ में

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR-358880(IPRD)2025-26

# चुनाव आयोग को भाजपा ने किया हाईजैक : प्रणव झा

## चुनाव आयोग की मतदाता सूची ड्राफ्ट में भारी विसंगतियां : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में आज राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के साथ संयुक्त रूप से संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बिहार में चुनाव की जारी मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में मृत व्यक्तियों के नामों का भी सत्यापन कर दिया गया और जिन्होंने कागज जमा नहीं किया उनको बगैर संज्ञान में लिए उनका फॉर्म भी जमा कर दिया गया जो बताने के लिए काफी है कि चुनाव आयोग पहले भाजपा के हाथों कैद हुई और अब हाईजैक हो चुकी है। भाजपा ने बिहार में चुनाव आयोग को ओवरटाइम करने भेजा था, लेकिन ओवरटाइम करने में भारी गड़बड़ी चुनाव आयोग की पकड़ी गई है और सूबे के लगभग प्रत्येक जिले में मतदाताओं के नाम काटने की कवायद की गई जो हड़बड़ी में गड़बड़ी की ओर इंगित करता है। कांग्रेस पार्टी ऐसे मतदाता पुनरीक्षण के नाम पर हो रहे मजाक की भर्त्सना करती है। साथ ही विसंगतियों को अविलंब सुधार करने के बाद ही चुनाव की प्रक्रिया शुरू करने की मांग करती है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि चुनाव आयोग बिहार में भाजपा की कठपुतली बनकर काम कर रही है। चिन्हित करके नाम काटे और उनका मतदाता सूची में क्रमांक बदला जा रहा है। साथ ही मृत को जीवित और जीवित मतदाताओं का नाम काट दिया जा रहा है। इस तरीके की भारी विसंगतियों के कारण चुनाव आयोग के मंशा पर प्रश्नचिन्ह लगता है। चुनाव आयोग ने जितने कम समय में मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया है वो खुद संशय पैदा करती है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा के हाथों बेगूसराय निवासी सामाजिक कार्यकर्ता नीरज कुमार ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा एवं नीतियों से प्रभावित होकर अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस परिवार में शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि नीरज कुमार जैसे समाजसेवियों का कांग्रेस में शामिल होना यह दर्शाता है कि आज भी देश की एकता, समाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए कांग्रेस पार्टी ही सबसे उपयुक्त मंच है उनके अनुभव और जनसम्पर्क से पार्टी को लाभ मिलेगा। नीरज कुमार ने हमारे नेता राहुल गांधी के सामाजिक न्याय और आम लोगों के लिए जारी संघर्ष को देखते हुए पार्टी की नीतियों और सिद्धान्तों को अपनाया है। इस दौरान सदस्यता ग्रहण करने के बाद नीरज कुमार ने कहा कि देश के उज्जवल भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। देश के सभी वर्गो और समुदायों को साथ लेकर चलने में कांग्रेस पार्टी ही सक्षम है।

# कोटेश्वर नाथ मंदिर भक्तों के आकर्षण का केंद्र : डॉ.प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के वरीय नेता व बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने सावन मास की चौथी सोमवारी को गया जिले के सीमा पर स्थित कोटेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कहा कि यह मंदिर एक प्राचीन मंदिर है जहां बाबा भोले की भव्यता, दिव्यता एवं कोटेश्वरनाथ की सत्ता को प्रतिबिंबित करता है। कोटेश्वर नाथ मंदिर भक्तों के आकर्षण का केंद्र है। यह मंदिर अपनी पौराणिक वास्तु कला और कथाओं में प्रचलित भी है। कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण पांचवी सदी के आसपास हुआ था। मंदिर के गर्भ गृह का लाल पत्थर मंदिर की सुंदरता को और भी बढ़ता है। कहा जाता है कि राक्षस राज बाणासुर की बेटी उषा भगवान कृष्ण के पोते अनिरुद्ध से प्रेम करती थी। बाणासुर, कृष्ण जी को अपना दुश्मन मानता था। अनिरुद्ध से उषा का प्रेम संबंध बना रहे इसके लिए उषा ने इस मंदिर का निर्माण कराया।

# वोटर आइडी कार्ड के फरेब के लिए तेजस्वी यादव माफी मांगे : मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि एस आई आर के बाद ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के प्रकाशित होते ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जिस तरह से उसमें अपना नाम नहीं होने का फर्जी दावा किया, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। इस फरेब के लिए उन्हें चुनाव आयोग से माफी मांगनी चाहिए। श्री पाण्डेय ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो वोटर कार्ड रख कर जानबूझ कर अपराध किया है। बिहार में विगत महीने हुए मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भ्रम फैलाने और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमला करने वाले तेजस्वी यादव को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किस परिस्थिति में उन्होंने दो इपिक नम्बर से मतदाता सूची में दो जगह अपना नाम दर्ज करवाया था। इस पूरे मामले में पूरी तरह से बेनकाब हो चुके तेजस्वी यादव की असली मंशा एस आई आर और चुनाव आयोग के विरोध के साथ ही जनता में भ्रम फैलाना था। विशेष गहन पुनरीक्षण को रोकवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाने वाले तेजस्वी यादव दरअसल अभी से ही संभावित हार की हताशा में हैं। श्री पाण्डेय ने कहा है कि चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिश देकर स्पष्ट तौर पर कहा है कि उनका दूसरा इपिक नम्बर आधिकारिक तौर पर जारी प्रतीत नहीं होता है। इसलिए उस पर जारी मतदाता पहचान पत्र वे चुनाव आयोग को सौंपे ताकि उसकी जांच हो सके। उम्मीद है नेता प्रतिपक्ष इस फर्जीवाड़ा के मामले की जांच में चुनाव आयोग को सहयोग करेंगे।

# बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का 32वां अधिवेशन 'संकल्प 2025' संपन्न

## मारवाड़ी समाज से तीन पीढ़ियों का जुड़ाव : विजय कुमार चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का 32वां प्रादेशिक अधिवेशन 'संकल्प 2025' पटना में भव्यता के साथ संपन्न हुआ। अधिवेशन का उद्घाटन जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री अशोक कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी और विधान पार्षद ललन कुमार सराफ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपर महाधिवक्ता सत्यदर्शी संजय, बिहार राज्य व्यवसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेश कुमार रूंगटा, राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार



लोहिया, नव निर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गोयनका, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष रमेश केजड़ीवाल, कमल नोपानी, विजय किशोरपुरिया, पवन सुरेका, निर्मल झुनझुनवाला, विनोद तोदी, महेश जालान सहित कई राष्ट्रीय और प्रादेशिक पदाधिकारी मंच पर मौजूद थे। पटना समेत राज्य के विभिन्न कोनों से आए करीब 2500 समाजबंधुओं, महिलाओं और युवाओं ने इस अधिवेशन में भाग लिया। विजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि उनका मारवाड़ी समाज से तीन पीढ़ियों का जुड़ाव रहा है और समाज की सेवा भावना एवं योगदान अनुकरणीय है। अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि आज राजनीति समाज की जरूरत बन चुकी है और युवाओं को समाजहित में राजनीति में भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने बिहार के विकास में मारवाड़ी समाज की भूमिका को भी रेखांकित किया। संजय सरावगी ने मारवाड़ी समाज को 'नियोक्ता समाज' कहा और बताया कि यह समाज हमेशा रोजगार देने वाला रहा है। उन्होंने मतदाता सूची में नाम सत्यापन की अपील की और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। ललन कुमार सराफ ने कहा कि बिहार प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन समाज के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार उपयोगी योजनाएं बना रहा है।

# जलजमाव से राहत के लिए प्रयास तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** संपतचक नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों में लगातार बारिश के कारण उत्पन्न जलजमाव की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। क्षेत्र के निचले इलाकों, खासकर अब्दुल्ला चक बैरिया और अन्य वार्डों में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है जहां खेतों में बसे घर और बिना नाले वाले इलाकों में पानी घुस गया है। ऐसे हालात में नगर परिषद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीनों की सहायता से जल निकासी के रास्तों से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। परिषद का ध्यान खासतौर पर उन पुराने पोखरों, नालों और आहरों की सफाई पर है जहां पानी का बहाव बाधित हो रहा था।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर राजेश राम ने जताया शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री, झारखंड आन्दोलन के प्रणेता एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन के निधन पर बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। राजेश राम ने अपने शोक संदेश में कहा कि शिबू सोरेन के निधन का समाचार अत्यन्त ही दुखद एवं पीड़ादायक है। वे एक सच्चे जनसेवक, सामाजिक न्याय के पक्षधर और सदैव गरीब, शोषित, वंचित वर्गों की आवाज उठाने वाले नेता थे। शिबू सोरेन ने पूरे जीवन आदिवासी समाज, मजदूर, किसानों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने देश की राजनीति में संघर्ष और सिद्धान्तों की जो मिशाल पेश की वह सदैव स्मरणीय रहेगा। उनका जाना सिर्फ झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। मैं दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं तथा शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें अपनी श्रीचरणों में स्थान दें। शिबू सोरेन के निधन पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णाअल्लावरू, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता डा. शकील अहमद खान, विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंदन वागची, प्रेमचन्द्र मिश्रा, मोती लाल शर्मा, राजेश राठौड़, आनन्द माधव ने भी शोक व्यक्त किया।

# झूठे मुकदमे के खिलाफ माले व महागठबंधन का विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** जानीपुर थाना अंतर्गत दो मासूम बच्चों की जघन्य हत्या के खिलाफ हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर झूठा मुकदमा दर्ज किए जाने को लेकर राजनीतिक उबाल तेज हो गया है। भाकपा माले विधायक दल के नेता सह बलरामपुर विधायक महबूब आलम और फुलवारी शरीफ के विधायक गोपाल रविदास ने शुक्रवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपते हुए मुकदमे की तत्काल वापसी की मांग की है।

ज्ञात हो कि यह मुकदमा तब दर्ज किया गया जब विधायक गोपाल रविदास के नेतृत्व में जानीपुर कांड के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। प्रदर्शन में स्थानीय जनता के साथ नेताओं ने अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी।

# पूर्व मंत्री डा. रवीन्द्र चरण यादव ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री, बिहारीगंज एवं उदाकिशुनगंज से कई बार विधायक रह चुके डा. रवीन्द्र चरण यादव कांग्रेस के बढ़ते जनाधार को देखते हुए भाजपा छोड़ एनडीए से मोह भंग होकर कांग्रेस पार्टी एवं राहुल गांधी में आस्था व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के हाथों आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में विधान मंडल दल के नेता डा. शकील अहमद खान की उपस्थिति में अपने सैकड़ों समर्थकों जिसमें कई जिला परिषद सदस्य, मुखिया, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। डा. रवीन्द्र चरण यादव के साथ सदस्यता ग्रहण करने वाले जनप्रतिनिधि में ग्वालपाड़ा के प्रमुख संतोष कुमार, पिपराकरोती के मुखिया संजीव



कुमार यादव, पूर्व मुखिया पवन कुमार यादव, सुनील कुमार सिंह, अरविन्द कुमार, ललन कुमार यादव, आलोक कुमार, महेश्वरी यादव सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि शामिल थे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने डा. यादव का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि रवीन्द्र चरण यादव जैसे ऊर्जावान और लोकप्रिय नेता का कांग्रेस में आना इस बात का संकेत है कि बिहार में बदलाव की लहर शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी वर्गों एवं समुदायों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर डा. रवीन्द्र चरण यादव ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की धर्मनिरपेक्ष और जनहितकारी नीतियों से प्रेरित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया है।

# फैबइंडिया ने लांच किया रक्षाबंधन कलेक्शन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** फैबइंडिया ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपना नया फेस्टिव कलेक्शन लॉन्च कर दिया है। यह खास कलेक्शन पारंपरिक भारतीय कारीगरी और आधुनिक डिजाइन सौंदर्य का सुंदर संगम है। कपड़े और होम एंड लाइफस्टाइल श्रेणियों में उपलब्ध यह कलेक्शन भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कोमलता, प्रेम और गरिमा के साथ दर्शाता है। इस वर्ष का कलेक्शन एक आकर्षक गुलाबी रंग-पैलेट पर आधारित है जिसमें हल्का गुलाबी, गहरा गुलाबी और फ्यूशिया जैसे जीवंत रंग शामिल हैं। हर डिजाइन में पारंपरिक 'खड़ी प्रिंटिंग' और 'मेटैलिक एम्ब्रॉयडरी' जैसी कारीगरी का उपयोग किया गया है जो परिधानों को एक खास फेस्टिव लुक और चमक प्रदान करते हैं। यह कलेक्शन राखी में गिफ्टिंग के इरादे से भी एक बेहतरीन विकल्प है।

# मां का दूध बच्चे के लिए अमृत समान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निरामया सेंटर फॉर वूमेन केयर डायग्नोस्टिक, कंकड़बाग में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माताओं एवं समाज में स्तनपान के महत्व एवं लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में डॉ निमिषा अग्रवाल एवं वरिष्ठ डॉ. उषा अग्रवाल ने स्तनपान से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवजात शिशुओं के लिए मां का दूध और पहला दूध कितना लाभकारी होता है। ये बच्चों को पहला टीका का काम करता है जिससे बच्चों में इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और साथ ही बच्चों और माताओं के बीच भावनात्मक रिश्ता मजबूत करता है। स्तनपान शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही यह मां के स्वास्थ्य के लिए भी कई लाभकारी है। वक्ताओं ने सही स्तनपान की तकनीक, समय और सामान्य समस्याओं जैसे विषयों पर भी जानकारी दी। इनर ह्वील क्लब पाटलिपुत्र की अध्यक्ष शीतु गांधी ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह जागरूकता अभियान क्लब की सामाजिक जिम्मेदारियों का हिस्सा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेंटर की ओर से आई हुई महिलाओं और परिवारजनों ने विशेषज्ञों से सवाल पूछे और अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स आर. एस. इंटरप्राइजेज के अंतर्गत पंजीकृत बीमित व्यक्ति पवन कुमार जो अनमोल बिस्कुट फैक्टरी हाजीपुर में हेल्पर के पद पर कार्यरत थे, उनकी आश्रिता पत्नी-रूबी देवी, पुत्र-प्रिंस कुमार एवं प्रकाश दीप, पुत्री-बबली कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पवन कुमार की मृत्यु 05-06-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई.एस.आई.सी. द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 522 रु. प्रतिदिन की दर से लगभग प्रतिमाह (15660/-) आश्रितों को मिलेगा।

# पूर्व कार्मिक मंत्री मिथिलेश सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूर्व कार्मिक मंत्री एवं जेपी सेनानी सम्मान योजना के पूर्व अध्यक्ष स्व. मिथिलेश सिंह की चौथी पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी विशाल सिंह ने की। कार्यक्रम में स्व. मिथिलेश सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय मिथिलेश सिंह न सिर्फ एक प्रखर समाजवादी नेता थे बल्कि उन्होंने जेपी आंदोलन के मूल्यों को जीवनभर जीया। बिहार की राजनीति और प्रशासन में उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।



इस अवसर पर स्व. मिथिलेश सिंह के पुत्र एवं जदयू बिहार प्रदेश राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य विशाल सिंह, राजनंदन पांडेय, जेपी सेनानी शंभू प्रसाद सिंह, बीस सूत्री कार्यक्रम के सदर उपाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, पैक्स अध्यक्ष विश्वजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, जनसुराज नेता सुरेश कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने स्व. मिथिलेश सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक कर्मठ, निष्ठावान और जनसमर्पित नेता बताया। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन व श्रद्धांजलि के साथ किया गया।

# समस्तीपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर विभिन्न स्टेशनों पर सदभावना एक्सप्रेस, लिच्छवी एक्सप्रेस, सरयू जमूना एक्सप्रेस एवं शहीद एक्सप्रेस का विभिन्न स्टेशनों पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है- गाड़ी सं. 14018 आनंद विहार-रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस 07.08.2025 से 18.51/18.53 बजे रुन्नी सैदपुर, 19.56/19.58 बजे बैरगनियां एवं 20.22/20.24 बजे घोड़ासहन स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 14017 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस 08.08.2025 से 00.13/00.15 बजे घोड़ासहन, 00.34/00.36 बजे बैरगनियां एवं 01.52/01.54 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 14007 रक्सौल-आनंद विहार सदभावना एक्सप्रेस 07.08.2025 से 00.13/00.15 बजे घोड़ासहन एवं 01.52/01.54 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 14008 आनंद विहार-रक्सौल सदभावना एक्सप्रेस 06.08.2025 से 18.51/18.53 बजे रुन्नी सैदपुर एवं 20.22/20.24 बजे घोड़ासहन स्टेशनों पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। गाड़ी सं. 14005 सीतामढ़ी-आनंद विहार लिच्छवी एक्सप्रेस 06.08.2025 से 02.52/02.54 बजे रुन्नी सैदपुर स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# जल जीवन हरियाली के संगम से बदलेगी बिहार की तस्वीर

## 2025-26 में 5 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से 'जल जीवन हरियाली अभियान' के अंतर्गत 'पौधशाला सृजन एवं सघन वृक्षारोपण' विषय पर परिचर्चा किया गया। बिहार सरकार ने वर्ष 2019 में 'जल जीवन हरियाली' अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान का उद्देश्य राज्य में जलवायु परिवर्तन से निपटना, हरित आवरण बढ़ाना, जल स्रोतों का संरक्षण और ऊर्जा बचत को प्रोत्सहित करना है। इस अभियान के तहत राज्य के सभी क्रियान्वयन विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक माह के पहले मंगलवार को 'जल जीवन हरियाली दिवस' मनाया जाए। इस अभियान का कार्यान्वयन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग 15 अन्य हितधारक विभागों के साथ मिलकर कर रहा है। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए ग्रामीण विकास विभाग को नोडल विभाग नामित किया गया है। इस योजना के कुल 11 अवयवों पर काम किया जा रहा है। पर्यावरण विभाग के जिम्मे अवयव 5 और अवयव 8 आता है जिसके अंतर्गत यह विभाग छोटी- छोटी नदियों, नालों एवं पहाड़ी क्षेत्रों के जल संग्रहण क्षेत्रों में चेकडैम एवं जल संचयन के अन्य संरचनाओं का निर्माण के साथ ही पौधशाला सृजन और सघन वृक्षारोपण करता है। विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2024-25 तक कुल 26482 चेक डैम एवं जल संरचनाओं का निर्माण कराया गया है। इसके साथ ही अवयव 8 के अंतर्गत कुल 20.20 करोड़ पौधों का रोपण किया जा चुका है। विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक पी के गुप्ता ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके विरूद्ध अबतक कुल 1 करोड़ पौधारोपण हो चुका है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह लक्ष्य 4.67 करोड़ था जिसके विरूद्ध 4.14 करोड़ पौधारोपण हो चुका था। इस प्रकार लक्ष्य का 90 प्रतिशत हासिल किया गया था।

# एम्स पटना में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

## आइजीआइएमएस और पीएमसीएच के डॉक्टरों का मिला समर्थन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारी शरीफ।** शुक्रवार को रेजिडेंट डॉक्टरों ने घोषणा की कि हड़ताल आज भी जारी रहेगी। सुबह 11 बजे वे आईपीडी बिल्डिंग से प्रशासनिक भवन तक शांतिपूर्ण मार्च निकालकर प्रदर्शन की शुरुआत की। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में रेजिडेंट डॉक्टर, जूनियर चिकित्सक और चिकित्सा कर्मी हिस्सा लेकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी करते रहे। विधायक चेतन आनंद प्रकरण को लेकर एम्स पटना में रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल शुक्रवार को चौथे दिन में प्रवेश कर गई है। हड़ताल का दायरा अब और भी व्यापक होता जा रहा है। पहले ओपीडी सेवाएं बंद थीं अब अस्पताल की आईपीडी यानी भर्ती सेवाएं भी ठप हो गई हैं। स्थिति यह हो गई है कि अब गंभीर मरीज भी इलाज के अभाव में तड़प रहे हैं। हड़ताल पर डॉक्टर का कहना है कि उन्हें आई जी आई एम एस और पीएमसीएच के डॉक्टर का समर्थन मिल रहा है। हड़ताल से मरीजों की परेशानी चरम पर है। भर्ती मरीजों को भी जरूरी इलाज नहीं मिल पा रहा है। परिजन असहाय हो चुके हैं। प्रशासनिक स्तर पर प्रयास जरूर हो रहे हैं, लेकिन डॉक्टरों के आक्रोश और आत्म-सम्मान के मुद्दे को देखते हुए हल निकलता फिलहाल नजर नहीं आ रहा। एक रेजिडेंट डॉक्टर ने कहा वे इलाज की उम्मीद में आते हैं, लेकिन सब कुछ बंद है। यह स्थिति हमें भी परेशान कर रही है, लेकिन हम झुकेंगे नहीं। हमारा सम्मान कोई समझौते की चीज नहीं है। हड़ताली डॉक्टरों का कहना है कि यह सिर्फ नौकरी या सेवा का सवाल नहीं, बल्कि आत्मसम्मान का मामला है। हम पर झूठा मुकदमा दर्ज कर हमारी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई है जब तक वह एफआईआर रद्द नहीं की जाती, हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। यह डॉक्टरों का स्पष्ट और दृढ़ संदेश है। डॉक्टरों ने मांग की है कि सरकार और प्रशासन को उनकी परेशानी को गंभीरता से समझना चाहिए जब हर आपदा और संकट में हम दिन-रात मरीजों की सेवा करते हैं तो जब हम खुद संकट में हों तो हमारा भी सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। मेडिकल बिरादरी में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि अगर डॉक्टरों के साथ इस तरह का व्यवहार होगा, तो भविष्य में कोई भी गंभीर स्थिति में काम करने से हिचकेगा।

✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



पटना के कई इलाकों में पानी घुसने से लोग नाव से चलने पर मजबूर हैं

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 70 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 5 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन का निधन, शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली/रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिशोम गुरू के नाम से मशहुर शिबू सोरेन का सोमवार सुबह निधन हो गया। यह जानकारी उनके पुत्र और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खुद 'एक्स' पर पोस्ट कर दी है। उन्होंने लिखा कि 'आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं।' दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में शिबू सोरेन ने आखिरी सांस ली। बता दें कि श्री सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बायीं ओर पैरालिसिस हो गया था। वे पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी। बीते कुछ दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम छह बजे झारखंड लाया गया। सरकारी सूत्रों के मुताबिक सोमवार को उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया जाएगा। मंगलवार सुबह झामुमो के









पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में मंगलवार को किया जाएगा। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी शामिल होंगे। शिबू सोरेन के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। देश के विभिन्न नेता उनके निधन पर दुख जता श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। राष्ट्रपति ने कहा कि सोरेन ने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य के गठन के लिए संघर्ष किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन के निधन पर दुख व्यक्ति किया और ट्वीट करते हुए लिखा, 'शिबू सोरेन एक जमीनी नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में तरक्की की। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड के अपने पूर्व समकक्ष को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पड़ोसी राज्य की राजनीति में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, 'झारखंड की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान स्मरणीय है। राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने कहा, 'शिबू सोरेन दलितों और आदिवासियों के एक महान नेता थे और मेरे उनसे अच्छे संबंध थे। मुझे दुख है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। यह राजनीति के लिए बहुत बड़ी क्षति है।'

## तीन दिनों का राजकीय शोक

दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन पर तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की ओर से बताया गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन के निधन पर राज्य सरकार ने 4 से 6 अगस्त तक तीन दिनों तक राजकीय शोक मनाने का फैसला लिया है। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे और किसी तरह का राजकीय समारोह आयोजित नहीं होगा। साथ ही 4 और 5 अगस्त को राज्य के सभी सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। साथ ही अन्य सरकारी आयोजन नहीं किए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### कोसी में डूबकर दो किशोरों की मौत

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** नवगछिया थाना क्षेत्र के भवानीपुर थाना क्षेत्र के जिलेबिया मोड़ के पास कोसी नदी में डूबने से दो किशोरों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रायपुर गांव निवासी विपिन शर्मा के बेटे सनी कुमार (13) और शिव शंकर शर्मा के बेटे राहुल कुमार(16) के रूप में हुई है। दोनों नहाने के लिए गए थे तभी डूब जाने से मृत्यु हो गयी।

### टहलने निकली महिला नदी में गिरी, मौत

**जहानाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** भेलावर थाना क्षेत्र में दरधा नदी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई है। मृतका की पहचान धर्मपुर गांव निवासी मीना देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मीना देवी सुबह टहलने के लिए दरधा नदी के किनारे गई थीं। इस दौरान उनका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गईं। गहरे पानी में जाने के कारण वह डूब गईं।

### कोर्ट में पेशी के लिए आया कैदी फरार

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिविल कोर्ट से पेशी के लिए आया कैदी फरार हो गया है। पुलिसकर्मी उसकी खोजबीन में लगे हैं। कैदी की पहचान सुरेंद्र कुमार उर्फ छोटू के रूप में हुई है। वह नवादा का रहने वाला है। फिलहाल फुलवारी शरीफ में रह रहा था। चोरी के मामले में पुलिस ने इसे गिरफ्तार किया था। पटना सिविल कोर्ट में सोमवार को पेशी होनी थी। इसी सिलसिले में कोर्ट आया था। कोर्ट पहुंचने के बाद कैदी वैन के पास अपना चप्पल छोड़कर हथकड़ी सरकाते हुए फरार हो गया।

### सीएसपी संचालक को मारी गोली

**समस्तीपुर (नबिटा ब्यूरो)।** चकमहेसी थाना क्षेत्र के मालीनगर गांव में सोमवार को बदमाशों ने हथियार के बल पर एसबीआई के सीएसपी से करीब सवा लाख रुपए की लूट कर ली। लूटपाट के बाद भाग रहे बदमाशों को पकड़ने का प्रयास करने पर संचालक मनीष कुमार को गोली मार दिया गया है। मनीष को दाहिने जांघ में गोली लगी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से पांच खोखा व एक अपराधी की बाइक भी बरामद की है।

### जहरीले सांप के डसने से नानी-नतिनी की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गणेशपुर पंचायत के जमाय टोला गांव में जहरीले सांप के काटने से एक महिला और उसकी नातिन की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय पूनम मुर्मू और 12 वर्षीय आरोही किस्कू के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में नानी-नतिनी थीं। घटना रविवार देर रात करीब दो बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, पूनम मुर्मू और आरोही किस्कू घर में चटाई पर सोई हुई थीं तभी एक विषैला सांप घर में घुस आया और दोनों को डस लिया।

**मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान, शिक्षक नियुक्ति परीक्षा से लागू होगी डोमिसाइल नीति**

# बिहार में शिक्षक भर्ती परीक्षा में लागू होगी डोमिसाइल नीति : नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के शिक्षक अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खबर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को ऐलान किया है कि चौथे चरण की शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (टीआरइ-4) से ही डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 2026 में पांचवें चरण की शिक्षक बहाली (टीआरइ-5) आयोजित की जाएगी और उससे पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा कराई जाएगी। मुख्यमंत्री के इस फैसले के बाद छात्र संगठनों और आंदोलनरत अभ्यर्थियों ने संतोष और प्रसन्नता जताई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि नवंबर 2005 में





सरकार बनने के बाद से ही शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार काम हो रहा है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्तियां की गई हैं और आने वाले समय में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। सीएम नीतीश कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्ष 2025 में चौथे चरण की शिक्षक बहाली परीक्षा (टीआरइ-4) आयोजित होगी और उसके बाद वर्ष 2026 में पांचवें चरण की शिक्षक बहाली परीक्षा (टीआरइ-5) होगी। टीआरइ-5 के आयोजन से पहले माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा कराई जाएगी ताकि योग्य अभ्यर्थियों को ही शिक्षक बहाली का मौका मिले। मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद छात्र संगठनों में खुशी की लहर है। छात्र नेता दिलीप कुमार ने कहा कि लंबे समय से डोमिसाइल नीति की मांग की जा रही थी और अंततः सरकार ने छात्रों की भावनाओं का सम्मान किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को बदला है और उन लोगों को मुख्यमंत्री से उम्मीद थी कि वही कुछ करेंगे और उन्होंने पूरा किया है। सरकार का यह कदम न केवल स्थानीय युवाओं के रोजगार के अवसर बढ़ाएगा, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में स्थायित्व भी लाएगा।

## अरवल विधायक महानंद सिंह को न्यायालय ने भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद व्यवहार न्यायालय स्थित एसडीजेएम मनीष कुमार की अदालत ने अरवल के भाकपा माले विधायक महानंद सिंह को न्यायिक हिरासत में मंडल कारा काको भेज दिया। वे एक 24 साल पुराने मामले में अदालत में सोमवार को उपस्थित हुए थे। कोर्ट द्वारा विधायक को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का आदेश देने के बाद अदालत परिसर में खलबली मच गई। उनकी विधायकी पर भी तलवार लटकती दिख रही है। तत्काल पुलिस ने उन्हेंअपनी कस्टडी में ले लिया। पुलिस टीम विधायक को लेकर सदर अस्पताल पहुंची, जहां उनका नियमानुकूल कोरोना जांच कराया गया। जांच के बाद उन्हें मंडल कारा भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार विधायक को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा था। उनके खिलाफ कोर्ट द्वारा लाल वारंट निर्गत किया गया था। बताया गया है कि जहानाबाद थाना कांड संख्या 67/ 2001 में वे नामजद आरोपी बनाए गए थे। पार्टी के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य की गिरफ्तारी के विरोध में भाकपा माले ने पूरे बिहार में चक्का जाम का आह्वान किया था। इसी आह्वान के क्रम में महानंद सिंह जहानाबाद में रोड जाम में शामिल थे। 2001 में ही पुलिस ने उनके खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था लेकिन तब से वे अदालत का सामना नहीं किये। डेट पर उपस्थित नहीं होने के कारण उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। इस मामले की अगली सुनवाई अदालत में बुधवार को होनी है। विधायक की ओर से अगले डेट पर बेल पेटिशन फाइल किया जा सकता है। कोर्ट की ओर से बेल नहीं दिए जाने पर उन्हें जेल में ही रहना पड़ेगा। किसी को इसका अंदाजा भी नहीं था कि कोर्ट का रुख इतना सख्त होगा। नेता को जेल भेजे जाने से उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं में मायूसी छा गयी। हालांकि विधायक ने इसे कानूनी प्रक्रिया बताकर सांत्वना दी।

## प्रत्यय अमृत होंगे बिहार के नए मुख्य सचिव, 1 सितंबर से संभालेंगे पदभार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रत्यय अमृत को राज्य का अगला मुख्य सचिव नियुक्त करने की अधिसूचना जारी कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से सोमवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी प्रत्यय अमृत वर्तमान मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की 31 अगस्त 2025 को होने वाली सेवानिवृत्ति के बाद 1 सितंबर से यह अहम जिम्मेदारी संभालेंगे। फिलहाल प्रत्यय अमृत विकास आयुक्त के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग के प्रभार में हैं। उन्हें 1 सितंबर तक मुख्य सचिव कार्यालय में विशेष कार्य पदाधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार में रखा गया है। प्रत्यय अमृत को एक सक्षम, कार्यकुशल और दूरदर्शी प्रशासक के रूप में जाना



जाता है। उन्होंने अपने कार्यकाल में कई जटिल प्रशासनिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान किया है। बिहार राज्य पुल निर्माण निगम जैसी निष्क्रिय संस्था को पुनर्जीवित करने में उनका योगदान काफी चर्चित रहा है। उन्होंने निगम को घाटे से निकालकर एक लाभकारी और भरोसेमंद संस्था में बदल दिया। प्रत्यय अमृत नीतीश कुमार सरकार के भरोसेमंद अधिकारियों में से एक माने जाते हैं।

## सड़क हादसे में पांच कांवरियों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र के सुल्तानगंज मेन रोड पर महंत स्थान के पास रविवार देर रात एक बड़ा हादसा हो गया। एक डीजे वैन गड्ढे में पलट गई, जिसमें सवार पांच कांवरियों की मौत हो गई जबकि कुछ घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि डीजे वैन पर नड़ै लोग सवार थे। डीजे वैन का बैलेंस बिगड़ गया और वह गड्ढे में पलट गई। वैन के नीचे दबने से पांच लोगों की मौत हो गई। कुछ लोगों ने वैन से कूदकर अपनी जान बचाई। जब वैन गड्ढे में पलटी तो पांच लोग वैन से कूद गए। इनमें से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद आनन-फानन में सभी यात्रियों को शाहकुंड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां कुछ लोगों का इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान शाहकुंड के पुरानी खेरही बाजार निवासी संतोष कुमार, 24 वर्षीय मनोज कुमार, 23 वर्षीय विक्रम कुमार,



रवीश कुमार और 18 वर्षीय मुन्ना कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वैन पानी से भरे गड्ढे में गिरी थी। शाहकुंड बीडीओ राजीव रंजन ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि नियमानुकूल जो प्रक्रिया है उसको अपनाकर मृतक के निकटतम आश्रितों को मुआवजा राशि दिलवाया जाएगा। इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भागलपुर जिले के शाहकुंड-सुल्तानगंज मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना में पांच कांवरियों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह दुर्घटना काफी दुःखद है। उन्होंने इस दुर्घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

## प्रतिनियुक्ति के माध्यम से पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध कराने का निर्देश

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार में बड़ी संख्या में शिक्षकों के स्थानांतरण व पदस्थापन से सैकड़ों सरकारी विद्यालयों में शिक्षक-छात्र अनुपात में असमानता पैदा हो गई है। इसे गंभीरता से लेते हुए शिक्षा विभाग ने शिक्षक विहीन, एक शिक्षकीय एवं दो शिक्षकीय विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति के माध्यम से आवश्यक संख्या में शिक्षक उपलब्ध कराने का निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिया है। सोमवार को शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ की ओर से सभी जिलाधिकारियों को निर्देश जारी किया गया।

## बिप्रसे के 38 पदाधिकारियों को कार्यकारी व्यवस्था के तहत दी गयी प्रोन्नति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा (बिप्रसे) के 38 पदाधिकारियों को कार्यकारी व्यवस्था के तहत प्रोन्नति दी गई है। सोमवार को सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अरविंद कुमार और सतीश रंजन सिन्हा को संयुक्त सचिव से अपर सचिव के पद पर प्रोन्नति दी गई है। वहीं अब्दुल हामिद और मो. तारिक को अपर समाहर्ता स्तर से पदोन्नत कर संयुक्त सचिव बनाया गया है। इसके अलावा 17 अधिकारियों को उप सचिव से अपर समाहर्ता रैंक में प्रोन्नति दी गई है। वहीं, मूल कोटि के 17 अधिकारियों को उप सचिव रैंक में वेतनमान प्रोन्नति दी गई है। साथ ही सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संबंधित पदों को उत्क्रमित किया है। इस बीच, सोमवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा, 2018 बैच के अधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने राज्य परिवहन आयुक्त का पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर परिवहन विभाग के पधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने विभागीय पधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें विभाग की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और लंबित कार्यों की जानकारी ली। बैठक में परमिट प्रणाली, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन फिटनेस एवं सड़क सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर भी चर्चा हुई।

औरंगाबाद में क्या आप अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहते हैं? इस प्रीमियम व्यावसायिक स्थान को किराया पर लें और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें।

- संपत्ति का प्रकार : पूर्ण व्यावसायिक भवन
- स्थान : रावल बिगहा, कुंडा-सिमरा रोड पर, औरंगाबाद (बिहार)
- कुल मंजिलें : 2
- निर्मित क्षेत्रफल : 13000 वर्गफीट



उपयुक्त

- शोरूम
- कार्यालय
- कोचिंग संस्थान
- क्लिनिक/अस्पताल
- रेस्टोरेंट/कैफे
- सुपरमार्केट/खुदरा श्रृंखलाएं

सुविधाएं : पार्किंग स्थान उपलब्ध, प्रत्येक मंजिल पर अलग शौचालय, 24 X 7 पानी और बिजली

संपर्क करें : प्रमोद कुमार सिंह, मो.-9931820911

Reg. No. 23014082022123018 3136 ESTD- 2019

MOHAN OPEN MINDS SCHOOL

Run by : -Mohan Rameshwari Educational & Welfare Trust

Class : Play to 10th

Based on C.B.S.E. New Delhi

विशेषताएँ :-

नि:शुल्क नामांकन जारी है... * सीमित समय तक

- केरल एवं उड़ीसा के प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा पढ़ाई की व्यवस्था।
- 2 एकड़ का विस्तृत खेल का मैदान (क्रिकेट, फुटबॉल, बास्केट बॉल, बैडमिंटन, टेनिस)
- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान के प्रयोगशाला की उपलब्धता।
- C.C.T.V के द्वारा छात्र-छात्राओं की निगरानी की व्यवस्था।
- संगीत, डांस एवं चित्रकला के अनुभवी एवं प्रशिक्षित शिक्षक।
- कम्प्यूटर (Computer) की मुफ्त पढ़ाई की व्यवस्था।
- सभी मार्गों में परिवहन (Transport) की सुविधा।
- कमजारे छात्रों के लिए विशेष कक्षा (Extra Classes) की व्यवस्था।
- आधुनिक शिक्षा पद्धति के द्वारा छात्रों में शिष्टाचार, संस्कार एवं अनुशासन का विकास।
- स्मार्ट क्लास की सुविधा।
- दिव्यांग छात्रों को फ्री ट्रांसपोर्ट एवं फीस में 50% की छूट।
- निर्धन एवं गरीब छात्रों को फीस में 25% की छूट।
- अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था।

ADMISSION GOING ON



-: SCHOOL ADVISOR :-
Vishwajit Kumar

: 7277775609 9113370704

Email Id : mohanopenmindsshool01@gmail.com

Kailash Nagar/Srinagar (Near Pashumela, Pani Tanki)
Masaurhi (Patna) 804452

# मंत्री श्रवण कुमार ने किया 30 लाख से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण

## नीतीश कुमार पर जनता का अटूट विश्वास, हर वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित है सरकार : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर प्रखंड के विभिन्न गांवों और नगर परिषद क्षेत्र में सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने लगभग 30 लाख रुपये की लागत से पूर्ण की गई विकास योजनाओं का लोकार्पण किया। मंत्री ने नाहुब गांव में सांसद मद से 6 लाख रुपये की लागत से बनी सीढ़ी घाट का उद्घाटन किया। लोदीपुर के ताड़ पर महादलित टोला में 4.75 लाख रुपये से महेंद्र रविदास से इद्रिस मियां होते हुए वारिस तक नाली और पीसीसी सड़क का कार्य पूरा किया गया। वहीं, गोरौर के छबिलापुर में 7.65 लाख रुपये की लागत से शैलेन्द्र यादव के घर से प्राथमिक विद्यालय तक ईंट सोलिंग व पीसीसी का कार्य सम्पन्न हुआ। इसके अलावा नगर परिषद राजगीर के वार्ड संख्या 15 में नेकपुर स्थित बजरंग बली मंदिर



के समीप 3.65 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया गया। इसी वार्ड में 6.72 लाख रुपये से शत्रुघ्न प्रसाद के घर से कारू प्रसाद के घर तक पेवर ब्लॉक सड़क का निर्माण भी सम्पन्न हुआ। लोदीपुर के कतलपुरा में मनरेगा योजना से 4.98 लाख रुपये की लागत से रैमा यादव से सुरेंद्र नेता के घर तक ढक्कनयुक्त नाला व पीसीसी ढलाई कार्य का उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है। गांवों को स्मार्ट बनाने की दिशा में ठोस प्रयास हो रहे हैं। आज गांव भी शहर जैसे नजर आने लगे हैं– जहां नल का जल, बिजली, सड़क और शिक्षा जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार ने समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं, किसानों, विद्यार्थियों और बुजुर्गों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें नेतृत्व की मुख्यधारा से जोड़ा गया है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति और प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। मंत्री ने यह भी कहा कि बिहार के पर्यटन स्थलों का तेजी से विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों से अब बिहार में गोवा से अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। किसानों को सरकार अनुदान पर बीज, खाद और आधुनिक कृषि उपकरण दे रही है। वहीं, जीविका समूहों के माध्यम से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और कई महिलाएं अब बिहार से बाहर जाकर भी प्रशिक्षण का कार्य कर रही हैं। शराबबंदी को लेकर भी मंत्री ने कहा कि इससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है। लोगों की जीवनशैली में सुधार हुआ है, परिवारों में आर्थिक स्थिरता आई है। कार्यक्रम में जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम सिंह, वरीय नेता मुन्ना कुमार, नगर सभापति जीरो देवी, उप सभापति मुन्नी देवी, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, नेता सुबेन्द्र राजवंशी, वार्ड पार्षद श्यामदेव राजवंशी, श्याम नारायण प्रसाद, देवेंद्र कुशवाहा, रानी देवी, कुमार वेदनिधि, पैक्स अध्यक्ष अजीत कुमार वर्मा, अजय पासवान, बिरजू यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंत्री ने अंत में कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में जनता एक बार फिर नीतीश कुमार के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

# अंतिम सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, शिवभक्ति में डूबे भक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** सावन मास की अंतिम सोमवारी के अवसर पर हिलसा नगर व ग्रामीण अंचलों में शिवभक्ति की अद्भुत छटा देखने को मिली। बाबा अभयनाथ धाम, माता महाकाली मंदिर, श्री श्री गौरी दुर्गा धाम, बाबा नंदेश्वर स्थान, काली स्थान, कोर्ट परिसर शिवालय, प्रखंड कार्यालय परिसर और धर्मपुर गांव स्थित नंदेश्वर मंदिर समेत सभी प्रमुख शिवालयों में तड़के 1 बजे से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हर-हर महादेव और बोल बम के गगनभेदी जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। फतुहा गंगा घाट से सैकड़ों शिवभक्तों ने बैंड-बाजे के साथ करीब 25 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक किया। वहीं व्रती महिलाओं ने पवित्र स्नान के बाद बेलपत्र, धतूरा, फूल, धूप-दीप व



अगरबत्ती के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। अंतिम सोमवारी होने के कारण दिनभर रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और पूजा का क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं का जत्था देवघर और बराबर स्थित शिवधामों की ओर भी लगातार रवाना होता रहा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न स्थलों पर सेवा शिविरों का आयोजन किया गया, जहां पानी की बोतलें, दवाइयाँ, फल व अन्य सामग्री वितरित की गई। डियावां रेलवे हॉल्ट पर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार यादव के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के बीच सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान शंकर कुमार, उत्पल कांत, संजय कुमार, छोटू कुमार, नितीश कुमार, गौतम कुमार और तेजू कुमार जैसे युवाओं ने सक्रिय योगदान दिया। शहर के प्रमुख मंदिरों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सभी मंदिर परिसरों में विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। आचार्य संजय पांडेय ने बताया कि सावन मास शिव-शक्ति की उपासना का सबसे पवित्र काल होता है। इस वर्ष सावन माह की शुरुआत 11 जुलाई से हुई थी, जिसमें कुल चार सोमवारी व्रत पड़े। अंतिम सोमवारी को श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा से व्रत रखकर भगवान शिव का पूजन किया।

# डूबने से 10 वर्षीय बालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां (नवादा)।** पकरीबरावां प्रखंड की एरुरी पंचायत अंतर्गत रेवार गांव में सोमवार को 10 वर्षीय बालक की पईन में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हरेराम सिंह के पुत्र ईशु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ईशु अपने घर के अन्य बच्चों के साथ गांव के पास बहने वाले पईन की ओर गया हुआ था। इसी दौरान खेलते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, वह पानी में डूब चुका था। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया विनय कुमार मौके पर पहुंचे और बालक के शव को खोजने के लिए ग्रामीणों की मदद से लगभग 30-40 लोगों की टीम गठित कर दी। करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृत बालक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर पकरीबरावां थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में शोक की लहर है।

# सावन में कांवरियों के लिए जीवनदान बना नालंदा का सेवा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर की ओर जाने वाले कांवरियों के लिए बांका जिले के कटोरिया में एक विशेष निःशुल्क नालंदा जिला कांवरिया सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। यह शिविर नालंदा जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा और प्रदीप कुमार, गुड़िया देवी के नेतृत्व में 11 जुलाई से 9 अगस्त तक लगातार चल रहा है, जिसमें कई राज्यों से आए हुए अब तक लाखों श्रद्धालु को इस शिविर से सेवा दिया गया हैं। शिविर में कांवरियों के लिए रुकने-ठहरने, निशुल्क चाय-नाश्ता, जूस, दो समय का भोजन, मनोरंजन के लिए भक्ति जागरण, आध्यात्मिक माहौल की व्यापक व्यवस्था की गई है। सेवा भावना से संचालित इस शिविर में हर दिन हजारों कांवरियों का स्वागत, भोजन एवं सत्कार किया जा रहा है। शिविर के आयोजक अरविंद कुमार सिन्हा ने कहा कि,भक्ति में लीन रहना ही सच्ची श्रद्धा है। महादेव ने जो कुछ भी दिया है, उसका एक हिस्सा भक्तों की सेवा में लगाना ही असली भक्ति है। हम इस सेवा शिविर को विगत वर्षों से लगाते आ रहे हैं और आगे भी इसे जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि यह शिविर किसी जाति, धर्म या वर्ग के भेदभाव से परे है। यहां सभी कांवरियों को समान रूप से सेवा दी जाती है। यही इस समय की सबसे बड़ी पहचान है, समरसता और भक्ति। शिविर के अन्य सहयोगी प्रदीप कुमार ने बताया कि यह सेवा अभियान साल 2010 से लगातार समाजसेवियों के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। उनका कहना है कि हर साल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हमारी सेवा भावना और व्यवस्था उतनी ही मजबूत होती जा रही है। समाजसेवी अरविंद कुमार सिन्हा अपने पुत्र प्रवीण कुमार और समाजसेवी प्रदीप कुमार लगातार 2010 से हर साल बिना किसी स्वार्थ के अपनी पत्नी गुड़िया देवी और अपने बच्चों के साथ मिलकर शिव भक्तों की सेवा करते आ रहे हैं। इस शिविर में इंद्रमणि प्रसाद, अमन सिंह, अमृता कुमारी, टिंकू कुमार, लव कुमार, कमलेश प्रसाद उर्फ सिपाही जी, मुन्ना सिंह, चिक्कू सिंह, मंटू सिंह, ऋषिकेश कुमार भी अपनी सेवा देते है।

# नवादा: भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यकर्ताओं को बांधा रक्षा सूत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष सहित उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को कलाई पर पवित्र रक्षा सूत्र बांधकर कुशल क्षेम की प्रार्थना की।

इस मौके पर जिला प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि भाई-बहन का रिश्ता उस फुलवारी की तरह होता है, जिसमें सम्मान, प्रेम और आपसी समझदारी की बुनियाद पर अलग-अलग रंगों वाली यादें, संग के किस्से-कहानियां व दोस्ती को और गहरा करने का संकल्प फलता-फूलता है। जिलाध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि भाई-बहन संघर्ष के साथी होते हैं, स्मृतियों के हमराही भी और संगवारी के खेवैया भी सभी बहनो का आभार व्यक्त करता हूं और एक भाई होने के नाते सभी बहनों की सुरक्षा करने हेतु अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से पालन करने का संकल्प करता हूं। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष माधुरी वर्णनवाल ने कहा की राखी का यह धागा, हमारे प्यार और विश्वास का प्रतीक है। मैं प्रार्थना करती हूँ कि हमारा यह बंधन हमेशा मजबूत रहे। इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेन्द्र शर्मा, अरविन्द गुप्ता,नन्द



किशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष विनोद भोली, तेजस सिन्हा, मुकेश कुमार, नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, प्रवक्ता कुंदन प्रभाकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजित शंकर, वारिसलीगंज संयोजक श्रीकांत बमबम, अफसाना खातून, पूजा कुमारी, सुलेखा, वीणा वर्णनवाल, सुनीता देवी, मंशा सिंह सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

# हर हर महादेव व बोल बम से प्रखंड क्षेत्र के गूंज उठो सभी शिवालय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** श्रावण मास की चौथी एवं अंतिम सोमवारी पर रजौली प्रखंड क्षेत्र के सभी शिव मंदिर शिवमय नजर आया। शिव मंदिरों में अंतिम सोमवारी पर सैकड़ों श्रद्धालु पूजा-अर्चना की। मंदिरों में काफी भीड़ देखने को मिली। हर हर महादेव, जय शिव शंभू व बोल बम से प्रखंड क्षेत्र के सभी शिवालय गूंज उठा। बाजार मुख्यालय के देवी मंदिर स्थित शिवालय, महसई स्थित मसेश्वरी नाथ मंदिर, नीचे बाजार स्थित राज शिव मंदिर, पुरानी बस स्टैंड स्थित महावीर मंदिर, झंडा चौक की ओर सरयू धाम मंदिर के साथ प्रखंड के हरदिया, चितरकोली, घसियाडीह, दत्तीटील्हा, सरमसपुर गांव स्थित लोमस ऋषि पहाड़ पर शिव मंदिर, कुम्हरुआ, धमनी, करिगांव,



बहादुरपुर, अंधरवारी समेत कई शिवालयों में भगवान शिव जी की पूजा-अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी गई। सावन महीने की अंतिम सोमवारी पर सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र के महिला-पुरुष श्रद्धालुओं में काफी उत्साह व खुशी देखने को मिल रहा था। श्रद्धालुओं ने अहले सुबह से ही स्नान-ध्यान कर नए-नए वस्त्र धारण कर अपने-अपने क्षेत्र के अपने-अपने मंदिरों व शिवालयों में जाकर भगवान शिव जी पर जलाभिषेक कर दूध चढ़ाकर शिवजी की पूजा-अर्चना की। अंतिम सोमवारी पर सैकड़ो महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने दिनभर उपवास पर रहकर शाम में स्नान कर नए वस्त्र पहन कर अपने-अपने क्षेत्र के अपने-अपने मंदिरों व शिवालयों में जाकर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक कर व दूध अर्पित कर बेलपत्र, धतूरा, भांग, गेहूं, फल, फूल, सिंदूर, रोड़ी आदि पूजन सामग्रियों से भगवान शिव जी की पूजा-अर्चना की। भगवान शिव की पूजा-अर्चना के बाद सभी महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने अपने परिवारों के लिए भगवान शिव से यश, वैभव, सुखमय जीवन की प्रार्थनाएं की एवं कुंवारी लड़कियां अपने लिए भगवान शिव से अच्छे वर के लिए प्रार्थनाएं की।

# विकास प्रभाकर को बनाया गया युवा मोर्चा का जिला महामंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ व युवा कार्यकर्ता विकास कुमार प्रभाकर को युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बनाया गया है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत शंकर ने एक पत्र जारी कर विकास प्रभाकर को जिला महामंत्री बनाए जाने की घोषणा की है। विकास प्रभाकर को युवा मोर्चा का जिला महामंत्री बनाए जाने पर पार्टी नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है और कहा है कि विकास प्रभाकर अपने पद का दायित्व संचालन व खूबी निभाएंगे । इधर, विकास प्रभाकर ने कहा है कि युवा



मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने जिस तरह से मुझे महामंत्री का पद सौंपा है, मैं उनका आभार व्यक्त करते हुए यह वादा करता हूं कि उनके उम्मीद पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# मनोज बनाये गए जदयू के नगर अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 4 अगस्त 2025 को जनता दल (यूनाइटेड) कार्यालय कर्पूरी सभागार नवादा में मनोज कुमार सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा लगातार 20 वर्षो से किए गए कार्यों एवं 1200000 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं 38 लाख रोजगार, वृद्धिजन ,दिव्यांगजन एवं विधवा महिलाओं को पेंशन राशि 400 से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह, घरेलू बिजली उपभोक्ता को 125 यूनिट फ्री बिजली किये हैं एवं 2025 से 2030 के 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी एवं रोजगार देने के लिए संकल्प लिये है। मुख्यमंत्री ने शहरों के विकास के लिए मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना से विकास किया जा रहा है। सुशासन स्थापित हुआ है। व्यवसाय करने में काफी सहूलियत मुख्यमंत्री जी के शासनकाल में मिला है। मुख्यमंत्री के विकास कार्यों से प्रभावित होकर नगर अध्यक्ष नवादा के लिए मनोनयन किया गया। जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए गर्म जोशी के साथ माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर नगर अध्यक्ष पद के लिए मनोज कुमार सिंह को मनोनयन पत्र दिया। पार्टी जिला अध्यक्ष विद्यार्थी ने कहा कि मनोज कुमार सिंह काफी अनुभवी, कर्मठ एवं जुझारू कार्यकर्ता हैं। इनको नगर अध्यक्ष नवादा पद पर मनोनयन होने से नवादा नगर में पार्टी काफी मजबूत होगा । मुख्यमंत्री के द्वारा किए गए विकास कार्यों को घर-घर पहुंचने में काफी सहूलियत मिलेगा । आने वाले विधानसभा चुनाव 2025 में पार्टी के द्वारा जो भी प्रत्याशी के रूप में आएंगे। उनको अपार जन समर्थन देकर जिता कर भेजने का काम करेंगे। मनोनयन के अवसर पर पार्टी के जिला संगठन प्रभारी अरुण कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता जयशंकर चंद्रवंशी, पूर्व जिला अध्यक्ष ललन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, रोह प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार, निजाम खान उर्फ कल्लू, हसुआ विधानसभा प्रभारी बैजनाथ शर्मा, नवादा विधानसभा प्रभारी महमूद बखो, डॉ रियाज खान दीपक कुमार मुन्ना, प्रिया रंजन, जयराम प्रसाद कुशवाहा, मोहम्मद सदीक अख्तर, अजय राय, रणविजय कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, शोभा कुमारी, प्रदीप कुमार यादव, नवलेश राकेश, विपिन चौधरी, उपस्थित हुए।

# तीन घरों में घुस अज्ञात चोरों ने उड़ाई लाखों की संपत्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** कौआकोल में इन दिनों लगातार घट रही चोरी की घटनाओं ने लोगों की रातों का नींद हराम कर रखा है। बीते शुक्रवार की रात्रि जहां अज्ञात चोरों ने बरौन गांव में दो बन्द घरों का ताला तोड़कर लाखों की संपत्ति चोरी कर लिया। वहीं रविवार की रात्रि एक बार फिर से अज्ञात चोरों ने थाना क्षेत्र के खड़सारी पंचायत अंतर्गत करमाटांड़ गांव में शिक्षक रहे स्व0 यमुना दास के घर सहित तीन घरों में घुसकर लाखों रुपये के सोना-चांदी के आभूषण सहित नकदी की चोरी कर लिया। इस सम्बंध में पीड़ित शिक्षक स्वर्गीय यमुना दास की पत्नी सावित्री देवी ने कौआकोल थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। थाना में दिए गए आवेदन में पीड़ित महिला का आरोप है कि अज्ञात चोरों ने उनके घर सहित पुनिया देवी एवं महेश राम के घर से नकदी समेत आभूषणों की चोरी कर लिया। कौआकोल में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से इलाके में दहशत हो रहा है। बता दें कि बीते 17 जुलाई की रात में बड़राजी बाजार में भी एक आभूषण दुकान का ताला काटकर चोरों ने लाखों के आभूषण व नकदी उड़ा ले गए। बावजूद चोर अभी तक पुलिस के गिरफ्त से बाहर है।

# आचार्य बाल कृष्ण के जन्मदिन को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 4 अगस्त का दिन आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह दिन पतंजलि के लिए गौरव का दिन है। हमारे आधुनिक युग के धनवंतरी आचार्य बालकृष्ण आयुर्वेद के ज्ञाता और जड़ी बूटी के रहस्य को उजागर कर इस आधुनिक युग में लोगों के लिए सरल चिकित्सा का आधार दिया। इस अवसर पर नवादा जिले के प्रजातंत्र द्वार पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जड़ी बूटी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति के प्रभारी जितेंद्र स्वाभिमानी पतंजलि भारत स्वाभिमान के जिला सहकारी जितेंद्र प्रताप जीतू एवं नगर परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश विश्वकर्मा पतंजलि युवा भारत के राज्य कार्यकारी सदस्य शंभू शंकर कुमार संगठन महामंत्री रणधीर कुमार एवं योग प्रशिक्षक एवं जिला कार्यकारिणी सदस्य सत्येंद्र प्रसाद अशोक प्रसाद पूर्व जिला महिला योग समिति अध्यक्ष बीना जी इस अवसर पर उपस्थित होकर लोगों को जड़ी बूटी बाट कर भारतीय चिकित्सा के बारे में विशेष रूप से लोगों को प्रेरणा देने का कार्य किया इसी अवसर पर जितेंद्र प्रताप उर्फ जीतू जी ने लोगों को विशेष रूप से जड़ी बूटी के महत्व को लोगों को समझाया और हानि रहित चिकित्सा के लिए लोगों को प्रेरित किया नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश विश्वकर्मा ने विशेष रूप से जड़ी बूटी के बारे में बताते हुए लोगों को अपने घरों के छत पर लगाने के लिए प्रेरित किया और सामान्य बीमारियों के लिए इसके उपयोग करने के लिए प्रेरणा दिया जितेंद्र स्वाभिमानी सभी जड़ी बूटी को रहस्य लोगों को बताया और उपयोग करने के तरीके को विशेष रूप से उन्होंने जानकारी दी इस अवसर पर पतंजलि परिवार के योग साधक रामनरेश पंडित प्रमोद साहू शिववालक प्रसाद देवनारायण प्रसाद कैलाश पांडे आदि लोगों ने अपने घरों से जड़ी बूटी लाकर वितरित करने में विशेष योगदान दिया एलोवेरा गिलोय तुलसी जटामांसी नागदोन आदि जड़ी बूटी का वितरण किया गया।

# सांप काटने से व्यक्ति की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के मीरा बिगहा गांव में सांप के काटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए मृतक के भाई नंदलाल यादव ने बताया कि उनके भाई दिलीप यादव खाना पीना खाकर अपने घर में सो रहे थे। इसी बीच अचानक उन्हें सांप ने काट लिया, उन्होंने बताया कि जब उनकी तबीयत बिगड़ी तो लोगों ने घर में तलाश किया तो घर मे ही सांप दिखा, जिसके बाद घर वालो ने सांप को पकड़ लिया इसके बाद आनन फानन में घर वालों ने इन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उनकी बिगड़ती तबीयत को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं पटना जाने के दौरान रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

# सावन की अंतिम सोमवारी को विभिन्न शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** पवित्र सावन मास की अंतिम सोमवारी पर सोमवार को प्रखण्ड भर के सभी शिवालयों में शिवभक्तों की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों में शिवभक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। खासकर महिलाओं में पूजा-अर्चना को लेकर काफी उत्साह देखा गया। प्रखण्ड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्र के शिवालयों में दिनों भर शिवभक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने शिवालय पहुंचकर भगवान भोलेशंकर पर फल, फूल, नैवेद्य, भांग, धथुरा, बेलपत्र आदि चढ़ाकर पूजा-अर्चना किया। इसके साथ ही शिवलिंग पर जलाभिषेक कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की। पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। पूरा शहर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। शहर से लेकर गांव तक लोग शिव की भक्ति में लीन दिखे। प्रखण्ड के ब्लॉक परिसर मन्दिर, शिव पर्वत मन्दिर रानीबाजार, एकदण्ड महादेव सोखोदेवरा, बम्बेश्वर नाथ मंदिर, महादेव मठ भोरमबाग आदि प्रमुख शिवालयों पर भगवान भोलेनाथ पर जलाभिषेक के लिए शिव भक्तों की कतार लगी रही।

# छात्राओं के बीच मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** महावीर सेवा मंडल ट्रस्ट बिहारशरीफ के द्वारा पावन मास सावन में पावापुरी स्थित जी आई पी स्कूल के आवासीय छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में 40 छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने एक से बढ़ कर एक उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन अपने हाथों में मेहंदी लगाकर किया। इन छात्राओं में प्रथम पुरस्कार सृष्टि कुमारी, द्वितीय पुरस्कार दिव्या तथा स्वीटी, तृतीय पुरस्कार सोनम एवं पल्लवी को आकर्षक मोमेंटो (कप) प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों को एक एक स्कूल बैग सांत्वना पुरस्कार के रूप में दिया गया। उक्त अवसर पर ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अवधेश प्रसाद व संयोजक मंजू प्रसाद ने बच्चों (छात्राओं) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखकर अपनी बातों से उनका उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश, सचिव मंजू प्रकाश, कोषाध्यक्ष अजय कुमार, वंदना वर्मा, शिवानी कुमारी, सुमन भारती, बृजबाला तथा स्कूल निदेशक विनय कुमार, विपिन कुमार की गरिमामय उपस्थिति रही।

## कांवरियों ने कल्याणेश्वरी शिव मंदिर में किया जलाभिषेक

**बिहारशरीफ।** परवलपुर प्रखंड के लिए यह एतिहासिक पल रहा कि थाना परिसर में बने नव निर्मित कल्याणनेश्वरी शिव मंदिर में जलाभिषेक किया। सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष बच्चे एवं बच्चियां फतुहां के त्रिवेणी घाट से जल भराई कर लगभग तेतीस किलोमीटर की दूरी पैदल चलकर सोमवार की सुबह थाना परिसर स्थित कल्याणनेश्वरी शिव मंदिर एवं मंगलस्थान स्थित शिव मंदिर में संयुक्त रूप से गाजे बाजे के साथ जल अभिषेक किया गया। इसके बाद सभी शिव भक्तों के बीच चाय शरबत एवं प्रसाद वितरण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के आयोजक मनीष कोबरा ने बताया कि परवलपुर से रविवार के शाम को दर्जनों वाहन द्वारा जल भरी के लिए फतुहां के त्रिवेणी घाट ले लिए प्रस्थान किया गया। जहां से अर्ध रात्रि में हीं जल भरकर पैदल परबलपुर के लिए रवाना हुआ।

# कीचड़ में सना विकास, बरीठ गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के कतरीसराय प्रखंड अंतर्गत बरीठ पंचायत के वार्ड संख्या 11 में सड़क व नाली की भयावह स्थिति सरकार के कागजी विकास की पोल खोल रही है। आजादी के दशकों बाद भी यहां की गलियां कच्ची हैं, कीचड़ में लोग आने-जाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जनप्रतिनिधि व अधिकारी सिर्फ आश्वासन देकर टाल देते हैं। करीब तीन हजार की आबादी वाले इस दलित-महादलित व पिछड़ा बहुल गांव में अधिकांश गलियां व नालियां जर्जर हैं। स्थानीय ग्रामीण रंजीत कुमार, बिहारी महतो, अजय कुमार आदि का कहना है कि बड़े-बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर पर फोकस किया जा रहा है, लेकिन जमीनी जरूरतें अनदेखी रह गई हैं। मुखिया नीतू कुमारी ने बताया कि वे इस समस्या से अवगत हैं और जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों की मांग है कि पक्की गली और नाली का निर्माण शीघ्र कराया जाए।

## युवक को मारी गोली, रेफर

**बिहारशरीफ।** रहुई थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव के खंधा में बच्चों के आपसी विवाद को सुलझाने गए एक युवक को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। गोली युवक के जबड़े में लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बिंद थाना क्षेत्र के मसियाडीह गांव निवासी स्व. प्यारे पासवान के पुत्र अजय पासवान है। परिजनों ने बताया कि गांव में बच्चों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। सूचना मिलते ही अजय मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान विवाद में शामिल एक पक्ष के लोगों ने अचानक राइफल से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी में अजय के जबड़े में गोली लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से अजय को आनन-फानन में बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है।

# दिशोम गुरु की कमी हमेशा खलेगी : संक्रामो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सम्पूर्ण क्रान्ति मोर्चा ने दिशोम गुरू के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ बुद्धसेन ने कहा कि शिबु सोरेन का निधन हम सभी के लिए अपूर्णीय क्षति है। इससे न केवल मेरा व्यक्तिगत, बल्कि झारखंड और देश के आदिवासी आन्दोलन को जो क्षति हुई है, उसे पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने हमेशा अल्पसंख्यकों, गरीबों, शोषितों, आदिवासियों और वंचितों के हक के लिए लड़ाई लड़ी। झारखंड आन्दोलन के प्रणेता तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने




अपनी एक अलग छवि बनायी. यह छवि न केवल झारखंड, बल्कि देश के आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, शोषितों, वंचितों और गरीबों के बीच उन्हें भगवान के रूप में प्रतिष्ठापित किया। अलग राज्य के रूप में झारखंड उन्हीं के प्रयास से अस्तित्व में आया। उनके नहीं रहने की कमी हमेशा खलेगी।

# फल्गु नदी को सोन से जोड़ने की तैयारी, गया को जलसंकट से मिलेगी राहत : जीतन राम मांझी

## मगध इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फेयर का उद्घाटन, एमएसएमई को बताया आत्मनिर्भर भारत की रीढ़

**जितेंद्र कुमार सिंह / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने सोमवार को गया के गांधी मैदान में आयोजित मगध इंटरनेशनल ग्रैंड ट्रेड फ़ेयर का उद्घाटन करते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा कि अंतः सलिला फल्गु नदी को जीवनदायिनी सोन नदी से जोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि गया और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही जलसंकट की समस्या का स्थायी समाधान किया जा सके। मांझी ने कहा कि यह योजना सिर्फ पर्यावरणीय सुधार ही नहीं, बल्कि धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से भी गया के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने व्यापार, पर्यावरण और रोजगार जैसे समकालीन मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिर्फ नौकरी नहीं, व्यापार ही है रोजगार सृजन का सबसे व्यावहारिक विकल्प और एमएसएमई क्षेत्र इसमें देश की रीढ़ की हड्डी साबित हो रहा है। मांझी ने प्रधानमंत्री द्वारा संचालित विश्वकर्मा योजना की सराहना करते हुए गया और पटना में कला ग्राम तथा इंडस्ट्रियल हब के निर्माण की योजनाओं का भी उल्लेख किया। अपने संबोधन में श्री मांझी ने कहा कि आज के दौर में सिर्फ नौकरी की ओर देखना काफी नहीं है, रोजगार सृजन की दिशा में ठोस पहल करनी होगी। उन्होंने व्यापार और उद्योग को आम जनता के लिए एक मजबूत विकल्प बताते हुए कहा कि एमएसएमई इस दिशा में देश को आगे ले जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा भूख की पीड़ा से ही समाज में असुरक्षा और अपराध पनपते हैं, इसलिए रोजगार सृजन आवश्यक है। मंत्री ने बताया कि वाराणसी के मॉडल पर गया में कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल हब का निर्माण भी प्रस्तावित है जिससे स्थानीय शिल्प और व्यापार को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल सकेगी। उन्होंने जानकारी दी कि एमएसएमई योजना के तहत बनाए जा रहे उत्पाद अब विदेशों में भी निर्यात किए जा रहे हैं। उन्होंने 'विश्वकर्मा योजना' की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश के पारंपरिक कारीगरों और शिल्पियों को नई पहचान मिली है। 1 से 15 अगस्त तक चलने वाले इस मेले में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए उद्यमियों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए हैं जहां हथकरघा, हस्तशिल्प, जैविक उत्पाद, परिधान, फर्नीचर, और तकनीकी उत्पादों की व्यापक प्रदर्शनी की गई है। इस मौके पर बड़ी संख्या में उद्यमी, स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं और उद्योग से जुड़े लोग उपस्थित थे।

# दैनिक जनता दरबार में जिलाधिकारी ने आवेदकों की समस्याओं को सुना

## समस्या निदान हेतु पदाधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर के द्वारा दैनिक जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें आए सभी आमजनों की समस्या को सुना गया एवं संबंधित विभाग के अधिकारी को इसके तत्काल निवारण हेतु जरुरी दिशा निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि 'जनता दरबार आम जनता की सरकार तक सीधी पहुंच है, इसका उद्देश्य जनसमस्याओं का संवेदनशील, पारदर्शी और त्वरित समाधान है।' जनता दरबार में आवेदन को द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु अनुरोध किया गया जिसपर जिलाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी को जनता दरबार में सुनवाई कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में अवैध कब्जा जमाबंदी इत्यादि से संबंधित आवेदकों के आवेदन का निष्पादन हेतु संबंधित अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया। कई आवदेकों द्वारा अधिग्रहण भूमि का मुआवजा के संबंध में आवेदन दिया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला भू अर्जन पदाधिकारी को मामले की जांच करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार मुआवजे राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। आवेदक ने बताया कि बिजली बिल में बिजली खपत के एवज में ज्यादा बिजली बिल आने संबंधित आवेदन दिया है, डीएम ने बिजली विभाग को जांच करवाने का निर्देश दिए हैं। आवेदक ने बताया कि जेठीयन पइन का जीर्णोद्धार लघु सिंचाई विभाग द्वारा किया जा रहा है, उक्त स्थान पर एक आरसीसी पुलिया की आवश्यकता को बताया गया, डीएम ने लघु सिंचाई विभाग के अभियंता को स्पॉट जांच करते हुए प्रतिवेदन उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया है।

# मगध विश्वविद्यालय और हॉफान विश्वविद्यालय कर रहे संयुक्त सम्मेलन

## 'मगध साम्राज्य और बौद्ध धर्म' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक विमर्श

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया और हॉफान विश्वविद्यालय, ताइवान के संयुक्त तत्वावधान में 5 अगस्त 2025 को 'मगध साम्राज्य और बौद्ध धर्म' विषय पर एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह महत्वपूर्ण आयोजन मगध की ऐतिहासिक विरासत और बौद्ध परंपरा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। सम्मेलन का उद्घाटन समारोह प्रातः 10:30 बजे मगध विश्वविद्यालय परिसर स्थित राधाकृष्णन सभागार, शिक्षा विभाग में आयोजित होगा। आयोजन सचिव डॉ. सुशील कुमार सिंह स्वागत भाषण देंगे। इसके पश्चात प्रो. पोची हुआंग (हुाफन विश्वविद्यालय, ताइवान), कुलसचिव डॉ. बिनोद कुमार मंगलम और कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही, जो इस सम्मेलन के अध्यक्ष भी हैं, सभा को संबोधित करेंगे। सम्मेलन में तीन शैक्षणिक सत्र निर्धारित किए गए हैं – पहला सत्र सुबह 11:00 से 12:00 बजे, दूसरा सत्र दोपहर 1:30 से 3:00 बजे तथा तीसरा सत्र 3:30 से 4:45 बजे तक चलेगा। इन सत्रों में देश-विदेश के विद्वान मगध साम्राज्य की ऐतिहासिक महत्ता, बौद्ध धर्म के प्रसार और सांस्कृतिक प्रभावों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सम्मेलन का समापन समारोह शाम 4:45 बजे से 5:00 बजे तक होगा। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही हैं जबकि प्रो. बी.आर.के. सिन्हा (प्रति कुलपति) और डॉ. बिनोद कुमार मंगलम (कुलसचिव) सह-आयोजक के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। आयोजन का समन्वय प्रो. आर.एस. जमुआर, डीन, समाज विज्ञान संकाय एवं अध्यक्ष, बौद्ध अध्ययन विभाग, मगध विश्वविद्यालय द्वारा किया जा रहा है। यह सम्मेलन मगध की सांस्कृतिक गरिमा को विश्व पटल पर स्थापित करने तथा अकादमिक जगत में बौद्ध धर्म की प्रासंगिकता को नए संदर्भों में प्रस्तुत करने का एक सशक्त मंच सिद्ध होगा।

# कोंचेश्वर महादेव महोत्सव का पर्यटन मंत्री ने किया उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** गया जिले के कोंच प्रखंड में सोमवार शाम कोंचेश्वर महादेव महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंत्री प्रेम कुमार, संतोष सुमन और स्थानीय विधायक डॉ. अनिल कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी शानदार प्रस्तुति हुई जिसमें लोकगायिका अनुपमा यादव ने अपने गीतों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में स्थानीय जनता की भारी भीड़ उमड़ी और श्रद्धालुओं ने कोंचेश्वर महादेव के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर मंत्रीगणों ने क्षेत्रीय विकास और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की बात कही और कोंच को धार्मिक मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने का भरोसा दिलाया। उक्त मौके पर प्रखंड प्रमुख मणि देवी, बीस सूत्री उपाध्यक्ष जमीलू रहमान, मुखिया दिलीप कुमार, संजय यादव, पूजा कुमारी के अलावा बीडीओ बिपुल भारद्वाज, अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार रमन सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### तालाब में डूबने से 10 वर्षीय बच्ची की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड अंतर्गत श्रीगांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 10 वर्षीय उजाला कुमारी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वह श्रीगांव निवासी जितु कुमार की पुत्री थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार उजाला कुमारी सुबह करीब 9 बजे गांव के मंदिर के पास स्थित तालाब में स्नान करने गई थी। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी जब लोगों की नजर पड़ी तो उसे तुरंत बाहर निकाला गया और इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। उप मुखिया लालू यादव ने कहा कि इस घटना से गांव में शोक की लहर फैल गई। उजाला की असमय मृत्यु से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### ग्राम कचहरी सचिव, न्याय मित्र हताश, नहीं बढ़ा मानदेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** सरकार द्वारा ग्राम कचहरी के सचिवों एवं न्याय मित्रों का मानदेय नहीं बढ़ाये जाने से दोनों पदधारक हताश हैं। गौरतलब है कि वर्षों से सचिव छह हजार रुपए एवं न्याय मित्र सात हजार रूपए मासिक मानदेय पर काम कर रहे हैं। मानदेय बढ़ाने के लिए कई बार धरना, प्रदर्शन एवं सरकार से वार्ता किया गया। सचिव उमेश यादव ने बताया कि पिछले वर्ष ग्राम कचहरी सचिवों द्वारा महीनों पटना के गर्दनीबाग धरनास्थल पर धरना दिया गया था। इस संबंध में सचिव माधुरी कुमारी, न्याय मित्र शोभा पाठक, जर्मन पासवान, शाहिन रजा, सुधीर सिन्हा, ममता अग्रवाल, साधु दास, किशोरी सिंह, उपेंद्र प्रसाद सहित दर्जनों ने बताया कि सरकार द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य विभागों के कर्मियों के मानदेय में वृद्धि की गई है। अतः हमलोगों के मानदेय में भी कम से कम तीन गुणा की वृद्धि करने की घोषणा अविलम्ब किया जाए। इसके लिए पक्ष एवं विपक्ष के कई विधायकों द्वारा सरकार को पत्र भी प्रेषित किया गया है। ज्ञात हो कि सरकार द्वारा वर्ष 2006-7 से ही विधि स्नातकों की सेवा न्याय मित्र के रूप में ली जा रही है।

### रोगी कल्याण समिति सदस्यों का मनोनयन राजनीति से प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** राजद नेता मंटु कुमार यादव ने हाल ही में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति में मनोनीत किए गए छह सदस्यों के मनोनयन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करते हुए कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा पूर्व के रोगी कल्याण समिति को भंग कर एनडीए के स्थानीय कार्यकर्ता को सदस्य बना दिया गया है। इस समिति में अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। सरकार का यह रवैया उचित नहीं है। रोगी किसी जाति, समुदाय के नहीं होते हैं। सरकार को चाहिए था कि स्थानीय स्तर पर बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को इसमें प्रतिनिधित्व देती है। ये लोग एनडीए के कार्यकर्ता सिर्फ अस्पताल को जाति-पाती और राजनीतिक का अड्डा बना देंगे।

### हल्की बारिश में ही पर्यटन विभाग की तैयारी की पोल खुली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंचेश्वर महादेव महोत्सव को बेहतर बनाने के लिए एक सप्ताह से कार्यक्रम स्थल पर पदाधिकारियों की निगरानी में टेंट से लेकर हर प्रकार की व्यवस्था किए जाने का दावा किया जा रहा था, लेकिन सोमवार को कार्यक्रम शुरू होते ही हल्कि बारिश आ गयी जिसमें पूरा वाटरप्रूफ टेंट से पानी गिरने लगा जिसके कारण कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रहा कि बरसात थम गयी और कार्यक्रम निर्विरोध चलता रहा। वहीं टेंट में सिर्फ वीआईपी गैलरी में ही पंखे के व्यवस्था देखा गया।

# कार्यपालक अभियंता बुडको को योजनाओं का टेंडर वर्क ऑर्डर्स निर्गत करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बिहार सरकार सह गया जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. सुनील कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में राजस्व विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पथ निर्माण विभाग, सिचाई विभाग एवं सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों के साथ अपने अपने विभाग में जनसरोकार से जुड़ी एवं संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की गई। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने प्रभारी मंत्री का स्वागत करते हुए विभागवार योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024 25 में 106 योजनाए एवं 2025-26 में 78 योजनाए का चयन सभी विधायकगण की अनुशंसा पर लिया गया है। उन्होंने कार्यपालक अभियंता बुडको को निर्देश दिया है कि सभी योजनाओं का टेंडर 10 दिनों में फाइनल करते हुए वर्क ऑर्डर्स निर्गत करे साथ ही निर्देश दिया है हर हाल में अगस्त अंतिम तक संबंधित क्षेत्र में अपने-अपने क्षेत्र के माननीय विधायक गण के माध्यम से शिलान्यास भी करवाना सुनिश्चित करें ताकि तेजी से काम प्रारंभ हो सके। नगर आयुक्त गया नगर निगम ने बताया कि गया शहरी क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति योजना के तहत लगभग 90 हजार से ऊपर घरों में गंगाजल के माध्यम से जलापूर्ति दी जा रही है। इसके अलावा कुछ नए बसावट वाले क्षेत्रों में गंगाजल पानी पहुंचाने हेतु फ़ेज -2 के तहत लगभग 30 हजार घरों को चिन्हित किया गया है, उन घरों तक भी नई पाइपलाइन बिछाने के पश्चात पानी पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने कहा की प्रगति यात्रा के दौरान जिले में बड़ी संख्या में योजनाओं का घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी, उन योजनाओं में तेजी से कार्य प्रारंभ करवाये ताकि तय समय मे कार्य पूर्ण हो सके। साथ ही निर्देश दिया है कि पूरी गुणवत्तापूर्ण कार्य हो, इसे सुनिश्चित करवाये।

# गया जिले में 5 लाख 70 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को मिलेगी 125 यूनिट निशुल्क बिजली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग एवं सभी कार्यपालक अभियंता बिजली विभाग के साथ बैठक कर राज्य सरकार द्वारा सभी घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली मुफ्त करने की घोषणा पर गया जिले के घरेलू उपभोक्ताओं को दिए जाने वाले लाभ के संबंध में जानकारी ली गई। अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग ने बताया कि गया जिले में 5 लाख 70 हजार से ऊपर घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक अनुदान एवं 01 लाख 70 हजार घरेलू उपभोक्ताओं पूर्ण अनुदान पर निशुल्क बिजली मिलगी अर्थात वैसे उपभोक्ता जो मासिक खपत 125 यूनिट से कम करते हैं, उन्हें जीरो यूनिट खपत का बिल जाएगा, कोई पैसा नही लगेंगे, पूरा अनुदान के रूप में जायेगा। मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट बिजली देने की राज्य सरकार ने घोषणा की है। बिजली विभाग आमलोगों को निशुल्क बिल को लेकर जागरूक लागतार कर रही है। ऐसे में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में जगह-जगह पर शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है। घर घर जाकर जीरो यूनिट खपत की पंपलेट एवं रसीद भी देने का कार्य किया जा रहा है। शिविर में उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली को लेकर जानकारी दिया जा रहा है। घरेलू उपभोक्ताओं को प्रतिमाह 125 यूनिट तक पूर्ण अनुदान पर एक अगस्त से निशुल्क बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें ऊर्जा शुल्क, फिक्सड चार्ज और बिजली शुल्क तीनों शामिल है। पहले 125 यूनिट बिजली पूरी तरह निशुल्क होगी। 125 यूनिट के बाद अगर अधिक खपत उपभोक्ता करते है। पूर्ण से लागू अनुदान दर से बिल बनेगा। साथ ही 125 के बाद अगर 130 यूनिट बिजली का खपत करते है तो मात्र पांच यूनिट का बिजली शुल्क लिया जाएगा। मासिक खपत यूनिट की गणना 30 दिनों के आधार पर हो रही है। अगर किसी उपभोक्ता का पिछले विपत्र में वर्तमान विपत्र की अवधि 40 दिनों की है एवं उनका खपत 40 दिनों में दो सौ यूनिट होता है तो अनुपात के आधार पर (125गुणे 40) 30 उनको वर्तमान विपत्र में 167 यूनिट पर कोई शुल्क देय नही होगा। शेष 33 यूनिट खपत की गणना क्रम संख्या दो के अनुसार की जाएगी। अगर किसी उपभोक्ता का पिछले विपत्र में वर्तमान विपत्र की अवधि 25 दिनों की है ऐसे उनका खपत 25 दिनों में 125 यूनिट होता है तो अनुपात के आधार पर (125ङ्घ 25) 30 उनका वर्तमान विपत्र में 104 यूनिट पर कोई शुल्क देय नहीं होगा। शेष 21 यूनिट खपत की गणना में क्रम संख्या दो के अनुसार की जाएगी। 125 यूनिट के बाद भी राज्य सरकार की मौजूदा बिजली अनुदान योजना लागू रहेगी। जुलाई 2025 के पहले की बकाया राशि उपभोक्ता द्वारा देय होगी। पूर्व से ही विद्युत विपत्र पर राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तरह अनुदान दिया जा रहा है। विस्तारिक योजना 125 यूनिट प्रतिमाह खपत तक निशुल्क बिजली के पात्र सभी घरेलू उपभोक्ता होंगे। साथ ही उपभोक्ताओं को अगले तीन वर्षो में 1.1 किलोवाट सौर संयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# गांधी मैदान में आकांक्षा हाट सह संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी एवं जिले के डीएम शशांक शुभंकर के द्वारा की गई।पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया गया कि नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत विगत वर्ष जुलाई 24 से सितंबर 24 तक चलाए गए संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारी कर्मियों जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करने का फैसला लिया था इसके उपलक्ष्य में जिला प्रशासन गया द्वारा आकांक्षी प्रखंड में चयनित प्रखंड वजीरगंज, कोच, फतेहपुर, इमामगंज के पदाधिकारी एवं कर्मियों, जनप्रतिनिधियों को रविवार को सम्मान समारोह में सम्मानित किया जा रहा है एवं जिला स्तर पर शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदान हेतु सिविल सर्जन, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जीविका, पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि आदि को सम्मानित किया गया। इस दौरान आकांक्षा हाट में आए हुए स्थानीय उद्यमी को प्रोत्साहित करने के लिए 28 तारीख से 2 अगस्त तक स्टॉल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए उनको मंच प्रदान किया गया है ताकि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिल सके। इस दौरान आकांक्षा हाट में विभिन्न स्टालों के माध्यम से लगभग साढे तीन लाख रुपए की बिक्री भी हुई है आकांक्षा हॉट के दौरान लगभग 3500 लोगों ने आकर कार्यक्रम को देखा समझा और फीडबैक वॉल पर अपना फीडबैक भी दिया। धन्यवाद ज्ञापन उप विकास आयुक्त नवीन कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया जिन्होंने इस महत्त्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में लगे सभी अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों, जीविका के कर्मियों नीति आयोग के कार्यों में सहयोग करने वाली संस्था पिरामल फाउंडेशन, बचपन बचाओ, आदि के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला योजना पदाधिकारी अभय कुमार सिंह की अहम भूमिका रही।

# विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित करे सरकार : कांग्रेस




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला को अंतराष्ट्रीय मेला घोषित कराने हेतु कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांग को दोहराया। मांग करने वाले नेताओं में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो. विजय कुमार मिट्ठू, नारायण मर्मज्ञ दीपू लाल भैया, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संतोषी पंडा, दामोदर गोस्वामी, बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, टिंकू गिरी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, शिव कुमार चौरसिया, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, प्रदीप शर्मा, राजीव सिंह, सकलदेव चंद्रवंशी आदि ने कहा कि अति प्राचीन, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला मोक्ष नगरी गयाजी में प्रति वर्ष लगने वाला पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से हिन्दू धर्मावलंबियों का लाखों-लाख की संख्या में यहां पिंडदान करने आते हैं जिस मेला को राजकीय की जगह अंतर्राष्ट्रीय मेला घोषित करना नितांत आवश्यक है जिससे यहां आने-जाने वाले तीर्थयात्रियों को सभी प्रकार की सुविधाएं मिल सके।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यें के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदको "टू पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है। 1. बिड संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-04-OPEN-2025-26 दिनांक 01.08.2025. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : आरडीएसओ विनिर्देश आरडीएसओ/एसपीएन/टीसी/106/2025, संस्करण 3.1 के अनुसार कोचों में आईपी आधारित विडियो निगरानी प्रणाली (वीएसएस) की आपूर्ति, स्थापना परीक्षण और कमीशिनंग। कार्य समापन अवधि – 6 महीने। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹14,21,00,000.00 (चौदह करोड़ इक्कीस लाख रूपये) मात्र। 4. बयाना राशि : ₹8,60,500.00 (आठ लाख साठ हजार पांच सौ रूपये) मात्र। 5. ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 22.08.2025 को 17:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 23.08.2025 को 12:30 बजे। 6. वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0720/डीएचएन/ईएनएचएम/टी/25–26/36



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विधुत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है। निविदा संख्या एवं तिथि : ई.एल.–टी.आर.डी–ई.टी.–11–2025–26.
1. कार्य का नाम तथा स्थान : "नरकटियागंज में वाशिंग पिट के साथ कोचिंग कॉम्प्लेक्स का प्रावधान" से संबंधित ओएचई संशोधन कार्य। 2. समापण अवधि : 01 वर्ष। 3. कार्य की अनुमानित लागत : ₹2,49,60,686.93, 4. बयाने की राशि : ₹2,74,800.00, 5. निविदा बंद होने की तारीख तथा समय : ई–निविदा बंद होने की तारिख 25.08.2025 को समय 12:00 बजे। 6. वेबसाईट का विवरण जहॉं से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : http://www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक (वि.–क.वि.)/कार्यालय/समस्तीपुर।
नोट : उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संषोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि./
पूमरे/समस्तीपुर

पीआर/0717/एसपीजे/टीआरडी/टी/25–26/40

संपादकीय

# बुनियादी शिक्षा में हैं चौंकाने वाली खामियां

भारत में शिक्षा का परिदृश्य चाहे शालेय हो, उच्च शिक्षा हो, तकनीकी शिक्षा हो, मेडिकल और नर्सिंग हो या इंजीनियरिंग की शाखाएं सबकी हालत बहुत खराब है. इससे उन सभी भारतीयों की नींद उड़ जानी चाहिए जो विश्वस्तरीय संस्थानों की बातें करते हैं और हार्वर्ड की शिक्षा प्रणाली को शरारती व राजनीतिक जुमलों से बदनाम कर रहे हैं. शालेय छात्रों की पढ़ने और लिखने की क्षमता के बारे में शिक्षा मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट ने जो सवालिया निशान लगाया है, उससे राजनीति और शिक्षा क्षेत्र के अधिकारियों को शर्मसार होना चाहिए. 'परख' राष्ट्रीय सर्वेक्षण, जिसे पहले राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस) कहा जाता था, ने स्कूली बच्चों की बुनियादी स्तर पर अक्षमता के बारे में आंकड़े जारी किए हैं, जो हमारी शिक्षण पद्धति में भारी खामियों को उजागर करते हैं क्योंकि छात्र लगभग शुरुआती कक्षाओं में ही असफल हो रहे हैं. कक्षा छह के लगभग 54 प्रतिशत छात्र पूर्ण संख्याओं की तुलना करने या बड़ी संख्याएं (आंकड़े) पढ़ने में असमर्थ हैं. इस सर्वेक्षण के लिए देश के 781 जिलों के 74,229 विद्यालयों के 21.15 लाख से ज्यादा छात्रों के एक अपेक्षाकृत बड़े समूह का नमूने के रूप में इस्तेमाल किया गया. इस सर्वेक्षण में सरकारी और निजी दोनों विद्यालयों के कक्षा तीन, छह और नौ के छात्रों को शामिल किया गया, जिसके नतीजे चौंकाने वाले रहे. रिपोर्ट में कहा गया है कि छात्रों को 7 के गुणज, 3 की घात आदि पहचानने में दिक्कत हुई. पिछले दिसंबर में तीन कक्षाओं के गणित, भाषा और बुनियादी स्तर की दक्षताओं का परीक्षण किया गया था. गणित की तुलना में भाषा कौशल आसान था, फिर भी कक्षा छठवीं के 43 प्रतिशत विद्यार्थी अनुमान, भविष्यवाणी और कल्पना जैसी विभिन्न बोध रणनीतियों को लागू करने में असमर्थ थे. विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में, नौवीं के छात्र न्यूनतम योग्यता मानदंडों को पूरा करने में विफल रहे. लेकिन यह सिर्फ स्कूली छात्रों के साथ ही नहीं है. कॉलेज और निजी विश्वविद्यालय- जिन्हें कुछ लोग शिक्षा के मंदिर नहीं, बल्कि 'पैसा कमाने वाले संस्थान' कहना पसंद करते हैं- कुछ सम्मानजनक अपवादों को छोड़कर-- गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं दे रहे हैं. निजी संस्थान महंगी जमीनों और इमारतों में बड़े पैमाने पर निवेश करके छात्रों को मोटी फीस के जरिये निचोड़ रहे हैं, जिसका निर्धारण कथित तौर पर एक नियामक संस्था द्वारा किया जाता है, और बदले में वे समाज को जो देते हैं, वह निराशाजनक है. मुझे एक पुराने तकनीकी कॉलेज के लिए कुछ नौकरी हेतु साक्षात्कार देखने-सुनने का अवसर मिला और वहां अध्यापन के लिए अपनी सेवाएं देने वाले अभ्यर्थियों का निम्न स्तर देखकर मैं दंग रह गया. मध्य प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में एक बड़ा घोटाला अभी भी जारी है, जिसकी कई चौंकाने वाली जानकारियां उच्च न्यायालय की सुनवाई में सामने आई हैं. एक कमरे वाले कॉलेज डिग्रियां बांट रहे थे, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं हुई. हाल ही में सीबीआई द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मेडिकल प्रवेश की जांच की गई, जिसमें कॉलेजों में मेडिकल पाठ्यक्रम संचालित करने की लगभग शून्य सुविधाएं होने का खुलासा हुआ. सीखने के स्तर का आकलन करने और कमियों की पहचान करने के लिए 'परख' रिपोर्टिंग दो साल पहले शुरू की गई थी, लेकिन छात्रों और समग्र शिक्षण मानकों की आलोचनात्मक जांच करने के लिए इससे पहले किए गए 'असर' के इसी तरह के प्रयासों ने भी निराशाजनक परिणाम दिखाए थे. विभिन्न राज्य विज्ञापन पर भारी मात्रा में धनराशि खर्च करते हैं; कुछ राज्यों ने 'सीएम राइज' विद्यालय शुरू किए हैं, लेकिन सरकारी अधिकारियों का ध्यान आलीशान इमारतें बनाने पर है, न कि शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर. धर्मेंद्र प्रधान के मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट भारत सरकार और राज्यों के लिए, (यह विषय समवर्ती सूची में है) आंखें खोलने वाली है. जो मुख्यमंत्री अपने बुनियादी ढांचे के विकास की बड़ी-बड़ी बातें करते रहते हैं, जिससे राजनेताओं को बड़ी 'खुशी' मिलती है, उन्हें अपनी ऊर्जा संसाधनों के जरिये अच्छी गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रणाली बनाने पर केंद्रित करनी चाहिए.

# ट्रम्प के आरोपों के अंतरराष्ट्रीय मायने क्या हैं?

**जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी और तेजी से मजबूत होती जा रही समाजवादी अर्थव्यवस्था यानी भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनमी करार दिया है, तो एक भारतीय होने के नाते उनसे मेरा सीधा सवाल है कि आखिर उनकी अमेरिकी अर्थव्यवस्था क्या है- कैपिटलिस्ट इकॉनमी या टेररिस्ट इकॉनमी! मुझे पता है कि वो मेरे इस सवाल का जवाब नहीं देंगे, इसलिए आज उनकी डॉलर डिप्लोमेसी, मिलिट्री डिप्लोमेसी और घृणित कूटनीति को आईना दिखलाना अपना राष्ट्रधर्म/बुद्धिजीवी धर्म समझता हूं। वहीं, अमेरिका को यह भी स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि रूस के साथ भारत गर्त में नहीं, बल्कि उंस शिखर पर जाएगा जहां आज अमेरिका काबिज है!**

कमलेश पांडे

सच कहूं तो सात समुंदर पार बसा अमेरिका यदि अपनी फूट डालो और राज करो वाली क्षुद्र नीतियों और अभद्र स्वभाव/व्यवहार के बल पर एशिया-यूरोप के देशों पर शासन करना चाहता है तो अब उसके दिन लद गए हैं। उसे ब्रिटिश भूलों से सबक सीखने की दरकार है, क्योंकि कूचरा की पारी अंतिम बारी वाली भारतीय कहावत अब उस पर चरितार्थ होती दिखाई दे रही है। आज वह रूस, चीन, भारत, ईरान आदि सबकी आंखों पर चढ़ चुका है और उसका बचा-खुचा भ्रम बहुत जल्दी टूटने वाला है, जिसकी बौखलाहट उसके कदम दर कदम में दिखाई दे रही है। भारत के प्रति उसका जो विद्वेष भरा रवैया है, शायद वही उसकी ताबूत की अंतिम कील बन जाए। वह पाकिस्तान को भड़काकर भारत को कमजोर नहीं कर सकता, बल्कि भारत यदि अपने पर आ गया तो एशिया-यूरोप से उसके पांव उखड़ते देर नहीं लगेंगे। क्योंकि रूस-चीन-उत्तरकोरिया-ईरान-इराक़-सीरिया आदि उससे पहले से ही खार खाए बैठे हैं।

जहां तक भारत-अमेरिका सम्बन्धों की बात है तो यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत-अमेरिका सम्बन्ध एक अस्वाभाविक दोस्ती है, जिसमें छल-प्रपंच की बू आती है। जबकि भारत-रूस सम्बन्ध एक स्वाभाविक मित्रता है, जो वक्त की कसौटी पर शत-प्रतिशत खरा उतरा है। कभी अमेरिका और सोवियत संघ, और अब अमेरिका व चीन, अमेरिका एवं रूस के पारस्परिक वैश्विक महत्वाकांक्षा भरे रिश्तों में गुटनिरपेक्ष देश भारत की अहमियत प्रारंभ से यही रही है कि उसका झुकाव जिधर होगा, उसका पलड़ा सदैव भारी होगा। लेकिन जहां रूस ने भारतीय गुटनिरपेक्षता को बेझिझक स्वीकार किया, वहीं अमेरिका द्वारा भारत को अपने पाले में खींचने और फिर स्वभाववश दगाबाजी करने की जो हड़बड़ाहट दिखाई जा रही है, इस आशय की डील अविलंब करने का जो वैश्विक दबाव बनाया जा रहा है और इसी प्रक्रिया में अमेरिकी वयोवृद्ध राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ द्वारा जो घिनौनी बयानबाजी की जा रही है, उससे भारत का बाल भी बांका होने वाला नहीं है।



यदि अमेरिका-चीन को भ्रम है कि वे पाकिस्तान, बंगलादेश, श्रीलंका, मालदीव, नेपाल, म्यांमार आदि को उकसा कर भारत की तरक्की की राह में रोड़े अटकायेंगे, भारतीय उपमहाद्वीप में अशांति फैलाकर हथियारों की बिक्री बढ़ाएंगे तो यह उनका दिवास्वप्न है। अमेरिकी आतंकवाद और चीनी नक्सलवाद से या इस्लामिक चरमपंथ से जितनी क्षति पहुंचाई जा सकती थी, वह पहुंचाई जा चुकी है। लेकिन अब पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जो चुन चुन कर हिसाब लिए जा रहे हैं, उससे अमेरिका-चीन की बौखलाहट भी समझने लायक है। जबकि पाकिस्तान प्रेमी अरब-एशियाई देशों द्वारा भारत के इस्लामीकरण की कोशिशें भी दम तोड़ चुकी हैं। ऐसे में जब भारत ऑपरेशन सिंदूर की तरह अगला पलटवार करेगा तो अमेरिका-चीन को भारतीय उपमहाद्वीप में मुंह छिपाने की जगह भी नहीं मिलेगी।

अमेरिका को यह समझना होगा कि भारत, ग्रेट ब्रिटेन नहीं है जिससे मित्रता कर अंतरराष्ट्रीय पैमाने पर पीछे धकेल दिया जाए। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अमेरिका ने ग्रेट ब्रिटेन के साथ यही तो किया। जहां इंग्लैंड की अंतरराष्ट्रीय दुनियादारी में तूती बोलती थी, वहीं द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद अमेरिका की बोलने लगी। द्वितीय विश्वयुद्ध में अमेरिका- सोवियत संघ (रूस व उसके 14 पड़ोसी देश) साथ थे। लेकिन विश्वयुद्ध खत्म होते ही अमेरिका ने यूरोप को दो फाड़ कर दिया और इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, इटली जैसे बड़े देशों को उसके खिलाफ कर दिया। फिर लंबे चले अमेरिका-सोवियत संघ शीत युद्ध के दौरान 1989 आते आते सोवियत संघ को भी छिन्न-भिन्न करवा दिया। हालांकि, तीन दशक बाद जब रूस ने अपने खोए हुए गौरव को प्राप्त कर लिया, तब उसे अमेरिका-यूरोप के नाटो देशों ने यूक्रेन में उलझा दिया, जिससे साढ़े तीन वर्षों से भीषण युद्ध जारी है।

वहीं, अपनी वैश्विक बादशाहत बनाए रखने के लिए अमेरिका ने एशिया महादेश में भी कई बड़े गेम खेले। उसने एशियाई अरब देशों के खिलाफ इजरायल को भड़काया और उसे अपना पूर्ण सहयोग दिया। भारत के खिलाफ पाकिस्तान को भरपूर समर्थन दिया। चीन-भारत के बीच तिब्बत मुद्दे को हवा दी। अफगानिस्तान में रूस का अवरोधक बनने के लिए तालिबान पैदा किया। कश्मीर हासिल करने के लिए आतंकवाद पैदा किया। इससे अमेरिकी हथियार व ड्रग्स कारोबार में भारी मुनाफा हुआ। लेकिन रूस के खिलाफ जिस चीन को अमेरिका ने प्रश्रय दिया, अब वही उसके लिए भष्मासुर बन चुका है। अमेरिकी शह पर मुस्लिम देश भी दो फाड़ हो चुके हैं।

यही वजह है कि अमेरिका विगत 25 वर्षों तक भारत को अपने पाले में खींचने के लिए ढेर सारे वैश्विक प्रयास किए। स्वभाव से विनम्र प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेयी और पीएम डॉ मनमोहन सिंह तो अमेरिकी चक्रब्युह में फंस गए, लेकिन स्वभाव से तेज तर्रार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी वैश्विक चालें चलीं कि अमेरिकी चतुराई की सारी हवा निकल गई। उन्होंने उसकी कैपिटलिस्ट अर्थव्यवस्था, जिसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था भी समझा जाता है, की ऐसी बखिया उधेड़ी कि आज वह बाप-बाप चिल्ला रहा है। जी-7 के ऊपर ब्रिक्स को इतना कद्दावर बनवा दिया कि अमेरिका के पसीने छूट रहे हैं। उसे टेररिस्ट अर्थव्यवस्था इसलिए कहा जाता है कि पाकिस्तान के सहारे दुनिया भर में आतंकवादी पैदा करने, उन्हें वित्तीय मदद देने और फिर उपजी अशांति का लाभ उठाकर अपनी कम्पनियों के हथियार खपाने व ड्रग्स के कारोबार को बढ़ाने का जो खुला खेल फरुखाबादी चलता रहा है, उसका मास्टरमाइंड देश अमेरिका ही है। उसी की छाप उसके अनुगामी चीन पर पड़ी है, जिससे वह ज्यादा परेशान है। वहीं, पीएम मोदी इस बात को नहीं भूले हैं कि यह वही अमेरिका है जिसने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए उन्हें अपना वीजा नहीं दिया था और उनके प्रधानमंत्री बनते ही उनकी आवभगत करने लगा। यही वजह है कि पीएम मोदी ने अमेरिका, रूस और चीन जैसे बड़े देशों से सिर्फ उतना ही संपर्क रखा, जितने में कि भारतीय हित सधता रहे। इसलिए उन्होंने गिव एंड टेक डिप्लोमेसी को तवज्जो दी। बिटविन द लाइन्स पर हमेशा अडिग रहे। इससे भारत ने आशातीत तरक्की की और आत्मनिर्भर हो गया। यही बात अमेरिका, रूस, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, जापान आदि देशों को अखड़ने लगी।

हालांकि रूस-चीन का नेतृत्व तो शांत रहा, लेकिन अमेरिकी नेतृत्व अपनी खींझ छुपा नहीं पाया। अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ दोस्ताना ताल्लुकात रखने वाले डॉनल्ड ट्रंफ ने अपने दूसरे कार्यकाल में दुश्मनी की भाषा समझाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़े। ऐसा इसलिए कि आज अमेरिकी रुपया डॉलर और अमेरिकी सेना दोनों का भविष्य खतरे में है। जब रूस-चीनी गठजोड़ उनपर भारी पड़ने लगा तो उन्होंने न केवल अफगानिस्तान से अपनी सेना वापस बुला ली, बल्कि युद्ध नहीं करने की भी दलीलें देने लगे। इससे साफ है कि दुनिया के विभिन्न देशों में जाकर युद्ध करते रहने का आदी बन चुका अमेरिका अब मजबूत पलटवार देखकर आर्थिक व सैन्य पैमाने पर थक चुका है। नाटो में भी मतभेद हो चुके हैं। इसलिए वह हर हाल में भारत को पटाने में जुटा हुआ है। हालांकि, उसकी भाषा दोस्ती वाली नहीं, बल्कि दुश्मनों वाली हो चुकी है, ताकि चीन-पाकिस्तान जैसे उसके पुराने सहयोगी उसके पाले में लौट जाएं और भारत को जबरिया युद्ध में उलझाएं।

अध्यात्म

## गलतियों को समय रहते सुधार लेना ही असली जीत है

एक छोटे से शहर में रमेश नाम का एक शख्स रहता था, जिसका सुखी और प्यारा परिवार था। रमेश अपनी पत्नी और एक नन्हे-मुन्ने बच्चे के साथ सादगी और खुशी से जीवन बिता रहा था। उसकी पत्नी और बच्चा उसकी हर बात को बड़े प्यार से सुनते थे, और घर में हमेशा हंसी-खुशी का माहौल रहता था। लेकिन रमेश का एक अनोखा स्वभाव था—वह लोगों को चतुराई से प्रभावित करने और कभी-कभी उन्हें गुमराह करने में माहिर था। वह अक्सर सोचा करता था कि उसकी ये चालाकी उसके बच्चे के लिए प्रेरणा बनेगी, और उसका बेटा भी बड़ा होकर एक समझदार और चतुर इंसान बनेगा। समय की रफ्तार इतनी तेज थी कि रमेश को इसका अहसास भी नहीं हुआ। एक दिन उसका बेटा स्कूल जाने लायक हो गया। रमेश को अपनी परवरिश पर गर्व था। वह दृढ़ता से कहता, मेरा बेटा इतना होशियार है कि कोई उसे बेवकूफ नहीं बना सकता। चाहे कोई शरारती बच्चा हो या फिर कोई होनहार, मेरा लाल सबको मात देगा! लेकिन एक दिन स्कूल के शिक्षक रमेश के पास एक शिकायत लेकर आए। उन्होंने बताया, रमेश जी, आपके बेटे ने किसी सहपाठी की पेंसिल चुराई है। यह सुनते ही रमेश का दिमाग अतीत की यादों में खो गया, मानो कोई पुरानी फिल्म चल रही हो। उसे अपने बचपन की बातें याद आने लगीं। रमेश को याद आया कि जब वह दूसरी कक्षा में था, तो वह अपने दोस्तों की चीजें चुराया करता था—कभी पेंसिल, कभी रबर—और फिर उन्हें लौटाते समय कहता, अरे, ये तो नल के पास पड़ी थी! या यह बाहर गिरी मिली। उसकी इस चालाकी की वजह से उसे कक्षा का खोया-पाया विभाग प्रमुख बना दिया गया था। वह रोज कई बच्चों के सामान चुराता और फिर उन्हें ढूंढने का ढोंग करता। उसकी ये कहानियाँ वह अपने बेटे को बड़े गर्व से सुनाया करता था, मानो यह कोई उपलब्धि हो। अब उसका बेटा भी दूसरी कक्षा में था और वही शरारत दोहरा रहा था। रमेश सोच में पड़ गया, क्या मैंने गलत मिसाल पेश की? 42 साल बीत गए, और लगता है मैं आज भी वही शरारती बच्चा हूँ। वह अपने बेटे की ओर प्यार भरी नजरों से देखा और बोला, बेटा, सुनो, मैंने सोचा था कि मेरी चालाकी तुम्हें सिखाएगी, लेकिन शायद मैंने गलत सिखाया। बेटे ने मासूमियत से पूछा, पापा, क्या गलत हुआ? रमेश ने मुस्कुराते हुए कहा, बेटा, खोया-पाया विभाग तो मेरे पास था, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा कि मैंने क्या खोया और क्या पाया। अब तुम्हें सही रास्ता दिखाना मेरा फर्ज है। उसने बेटे को गले लगाया और कहा, आज से हम दोनों मिलकर अच्छे काम करेंगे, ठीक है? बेटे ने हामी भरी, हाँ पापा, मैं अपनी गलती सुधार लूँगा। रमेश ने फैसला किया कि वह अपने व्यवहार को बदलेगा। उसने स्कूल में बच्चों को नैतिकता की कक्षा शुरू करने का सुझाव दिया और खुद वहाँ पढ़ाने लगा। धीरे-धीरे उसका बेटा भी बदलने लगा। वह अब दूसरों की मदद करने लगा और अपनी चोरी की आदत छोड़ दी। रमेश की पत्नी ने भी इस बदलाव की तारीफ की और कहा, रमेश, तुमने सही समय पर अपनी गलती सुधारी। अब हमारा परिवार एक मिसाल बनेगा।

# खोने के बाद ही दिखता है असली सच...

**इंसान की फितरत ही इस कदर उसे एक ऐसे अंधकार में डुबो देती है, जहां के पार उसे कुछ नजर नहीं आता- न अच्छा, न बुरा, न अपने, न पराए। सब बेमानी और बेमतलब-सा लगता है। कई बार यह मन करने लगता है कि अच्छा हो, किसी दिन हर कोई सोचे कि क्या खोया क्या पाया इस जग में। सच यह है कि अपनों की तलाश में हम कई बार अपनों को खो देते हैं। जिसे बेतहाशा चाहते हैं, उसे कभी अपना अहसास नहीं जता पाते, कभी अपने मन की बात उसे नहीं कह पाते।**

निधि गोयल

कभी-कभी जिंदगी एक अजीब शय लगती है। जब वक्त अच्छा चल रहा हो, आनंद अपने आसपास महसूस होता हो, तब सब कुछ आसान और सहूलियत से भरा लगता है। वैसी चीज से दिल ऊबता हुआ लगता है, जो शायद कभी काफी मुश्किलों को पार कर हासिल की गई होगी। कितनी ही कोशिशों और मिन्नतों से हासिल की गई चीजों और उपलब्धियों तक से हमारा दिल आखिर भर जाता है, मानो कोई मायने ही न हो उसके। वे सभी चीजें और कई बार लोग भी इनमें शामिल हो जाते हैं, जिन्हें हासिल करने के लिए कभी दिन-रात एक कर दिया गया होगा, जी-तोड़ मेहनत की गई होगी, कितना भरोसा दिया गया होगा। मगर यह समझना मुश्किल है कि क्यों और कैसे वही फितरत हावी हो जाती है, जिसमें सिर्फ हासिल करने की भूख होती है। वैसे समय में मन छटपटाता है दूसरों को एक होड़ में शामिल देखकर इस ईर्ष्या से कि दूसरों की तरह सब कुछ पाने से वंचित न रह जाएं।

जिंदगी का फलसफा इस सिद्धांत पर चलता है कि 'सब कुछ चाहिए'। जिस तरह किसी बच्चे को या तो सब कुछ चाहिए या फिर कुछ भी नहीं। भले ही वह किसी भी शर्त पर मिले। मगर जीवन बहुत जटिल है। कई बार सिर्फ एक झटका लगता है, एक ढलान आती है या सिर्फ एक टक्कर लगती है और फिर जिंदगी पूरी बदल-सी जाती है। बल्कि जिंदगी के पूरे मायने ही बदल जाते हैं। जिन चीजों की हमने कभी कद्र तक न की हो, वही जिंदगी की सबसे अहम चीज नजर आने लगती है।

जिन लोगों की हमने कभी उपेक्षा की थी, उन्हें दुत्कारा था, बाद में कभी उनकी फिक्र हमें लगी रहती है। हम जिसे लेकर फिक्रमंद होते हैं, उसे कभी खरोंच भी लग जाए, तो दिल रो पड़ता है। मगर वक्त बदलता है और उसी के प्रति हमारे भीतर कोई भावना नहीं बचती। अब तूफानों में भी टस से मस भर होने की गुजांइश रह नहीं जाती है। यहां तक कि कोई रियायत भी नहीं दी जाती है।

जो जीवन सहज चल रहा होता है, उसे जीने के लिए कभी खुद को अलग से मजबूत बनाना पड़ता है। जो कभी सपने में भी नहीं सोचा गया हो, या जो बेमानी बन चुके हों, उन चीजों से भी लगाव और मोहब्बत महसूस हो सकती है। कहीं पर बेपरवाह घूमते हुए सुकून-सा महसूस होता है। जबकि कभी भागते से फिर रहे होते थे, जैसे हर पल हर दम पूरी जिंदगी। छोटे बच्चों की हंसी में भी दिल भर-सा जाता है, जैसे कभी महसूस नहीं किया हो किसी को हंसते या मुस्कुराते हुए। एक दौर में फूलों के सभी रंग नए से लगते हैं, जैसे अभी ही पहली बार इनमें रंग भरा गया हो।

बारिश की बूंदें भी एक नया-सा अहसास दिलाती हैं। एक नई ताजगी महसूस होती है। कभी किसी की सराही हुई एक बात भी इतना सुकून दे जाती है जो कभी भर-भर कर की गई तारीफों से भी हासिल नहीं होता हो। कभी किसी अपने के साथ बैठ कर पी हुई एक कप चाय से इतनी तसल्ली मिल जाती है जो कभी शोरगुल या संगीत से भरी महफिलों में भी न मिली हो। जाने या अनजाने चेहरों को देखकर उन्हें पढ़ने का मन करता है, जैसे बिना सुने ही सब जान लेने की कला मिल गई हो। जबकि पूरी बहस होने पर भी किसी की कोई बात समझ नहीं आती थी।



इंसान की फितरत ही इस कदर उसे एक ऐसे अंधकार में डुबो देती है, जहां के पार उसे कुछ नजर नहीं आता- न अच्छा, न बुरा, न अपने, न पराए। सब बेमानी और बेमतलब-सा लगता है। कई बार यह मन करने लगता है कि अच्छा हो, किसी दिन हर कोई सोचे कि क्या खोया क्या पाया इस जग में। सच यह है कि अपनों की तलाश में हम कई बार अपनों को खो देते है। जिसे बेतहाशा चाहते हैं, उसे कभी अपना अहसास नहीं जता पाते, कभी अपने मन की बात उसे नहीं कह पाते।

कभी न कभी इस बारे में सबको सोचना पड़ेगा, अपनी उस सोच पर लगाम लगानी होगी, जो बेहताशा भाग रही है एक अंतहीन दौड़ में, जिसमें समय रहते इंसान थोड़ा भी जाग जाए, तो बाद के पछतावे से थोड़ी मुक्ति मिल सकती है। भलाई इसी में है कि समय रहते होश में आ जाया जाए, वरना कई बार पछतावा करने का भी समय नहीं रहता है। लोग जिनको दुख देते हैं, बस इतना करें कि कभी खुद पर उसी को आजमा कर देखें, तो कुछ सीख मिल सकती है। जिन्हें गलत बोला जाता है, अगर कभी खुद अपने आप पर उन शब्दों को महसूस करके देख लिया जाए, तो उसके असर का अंदाजा लगाया जा सकता है।

जिंदगी में प्यार का मतलब सिर्फ किसी को ऐशो-आराम देना भर ही नहीं है, उसे तहेदिल से अपनाना असली प्रेम होता है। अफसोस यह है कि आमतौर पर इसका अहसास किसी के जाने के बाद तब होता है, जब उसकी याद दिन-रात कचोटने लगती है। समय रहते किसी के जीते-जागते, होशोहवास में उसे अहसास कराना कि तुम कितने अहम हो, यह जरूरी है। दुख सबको साझा नहीं किया जा सकता और न हर दुख सबको बताया जा सकता है, लेकिन सचमुच किए गए प्रेम को अभिव्यक्त किया जा सकता है। अगर हर कोई अपने अंदर झांके तो किरदार भले बदल जाते हैं, पर कहानी आमतौर पर एक-सी रहती है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि अपने किरदार को इतना मजबूत बनाया जाए कि पर्दा गिरने के बाद भी तालियों की गड़गड़ाहट कम न हो।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। पुराने अनुभव आज आपके काफी काम आने वाले हैं।

**वृषभ**
अपनी जीवनशैली में सुधार करें। कुछ लोग आपकी आलोचना कर सकते हैं। घर के बड़े बुजुर्गों का सम्मान करें। परिजनों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन**
आयात-निर्यात के व्यवसाय में बड़ा लाभ हो सकता है। विद्यार्थी किसी नये कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें।

**कर्क**
कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आज का दिन अनुकूल है। विरोधियों के बीच में आपकी चर्चा होगी। परिस्थितियाँ आपके पक्ष में रहेंगी।

**सिंह**
आपके आकर्षक व्यक्तित्व की लोग प्रशंसा करेंगे। फाइनेन्स को लेकर परेशानियाँ दूर होंगी। व्यवसाय को लेकर अपनी रणनीति बदल सकते हैं।

**कन्या**
अपने अधिकारियों की अवमानना न करें। अड़ियल रवैये के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। रुचिपूर्ण कार्यों के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपकी आय बढ़ सकती है। आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ रहेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जीवनसाथी से सलाह ले सकते हैं।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। प्रेम सम्बन्धों में एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। मानसिक रूप से शान्ति महसूस करेंगे।

**धनु**
विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश के अवसर मिल सकते हैं। कारोबारी यात्रा से लाभ प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों के बीच आपकी काफी चर्चा होगी।

**मकर**
बीमारियों पर धन खर्च अचानक से बढ़ सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। व्यापार को लेकर अधिक सावधानी रखें। भावनात्मक रूप से थोड़ा कमजोर रहेंगे।

**कुंभ**
जीवनसाथी आपको भावनात्मक रूप से काफी सहयोग देगा। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। अविवाहित लोगों का विवाह तय हो सकता है।

**मीन**
उच्च अधिकारियों से मित्रता हो सकती है। प्रभावशाली व्यक्तियों के बीच आपका सामंजस्य बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया जा रहा श्रम सार्थक होगा।

# शहर में जलजमाव को लेकर डीएम ने की बैठक

## प्रत्येक वार्ड में बुद्धिजीवियों की समिति गठित करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** रविवार की देर शाम नगर निकायों एवं बुडकों द्वारा किये जा रहे कार्य की जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने समीक्षा की। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा नगर निकायों में क्रियान्वित पथ, नाली एवं अन्य निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित योजनाओं, सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति, जल निकासी, जल जमाव, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना, सीवर लाइन अधिष्ठापन कार्य आदि मुद्दों के संबंध में बारी-बारी से समीक्षा की गई। वर्तमान समय में शहर में हो रहे जल-जमाव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को रोस्टर बनाकर प्रत्येक वार्ड का निरीक्षण करने का निर्देश दिया एवं इस दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया। सभी नगर निकायों के पदाधिकारियों को भ्रमण के दौरान समस्याग्रस्त वार्डों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रत्येक वार्ड में बुद्धिजीवी लोगों की समिति गठित करने का निर्देश दिया गया ताकि गठित समिति उक्त वार्ड की समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक सुझाव दे सकें। जल जमाव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने की स्थिति में जगह-जगह सोकपिट निर्माण कराने का भी निर्देश नगर निकायों को दिया गया। मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत क्रियान्वित योजना स्थल का कार्य से पूर्व, कार्य के दौरान एवं कार्य के बाद का फोटोग्राफ का संधारण आवश्यक रूप से करने का निर्देश दिया गया। साथ ही नगर निकायों को वाहन मरम्मत हेतु एजेंसी नियुक्त करने का निर्देश दिया गया। जल जीवन हरियाली योजना के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सभी निकायों को एसटीपी, एमआरएफ लैंडफील साईट, कचरा प्रबंधन कार्यालय भवन, वेंडिंग जोन आदि के निर्माण हेतु आवश्यक भूमि चिन्हित करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया गया। नगर निगम स्थित पथों की विभाग वार सूची बनाने का निर्देश नगर प्रबंधक को दिया गया। सूजा एवं कंकौल के नगर निगम से सटे क्षेत्रों को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव बनाने का निर्देश नगर आयुक्त को दिया गया। बैठक में सहायक समाहर्ता, नगर आयुक्त नगर निगम, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, परियोजना निदेशक, बुडको उपस्थित थे। साथ ही सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं सभी कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।



## ईवीएम वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा ईवीएम, वीवी पैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम, वीवी पैट वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ ही वेयरहाउस में ईवीएम, वीवीपैट के भंडारण, रख-रखाव तथा सुरक्षा से संबंधित निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने हेतु प्रभारी पदाधिकारी (ईवीएम वेयरहाउस) एवं प्रभारी पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मनीष, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सहित मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल के जिला स्तरीय प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जमीन के अभिलेखों की अशुद्धियों में होगा सुधार

## 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राजस्व महाअभियान की होगी शुरूआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में राजस्व महाअभियान की तैयारी को लेकर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत 16 अगस्त से 20 सितंबर तक राजस्व महाअभियान की शुरूआत की गई है। इसके लिए सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारी अपने क्षेत्र का माइक्रो प्लान तैयार करने का निर्देश दिया गया ताकि महाअभियान के दौरान कार्य अच्छे तरीके से संपादित किया जा सकें। डीएम ने बताया कि राजस्व एवं भूमि विभाग द्वारा आपके जमीन के रिकार्ड अभिलेख की अशुद्धियों के सुधार में तेजी जाने हेतु एक विशेष राजस्व महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आपके घर-पंचायत तक पहुंचा कर आपके भूमि संबंधी दस्तावेजों की अशुद्धियों का सुधार करना है। इस महाअभियान के माध्यम से डिजिटाइज्ड (अनलाईन) जमाबंदी में त्रुटि सुधार (परिमार्जन) जैसे नाम, खाता, खेसरा, रकबा और लगान की अशुद्धियों को ठीक कराया जा सकता है। साथ ही उत्तराधिकार नामांतरण में जमाबंदी रैयती की मुत्यु के बाद उत्तराधिकारियों के नाम से वंशावली के आधार पर जमाबंदी कराया जा सकता है। इसके साथ ही बंटवारा नामांतरण में संयुक्त जमाबंदी के आपसी सहमति या रजिस्टर्ड या कोर्ट द्वारा बंटवारे के आधार पर हिस्सेदारों के नाम से अलग-अलग जमाबंदी कराया जा सकता है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को इसके लिए पूरे क्षेत्र में विशेष प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया है। सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपने सभी राजस्व अधिकारी एवं हल्का कर्मचारियों के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर ले ताकि इस महा अभियान विशेष प्रचार प्रसार किया जा सके। बैठक में सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचल अधिकारी, सभी राजस्व अधिकारी सहित राजस्व कर्मचारी उपस्थित थें।

## निकाली गई कलश शोभा यात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के बैरपुरा गांव में सावन के आखिरी सोमवारी को लेकर बसहा धाम कमिटी के सदस्य शिव शंकर चौरसिया के नेतृत्व में सैकड़ों कुंवारी कन्याओं ने बेगुसराय के प्रसिद्ध व पावन गंगा तट से कलस में जल भरकर बसहा धाम बैरपुरा के लिए प्रस्थान कर बाबा बसहा के मूर्ति पर जलार्पण कर अपनी अपनी मन्नते मांगी। इस कार्यक्रम में कमिटी के कई अन्य सदस्यों ने अपना अहम योगदान दिया। ग्रामीणों ने बताया कि ये बसहा धाम स्थित बाबा बसहा का मूर्ति पाल कालीन व शेन कालीन है। इसके जैसा प्रतिमा पुरे भारत में नहीं है। विगत दिनों पहले बेगुसराय जिले के जिलाधिकारी तुषार सिंगला ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ बैरपुरा के बसहा धाम और काली स्थान में वीरपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर और अन्य जन प्रतिनिधि के साथ पूजा अर्चना कर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मन्नते मांगी थी। इस शोभा यात्रा के दौरान वीरपुर प्रखंड के वार्ड सदस्य संघ के प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, मुखिया त्रिपुरारी कुमार, वार्ड सदस्य राजेश ठाकुर, सेवा दल के जिलाध्यक्ष आनंद कुमार, हीरा झा, विक्रम चौरसिया, राजकुमार चौरसिया, मनोज चौरसिया, समेत कई अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

## अंतिम सोमवारी पर शिवमंदिरों में उमड़ी भीड़

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन माह के अंतिम सोमवारी को लेकर शिवाजीनगर प्रखंड के सभी शिव मंदिरों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी हुई थी । सभी शिव मंदिर में सुबह से ही हजारों शिव भक्त कतार में खड़े होकर जलाभिषेक कर रहे थे। बोल बम बोल बम जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। छेत्र के सभी शिव मंदिरों की अपनी अपनी प्रसिद्धता माना जाता है। छेत्र के ग्रामीण युवाओं ने बिहार के प्रसिद्ध सिमरिया घाट और झमटिया घाट से गंगा जल भरकर पैदल कांवर यात्रा निकाल अपने अपने गांव के शिव मंदिर में बाबा भोले नाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

# हरिगिरी धाम में लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़पुरा।** मिथिलांचल के बाबा हरी गिरी धाम स्थलपर श्रावण की चौथी व अंतिम सोमवारी के अवसर पर लाखों लोगों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना किया। इस अवसर पर धाम विकास समिति एवं प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा धाम परिसर से लेकर कमरिया पथों में सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था किया गया था। बताते चलें की दूसरी सोमवारी पर जलार्पन को ले सिमरिया घाट से श्रद्धालु जल लेकर रविवार की देर शाम से ही बाबा हरी गिरी धाम स्थल पहुंच रहे थे जो देर रात बीतते बीतते धाम परिसर में कमरिया की भीड़ इकट्ठा हो गई। अत्यधिक भीड़ की संभावना को देखते हुए मंदिर प्रशासन के द्वारा सोमवार की अहले सुबह सरकारी पूजा के बाद मंदिर का पट शिव भक्तों के लिए खोल दिया गया इसके बाद कतार बध तरीके से महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं को बारी-बारी से जलार्पण कराया गया। जो सिलसिला दिन भर चलता रहा। इस संदर्भ में हरी गिरी धाम विकास समिति अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव ने बताया की सावन की अंतिम सोमवारी पर बाबा हरी गिरी धाम स्थल पर तीन लाख से अधिक लोगों ने सुगमता पूर्वक जलार्पण किया। आनेवाले शिव भक्त श्रद्धालुओं के लिए धाम परिसर में सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई थी जिसको ले महिला एवं पुरुष बल के अलावे सिविल डिफेंस एवं धाम विकास समिति सदस्य पूरी तन्मयता से श्रद्धालुओं के सेवा में लगे हुए थे।सावन की अंतिम सोमवारी पर सुरक्षा व्यवस्था को लें डीएसपी कुंदन कुमार के नेतृत्व में थाना अध्यक्ष नवीन कुमार, एस आई रामशंकर यादव, किशन कुमार के अलावे गढ़पुरा बखरी नाव कोठी मंझौल चौरिया बरियारपुर आदि थाना के पुलिस बल तैनात रहे।

### अंतिम सोमवारी को उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

**नावकोठी।** सावन की अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिर में शिव भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी हर हर महादेव की जयकारे से शिव मंदिर गूंज उठा। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए शिव भक्त पहुंच रहे थे। भक्तों ने साफ सफाई के बाद पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं के लिए मंदिरों का पट पूजा के बाद खोल दिया गया। पट खुलते ही हर हर महादेव, बोलबम से शिवालय गूंज उठा। हर तरफ भक्ति का माहौल बना हुआ है। रविवार की देर शाम ही हरिगिरिधाम जाने वाले श्रद्धालुओं का जत्था सिमरिया के लिए निकला। इसमें युवाओं की संख्या अधिक थी। नावकोठी, महेशवाड़ा, पहसारा, वभनगामा, पीरनगर, रजाकपुर, गम्हरिया, ररिऔना, बेगमपुर, हसनपुर बागर, चक्का, चकमुजफ्फर, सैदपुर विष्णुपुर, देवपुरा, समसा, करैईटांड़ डफरपुर, वृन्दावन, टेकनपुरा कमलपुर आदि गांवों स्थित शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। शिव भक्त पवित्र नदियों में स्नान कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि से भगवान भोलेशंकर की पूजा अर्चना की। शिव परिवार के सदस्यों ने शिव चर्चा किया। कीर्तन भजन से वातावरण शिवमय हो गया। कुंवारी कन्याओं, महिलाओं, पुरूषों ने सोमवारी का व्रत रखा। शाम में जलाभिषेक कर भगवान भोलेशंकर का श्रृंगार किया।

# प्रेमचंद जयंती समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सुगौली।** श्री प्रेम पुस्तकालय में प्रेमचंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। अध्यक्षता डॉ. संत साह ने की। विशुनपुरवा मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा रचित और सद्यः प्रकाशित सामाजिक नाटक 'भारत माता की पुकार' का विमोचन किया गया और उस पर परिचर्चा की गई। इस प्रेमचंद जयन्ती समारोह में विचार गोष्ठी का विषय था-'प्रेमचंदःजीवन और साहित्य'। सुषमा फिल्म्स के डायरेक्टर डी.के. आजाद ने व्याख्यान दिया। जनजागरण मंच के सचिव मधुरेन कुमार, अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष भोला राम, सुरेंद्र यादव, बिक्रमादित्य प्रसाद, अतुल कुमार, आदित्य कुमार आदि वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अपने अध्यक्षीय व्याख्यान में डॉ. संत साह ने कहा कि 'प्रेमचंदने हिन्दी कथा साहित्य को परियों, रानियों तथा तिलिस्मी-ऐय्यारी के जटा जूट से बाहर निकाल कर विश्व कथा साहित्य के मंच पर स्थापित किया। वे अपनी रचनाओं के माध्यम से दलितों, पिछड़ों और शोषितों के पक्ष में आवाज उठाते रहे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सादगी से जिया और अथक परिश्रम के द्वारा हिन्दी साहित्य को समृद्ध किया। 'कार्यक्रम का संचालन पुस्तकालय के सचिव डॉ. पवन कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव अंकुर कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम में केदार प्रसाद (शिक्षक), समाजजसेवी ऐनुल हक, शोधार्थी अमन कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।



# परेवा गांव में अतिक्रमणकारियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर, हड़कंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** शिकारगंज थाना क्षेत्र के परेवा गांव में सोमवार को सीओ के निर्देश पर सड़क पर अतिक्रमण कर घर बनाने वाले लोगों के घरों पर प्रशासन का बुलडोजर चला है। प्रशासन की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। जिसमें कुल 52 लोगों के घरों सहित विभिन्न प्रकार से किए गए अतिक्रमण को तोड़कर सड़क के किनारे से हटाया गया है। उक्त कार्रवाई चिरैया सीओ आराधना कुमारी एवं राजस्व पदाधिकारी श्रीनिवास प्रसाद की देखरेख में हुई। सीओ ने बताया कि वर्षों से चल रहे अतिक्रमणवाद के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। जिसके आलोक में भरत राय, राजेंद्र राय, वीरेंद्र पाठक, रामसेवक यादव, विनायक यादव सहित 52 लोगो के द्वारा करीब एक किलोमीटर तक सड़क के दोनों किनारों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है। उक्त कार्रवाई में तीन जेसीबी मशीनों को लगाया गया था। मौके पर शिकारगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार, एएसआई सुनील कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी सुमन सौरभ, प्रेम कुमार, चंदन झा, डाटा ऑपरेटर राजेश कुमार के अलावा चिरैया एवं शिकारगंज थाना की पुलिस सहित जिला पुलिस बल के जवान भारी मात्रा में मौजूद थे।



# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व तैयारी को लेकर सोमवार को समाहरणालय स्थित परमान सभागार में अररिया जिला पदाधिकारी अनिल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में सबंधित पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को कई जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी पदाधिकारी जिला सामान्य प्रशाखा, अररिया द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विस्तृत कार्यक्रमों की रूप रेखा से अवगत कराया गया। बताया गया कि मुख्य कार्यक्रम नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, अररिया में निर्धारित है। मुख्य कार्यक्रम के उपरांत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण द्वारा चिन्हित महादलित टोलों में झंडोत्तोलन के कार्यक्रम में भाग लिया जायेगा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, अररिया को सम्पूर्ण शहर, विभिन्न प्रतिमा स्थल सहित मुख्य समारोह स्थल पर विशेष रूप से साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह स्थल पर रंग-रोगन सहित सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम परिसर में आवश्यकतानुसार बैरिकेटिंग लगाने का हेतु निर्देशित किया गया। प्रभारी पदाधिकारी सामान्य प्रशाखा, अररिया को समारोह में भाग लेने वाले महानुभावों को ससमय आमंत्रण कार्ड प्रेषित करने हेतु कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जिला शिक्षा पदाधिकारी को राष्ट्रीय गान के लिए बेहतर टीम तैयार करने को कहा गया। इसी प्रकार संबंधित सभी विभागों को स्वतंत्रता दिवस को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में राष्ट्रभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन को लेकर एक समिति भी गठित की गई। इसके अलावा बैठक में खेलकूद कार्यक्रम को लेकर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी सहित सभी संबंधित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# स्कॉटिश पब्लिक स्कूल में समर कैंप का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया।** स्कॉटिश पब्लिक स्कूल, अररिया द्वारा सोमवार को अपने राजोखर परिसर में एक भव्य समर कैंप का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को शैक्षणिक सत्र के मध्य में मनोरंजक, रोमांचक और ज्ञानवर्धक अनुभव प्रदान करना था। समर कैंप में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और जिप लाइन, मोगली वॉक, वॉल क्लाइंबिंग, आर्चरी बोर्ड, डबल रोप ब्रिज, रेन डांस, बूगी वूगी, मैजिक शो, और एक अद्भुत प्लैनेटेरियम (तारामंडल शो) जैसी गतिविधियों का आनंद उठाया। प्लैनेटेरियम शो ने छात्रों को ब्रह्मांड और अंतरिक्ष के रहस्यों से परिचित कराया और उनके ज्ञान की दुनिया को और भी व्यापक बना दिया। स्कूल के डायरेक्टर अनूप कुमार ने इस सफल आयोजन के लिए पूरे स्टाफ की टीम भावना और सक्रिय सहयोग की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से कोऑर्डिनेटर कुमार आर्यन, प्राचार्य दाबिर आलम तथा सभी शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने आयोजन के अधिकारिक एडवेंचर पार्टनर ईडीयू स्कूल एडवेंचर और राजस्थान से आए प्रशिक्षित विशेषज्ञों का भी आभार व्यक्त किया, जिनकी निगरानी में सभी गतिविधियाँ पूर्ण सुरक्षा मानकों के साथ कराई गईं। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर कुमार आर्यन ने कहा, इस समर कैंप की सबसे खास बात रही इसकी मजबूत सुरक्षा व्यवस्था, अद्भुत गतिविधियाँ और बच्चों के लिए प्लैनेटेरियम जैसी शैक्षणिक पहल। हमारा विद्यालय हमेशा छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समर कैंप 2025 न केवल छात्रों के लिए एक मनोरंजन और रोमांच का अवसर रहा, बल्कि यह विद्यालय की उस सोच को भी दर्शाता है जिसमें शिक्षा के साथ-साथ आनंद, अनुभव और आत्मविश्वास को भी महत्वपूर्ण माना जाता है।

## एक नजर

### भाकपा गणपतौल शाखा सम्मेलन सम्पन्न

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा गणपतौल शाखा का 26 वा सम्मेलन कामरेड दिलीप कुमार गुप्ता नगर कामरेड दामोदर पासवान सभाकक्ष में पैक्स गोदाम गणपतौल में राजेंद्र कुमार महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें झंडोत्तोलन गंगा पासवान ने किया। जबकि उद्घाटन भाषण भाकपा राज्य परिषद् के सदस्य सत्य नारायण महतो ने कहा कि हम जो लाल झंडा फहराते हैं। वह मजदूरों के खून से रंगा हुआ है। इस झण्डे के लाली को दुनिया के मेहनतकश आवाम ने अपनी खून पसीना से सींचने का काम किया है। इसी उम्मीद के साथ आपके इस 26 वे सम्मेलन का उद्घाटन करता हूं कि घोषणा किया। सम्मेलन में 15 सदस्यीय कमिटी का चयन किया गया। जिसके सचिव राजेन्द्र कुमार महतो और सहायक सचिव राम शंकर महतो चुने गए। कार्य प्रतिवेदन बृजकिशोर शाह ने पेश किया। सम्मेलन को बहरामपुर के पूर्व सरपंच परवेज आलम, सहायक अंचल मंत्री राम नरेश महतो, अंचल मंत्री बिंदेश्वरी महतो ने संबोधित किया। नेपाल पासवान, मुखिया हीरा कुमारी, पंचायत समिति सदस्य शांति देवी, विमल कुमारी, मुन्नी देवी, विजय कुमार अधिवक्ता, विजय कुमार महतो पैक्स अध्यक्ष, नीरज कुमार, अनिल कुमार, शशि कुमार महतो, विनोद कुमार महतो उपसरपंच शंकर साह भविक्षण महतो सहित दर्जनों पार्टी सदस्य शामिल थे।

### युवती को भगाने की प्राथमिकी दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के एक गांव से घर से कालेज के लिए निकली युवती शाम तक नहीं लौटी। इससे परिजन चिंतिंत हो गये। युवती की माँ ने थाने में एफआईआर दर्ज कराकर बरामद कराने की गुहार लगाई है। उसने बताया कि 28 जुलाई को वह घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी। शाम तक नहीं लौटने पर खोजबीन करने लगी। खोजबीन के क्रम में पता चला कि बहादुरपुर थाने के छिलकौड़ी के सुरेन्द्र महतो के पुत्र प्रिंस कुमार लेकर फरार हो गया है। प्रिंस का ननिहाल मेरे ही गाँव में है। इसकी शिकायत उसके मामा से करने पर दो से तीन दिन में आपकी लड़की को वापस करने की बात बतायी गयी। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अभी तक लड़की का कोई अता पता नहीं है। उसने लड़का तथा उसके दो मामा पर बहला फुसला कर भगाने का आरोप लगाकर नामजद किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष विश्वजीत कुमार मामला दर्ज कर खोजबीन प्रारंभ कर दिया गया है।

### दुकान में चोरी

**गढ़पुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गढपुरा बाजार क्षेत्र स्थित रामानंद ज्वेलर्स दुकान में देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा भिंडीलेटर काटकर दुकान के पीछे साइड से अंदर प्रवेश कर लाखों रुपए के जेवरात की चोरी कर ली गई। जो चोरी की घटना दुकान में लगी सीसीटीवी फुटेज में कैद्द हो गई। जानकारी के अनुसार बताते चलें कि रविवार की देर रात चोरों के द्वारा उक्त ज्वेलर्स दुकान में प्रवेश कर चोर लकर में रखें की जेवरात की चोरी कर ले भागा। चोरी की घटना को सुन गढ़पुरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। जिसमें चोरी की घटना को देख फोटो की पहचान कर चोरों की खोजबीन में थाना पुलिस जुट गई है।बताते चले की उक्त दुकान में करीब 2 साल पूर्व भी अज्ञात चोरों के द्वारा भीषण चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में दुकानदार रामानंद साह ने बताया की करीब 25 लाख रुपए के जेवरात की चोरी की घटना को अंजाम चोरों के द्वारा दिया गया है।

### रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन

**सुगौली (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ब्रह्मकुमारी प्रजापति विश्वविद्यालय संस्था के द्वारा अलौकिक रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन नगर में दीदी मीना व शांति दीदी के नेतृत्व में की गई। दीदियों के द्वारा कार्यक्रम में आए लोगो को रक्षाबंधन की। तिलक लगाकर मुंह मीठा की गई। रक्षाबंधन बंधवाकर लोगो ने दीदी से आशीष लिया। बड़ी तादाद में लोग पहुंचकर इस आयोजन का हिस्सा बने। सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ ने कहा कि ब्रह्मकुमारी प्रजापति विश्वविद्यालय संस्था की दीदियों के द्वारा प्रति वर्ष रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन किया जाता है।इस आयोजन के माध्यम से भी बहन काएक दूसरे से असीम स्नेह व प्यार मिलता है । इस बंधन से देश को एक सूत्र में बांधता है। एक दूसरे पर भरोसा बढ़ता है। इस तरह का आयोजन इस संस्था के द्वारा कई जगहों पर होता है । भाइयों को अपनी बहन की कमी महसूस नही होती है। मौके पर रामाधार भाई, रामएकबाल प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद वर्णवाल, शुभलाल प्रसाद, अशोक वर्णवाल, बासदेव प्रसाद सर्राफ एवं संजय कुमार ईत्यादि उपस्थित रहें।

### जॉब सह कैरियर मार्गदर्शन कैंप आज

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 05.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप सह कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस जॉब कैम्प में ब्लाइंकिट द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन 'सीनियर एसोसिएट' पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 10 वीं,एवं 12 वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18 - 35 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल हैदराबाद में होगा और मानदेय 13000 निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी जैसे आवास, इंसेंटिव, पीएफ, मेडिकल। इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं।

### एचपीवी वैक्सीन की शुरुआत

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पूर्वी चंपारण प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना का शुभारंभ पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डा शमशेर आलम के नेतृत्व शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत 9 वर्ष से 14 वर्ष आयु वर्ग की 26 किशोरियों को एचपीवी वैक्सीन की प्रथम खुराक से प्रतिरक्षित किया गया। जानकारी देते चिकित्सा पदाधिकारी डा आलम ने बताया कि यह वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है।

## संक्षिप्त समाचार

### सौंदर्यीकरण को निगम ने जारी की 2.26 करोड़ की निविदा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के ऐतिहासिक बड़ा रमना मैदान को 2.26 करोड़ रुपये की लागत से मनोरम पार्क के रूप में विकसित करने के लिए नगर निगम ने निविदा जारी की है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि इच्छुक संवेदक 19 अगस्त तक दावेदारी अपलोड कर सकते हैं। कायार्देश के नौ माह में कार्य पूरा होगा। मैदान की सफाई, समतलीकरण, उम्दा घास, चहारदीवारी, पाथवे, चार गजीबो, आराम बेंच, हाई मास्ट लाइट, तीन योग कुटीर, दो गार्ड रूम, महिला-पुरुष व गार्ड के लिए अलग-अलग शौचालय और बोरवेल का निर्माण होगा। प्रवेश द्वारों का जीर्णोद्धार और पांच साल के रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल है। सीसीटीवी से सुरक्षा सुनिश्चित होगी। नगर विकास विभाग से स्वीकृत डीपीआर के आधार पर यह योजना जिला स्तरीय धरोहर को संरक्षित और आकर्षक बनाएगी।

### बालिका फुटबॉल टुर्नामेंट में प.चंपारण का दबदबा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंडर-17 बालिका फुटबॉल टीम 64 वें बिहार राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी इंटरनेशनल कप में बेगूसराय के यमुना भगत स्टेडियम में 4-5 अगस्त 2025 को आयोजित प्रतियोगिता में भाग ले रही है। नॉकआउट पद्धति पर आधारित इस टूनार्मेंट में पश्चिम चंपारण ने पहले मैच में मुंगेर को 6-0 से हराकर दूसरे चक्र में प्रवेश किया। दामिनी कुमारी ने चार गोल और रानी कुमारी ने दो गोल दागे। टीम में 18 खिलाड़ी शामिल हैं, जिनका नेतृत्व कप्तान प्रियंका कुमारी और कोच सुमित पांडे कर रहे हैं। टीम उच्च विद्यालय बखरी गौनाहा से है, जो जिला स्तरीय टूनार्मेंट में बेतिया को 4-0 से हराकर राज्य स्तर के लिए चुनी गई। खिलाड़ी मुख्य रूप से गरीब, मजदूर और थारू अनुसूचित जनजाति समुदाय से हैं।

### उत्कृष्ट शिक्षा हीं है पायोनियर की पहचान : चक्रवर्ती

**छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित**



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पायोनियर कोचिंग संस्थान में कोटा के टक्कर की पढ़ाई की व्यवस्था है। आने वाले समय में यह बेतिया का मिनी कोटा बनेगा। पायनियर कोचिंग संस्थान की ख्याति पूरे प्रदेश में फैल रही है। उक्त बातें एमजेके कॉलेज के गणित विभागाध्यक्ष डॉ पी के चक्रवर्ती ने रविवार की देर शाम पायोनियर कोचिंग के सम्मान समारोह में कहीं। कोचिंग संस्थान द्वारा टेस्ट परीक्षा में गणित में 100 में 100 अंक और बायोलॉजी में 70 में 70 अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल देकर सम्मानित किया। संस्थान के निदेशक अमित गिरी ने कहा कि छात्र-छात्राओं के बेहतर रिजल्ट से ही इसे कोचिंग संस्थान की पहचान है। बिना पंपलेट और पोस्ट के कोचिंग में हजारों की संख्या में छात्र पढ़ाई करते हैं। डॉ राकेश रोशन ने कहा कि यहां पैसे के अभाव में बच्चे शिक्षा से वंचित नहीं होते हैं यही सबसे बड़ी खासियत है। सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं में हिमांशु कुमार, आलोक कुमार, गौतम कुमार, श्रुति कुमारी, पायल कुमारी, नीलम कुमारी, प्रियंका कुमारी, गुलनाज, आदि थे।

### घर से लड़की गायब परिजनों को अपहरण की आशंका

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से एक लड़की घर से गायब हो गई है। मामले में गायब लड़की के परिजनों ने शिकारपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसकी 18 वर्षीय लड़की घर से गायब हो गई है। काफी खोजबीन के बाद भी अब तक उसका कही पता नही चल पाया है। यहां तक कि रिश्तेदारो के यहां भी खोजबीन की गई लेकिन कही पता नहीं चल सका है। परिजनों ने अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है कि उसकी लड़की को किसी ने बहला फुसलाकर कर अपहरण कर लिया है। इधर थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया की परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। बहुत जल्द लड़की को बरामद कर लिया जाएगा।

### संत माइकल्स एकेडमी में केबीजी प्रतियोगिता आयोजित

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय संत माइकल्स एकेडमी, (केबीजी) कौन बनेगा जीनियस मैथ्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गणित सिर्फ अंक नहीं, सोचने का एक तरीका है के थीम के साथ कक्षा तीसरी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए के बी जी मैथ्स क्विज प्रतियोगिता ने बच्चों के गणितीय कौशल और तार्किक सोच को निखारने का एक शानदार मंच प्रदान किया।प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की गई। पहले चरण में 271 छात्र-छात्राओं ने लिखित परीक्षा में हिस्सा लिया। इस चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रत्येक कक्षा से शीर्ष 5 स्कोररों को फाइनल के लिए चुना गया। फाइनल राउंड में तीन चरण शामिल थे। ऑप्शनल



राउंड, बजर राउंड और रैपिड फायर राउंड। इन राउंड्स में बच्चों ने अपनी बुद्धिमत्ता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन उप-प्राचार्य विजय विक्टर ने किया, जिन्होंने प्रतियोगिता की रूपरेखा को बखूबी तैयार किया। गणित शिक्षकों अभय पांडे, संजय गुप्ता, रंजना वर्मा और पूनम कुमारी ने अपने-अपने कक्षाओं के क्विज का कुशलतापूर्वक संचालन किया। शिक्षक अमन एलेन और तस्मीया खानम के सक्रिय योगदान ने इस आयोजन को और भी सफल बनाया।विजेताओं को हेडमिस्ट्रेस रेणु शर्मा और प्राचार्या डॉ. कु. अंजली ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें भविष्य में भी गणित के प्रति उत्साह बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक शिक्षाप्रद अनुभव रहा, बल्कि गणित को रोचक और मजेदार बनाने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। संत माइकल्स एकेडमी ने इस तरह के आयोजनों के माध्यम से शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# डीएम ने डाक्टरों के ड्यूटी रोस्टर को सार्वजनिक करने का दिया निर्देश



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की साप्ताहिक ड्यूटी रोस्टर को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। यह रोस्टर अस्पताल परिसर में सूचना पट्ट पर प्रदर्शित होगा, ताकि मरीजों को डॉक्टरों की उपलब्धता की जानकारी आसानी से मिल सके। जिला स्तरीय टीम द्वारा नियमित उपस्थिति सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा। ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न हो। सोमवारीय बैठक में जिलाधिकारी ने आशा कार्यकर्ताओं के चयन में विभागीय दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने और पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन, जिला पंचायत राज पदाधिकारी और डीआरडीए निदेशक को समन्वय स्थापित करने को कहा। विद्युत उपभोक्ताओं से संवाद हेतु अगले सप्ताह मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के लिए तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया। विधान सभा चुनाव के मद्देनजर बूथों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने और समग्र सेवा अभियान के तहत लंबित आवेदनों को एक सप्ताह में निष्पादित करने का आदेश दिया गया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के विशेष राजस्व महाअभियान के तहत भूमि अभिलेखों की गलतियों को सुधारने, छूटी जमाबंदियों को जोड़ने और नामांतरण-बंटवारे का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर शिविर और घर-घर दस्तावेज वितरण होगा। चनपटिया स्टार्टअप जोन के उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु विभागों को यूनिफॉर्म व अन्य सामग्री वहां से खरीदने का सुझाव दिया गया। बैठक में मनरेगा, सोलर स्ट्रीट लाइट, आपूर्ति, कोषागार, विधि, गन्ना उद्योग, मद्य निषेध सहित अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

### मानदेय वृद्धि पर रसोइयों ने कहा नहीं चाहिए चुनावी लॉलीपॉप

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय बलिराम भवन में सोमवार को बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ (एटक) की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शंभू मिश्रा ने की।बैठक में रसोइया संघ की जिला सचिव बीना देवी ने कहा कि चुनाव आते ही सरकार ने पहले मिलने वाले 1650 मानदेय को बढ़ाकर 3300 कर दिया है, लेकिन यह सिर्फ एक चुनावी लॉलीपॉप है। हमारी मांग है कि रसोइयों को 10,000 प्रतिमाह मानदेय और 12 महीनों का नियमित भुगतान मिले। दूसरी ओर, जिला अध्यक्ष लाल बाबू राम ने तीखा बयान देते हुए कहा कि सरकार हमें फिर से भ्रमित कर सत्ता में लौटना चाहती है, लेकिन अब ऐसा नहीं होने देंगे। अगर सरकार रसोइयों की मांगों पर ध्यान नहीं देती है तो आगामी चुनाव में इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बैठक में उपाध्यक्ष रामेश्वरी हजरा, गीता देवी, रामायण दास, बबीता देवी, गोदावरी देवी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# नारायणी क्लीनिक में निःशुल्क बीएमडी जांच शिविर आयोजित




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के माइकल कॉलोनी बसवरिया स्थित नारायणी सुपर स्पेशलिटी ऑर्थोपेडिक क्लिनिक के प्रांगण में इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन के आह्वान पर रोटरी क्लब बेतिया सेंट्रल के संयुक्त बैनर तले राष्ट्रीय हड्डी एवं जोड़ दिवस के अवसर पर निशुल्क बीएमडी हड्डी एवं मांसपेशी जांच शिविर का आयोजन किया गया।

इस चिकित्सा शिविर में मौजूद मरीज एवं उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए अस्पताल के संचालक हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ उमेश कुमार ने कहा कि सन 2012 से लगातार प्रत्येक वर्ष 4 अगस्त को पूरे देश भर में धूमधाम से राष्ट्रीय हड्डी एवं जोर दिवस मनाया जाता है। इस बार का अध्यक्षीय थीम है ओल्ड इस गोल्ड -वृद्ध जनों का 360° समुचित देखभाल। मजबूत हड्डी से ही स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। अगर समय पर हड्डी के मजबूती का ध्यान नहीं रखा जाए, तो आने वाले समय में हड्डियां कमजोर होने लगती है। जिसके कारण कमर दर्द, जोड़ों में दर्द एवं फ्रैक्चर होना स्वाभाविक हो जाता है। क्लब के पूर्व अध्यक्ष सुजय कुमार सिन्हा ने बताया कि हड्डी मजबूत रखनी है तो धूम्रपान एवं अल्कोहल से परहेज करें। फास्ट फूड नहीं लें। नियमित रूप से व्यायाम एवं दूध का सेवन करें। चिकित्सकीय परामर्श अनुसार समय-समय पर बीएमडी हड्डी जांच अवश्य कराते रहें। इस मौके पर कई दर्जन मरीजों एवं उनके अभिभावकों का बीएमडी जांच कर निःशुल्क परामर्श दिया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब बेतिया सेंट्रल के सचिव डॉ सत्य प्रकाश तिवारी, क्लब उपाध्यक्ष डॉ शीला रंजन, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि कुमारी, रोटेरियन बैद्यनाथ प्रसाद समेत कई रोटेरियन मौजूद रहे।

### नेपाल में मिला 15 दिन पूर्व से गायब महिला का शव

**मैनाटाड़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल बॉर्डर पर अवस्थित इनरवा से बार्डर से सटे नेपाल पीपरा गांव के समीप रविवार की शाम एक महिला की शव मिलने से इलाके मे सनसनी फैल गई। वहीं नेपाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीरगंज भेज दिया है। इधर महिला की शव शिनाख्त कर ली गई है। पुलिस निरीक्षक सरफराज अहमद ने बताया कि शव की पहचान इनरवा थाना के खमियां गांव के दीपेंद्र प्रसाद कुशवाहा की पत्नी सरोज देवी 35 वर्ष बताई जाती है। विदित हो कि शिकारपुर थाना के पोखरिया गांव के मृतका के पिता रामप्रवेश प्रसाद ने इनरवा पुलिस को आवेदन देकर बताया था कि उनकी पुत्री सरोज देवी की शादी लगभग 14 साल पहले विनोद महतो का पुत्र दीपेंद्र प्रसाद कुशवाहा के साथ हुई थी। दोनों के दंपति जीवन से तीन पुत्री एक पुत्र है। पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया बताया है कि घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक कल से अजीज होकर 11 जुलाई को अपने मायके आ गई थी। मायके वाले के द्वारा समझाने बुझाने के बाद फिर 12 जुलाई को ससुराल इनरवा खामियां गांव वापस लौट गई। कुछ दिन बात होता रहा लेकिन 17 जुलाई से मायके वाले से संपर्क टूट गया। पिता ने बताया कि उसके बाद बहुत खोजबीन करने के बाद भी उसकी बेटी की कोई अता-पता नहीं चला। इधर रविवार की शाम इनरवा से सटे नेपाल पीपरा मे उक्त महिला की शव मिलने से सनसनी फैल गई।

## राजस्व महाअभियान की तैयारी अंतिम चरण में, सभी जिलों में शुरू हुआ अधिकारियों-कर्मियों का प्रशिक्षण

**16 अगस्त से 20 सितम्बर तक चलेगा विशेष अभियान, जमाबंदी से लेकर नामांतरण तक होगा ऑनलाइन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




सिवान। बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक प्रस्तावित राजस्व महा-अभियान की तैयारियाँ जोरों पर हैं। ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, उत्तराधिकार और बंटवारा नामांतरण सहित छूटी हुई जमाबंदियों को ऑनलाइन करने की दिशा में यह अब तक का सबसे बड़ा अभियान माना जा रहा है। अभियान को पारदर्शी, जन-हितैषी और प्रभावी बनाने के लिए राज्य के सभी 38 जिलों में 4 अगस्त से अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है, जो 9 अगस्त तक चलेगा।

**दो-स्तरीय प्रशिक्षण में जमीनी अमले पर जोर**

प्रशिक्षण कार्यक्रम को दो स्तरों पर आयोजित किया जा रहा है। जिला स्तर पर समाहताओं द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, अंचल अधिकारी और राजस्व पदाधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं, अंचल स्तर पर 5 से 9 अगस्त के बीच राजस्व कर्मचारी और विशेष सर्वेक्षण अमीनों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**10 से 12 अगस्त तक बनाना होगा माइक्रो प्लान, पोर्टल पर अपलोड अनिवार्य**

राजस्व महा-अभियान की सफलता के लिए सभी अंचल अधिकारियों को 10 से 12 अगस्त के बीच माइक्रो प्लान तैयार कर बिहारभूमि पोर्टल के राजस्व महा-अभियान सेक्शन में अपलोड करना अनिवार्य किया गया है। इससे क्षेत्रवार कार्यों की स्पष्ट रूपरेखा बनेगी और निगरानी सरल होगी।

**गुणवत्ता सुनिश्चित करने चार स्तरीय पर्यवेक्षण दलों का गठन**

राजस्व महा-अभियान की कार्यकुशलता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए चार स्तरों पर पर्यवेक्षण दल बनाए गए हैं। विभाग स्तर पर प्रमंडल और जिले आवंटित कर अनुश्रवण कोषांग का गठन किया गया है, जो अभियान की सतत निगरानी करेगा।

**जन संपर्क और सहायता के लिए टॉल फ्री नंबर जारी**

अभियान की जानकारी और शिकायतों के निवारण के लिए विभाग द्वारा टॉल फ्री नंबर 1800-345-6215 जारी किया गया है। विभाग ने नागरिकों से इस अभियान का लाभ लेने की अपील की है।

## लगातार बारिश से एकमा, रसूलपुर, ताजपुर व दाउदपुर में बिजली आपूर्ति प्रभावित, कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने से बिजली के तार टूटे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा/एकमा (सारण)।** एकमा क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश ने एकमा पावर ग्रिड से जुड़े विद्युत आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया है। सोमवार को सुबह से शाम तक कई बार अलग-अलग फीडरों की आपूर्ति बाधित होती रही। तारों पर पेड़ गिरने, पोल गिरने व फॉल्ट जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं। जिसके चलते बिजली उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी। रसूलपुर, दाउदपुर, ताजपुर, मुकुंदपुर, परसा व एकमा फीडरों से जुड़ी बिजली लाइनों में अनेक बार बाधा उत्पन्न हुई। बलियाकोठी, असहनी मठिया, माने मठिया, फुचटी कला, नवादा, बलुआ, पकवाईनार, हरपुर, शीतलपुर व महम्मदपुर आदि इलाकों में या तो 11 हजार वोल्ट की लाइन पर पेड़ गिरे या तार टूटे जिससे पावर ग्रिड से बिजली आपूर्ति लाइन बंद करनी पड़ी। दाउदपुर फीडर से जुड़े हरपुर गांव में एक ट्रांसफार्मर में आग लगने की भी सूचना मिली, जिससे वहां विद्युत आपूर्ति ठप रही। वहीं कई जगहों पर जलजमाव और कीचड़ ने मरम्मत कार्य को और भी कठिन बना दिया। बिजली विभाग के मुताबिक रसूलपुर फीडर के पकवाईनार के आगे और डोहर-हनुमानगंज रूट को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी गई है। दोपहर बाद तक शेष क्षेत्रों में भी काम अंतिम चरण में जारी रहा। इसीक्रम में बिजली विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रसलपुर फीडर में बलियाकोठी में 11000 वोल्ट के हाई टेंशन का तार गिरने के चलते बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। रसूलपुर फीडर में असहनी मठिया, थाना के पीछे तार पर पेड़ गिर जाने के बाद मरम्मत कार्य के चलते लाइन बंद करनी पड़ी। कार्य पूरा होने पर लाइन चालू कर दिया गया। वहीं दाउदपुर फीडर माने मठिया में 11 केवी हाईटेंशन तार पेड़ से शॉर्ट कर रहा था। इसलिए लाइन बंद करनी पड़ी। मरम्मत कार्य पूरा होने पर चालू हो गया है। एकमा फीडर में बलुआ में 11 केवी तार गिर गया। जिससे लाइन बंद करनी पड़ी। कार्य पूरा होने पर लाइन चालू कर दिया गया। रसूलपुर फीडर के पकवाईनार में 11000 वोल्ट का तार गिर गया। जिसके चलते लाइन बंद करनी पड़ी। हरपुर गांव में 200 केवीए के ट्रांसफार्मर में बारिश के दौरान आग लगने की सूचना पर सप्लाई लाइन बंद करनी पड़ी। हालांकि देर शाम तक सभी जगहों की आपूर्ति चालू कर दी गई।

**बिजली विभाग का अपील:**

बिजली विभाग के एकमा पावर ग्रिड एसडीओ व अवर अभियंता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे खराब मौसम को देखते हुए संयम रखें और विभागीय कर्मियों का सहयोग करें। जेई सुजीत कुमार ने बताया कि भारी बारिश व दलदली हालात के बावजूद लाइनमैन एवं तकनीकी कर्मचारी जान जोखिम में डालकर व सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए लगातार आपूर्ति बहाल करने में जुटे हुए हैं।

## राजस्व महाअभियान को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

**भूमि सुधार से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन गंभीर**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



सिवान। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार आगामी राजस्व महा-अभियान के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सोमवार को समाहरणालय सभागार, सिवान में किया गया। यह महाअभियान 16 अगस्त से 20 सितंबर 2025 तक चलेगा, जिसमें जिले के आम रैयतों और भू-धारियों की भूमि संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

**भूमि अद्यतन व विवादों के समाधान पर विशेष जोर**

इस महाअभियान का मुख्य उद्देश्य भूमि रिकॉर्ड जैसे खाता, खेसरा, रकवा, नाम आदि में सुधार करना और आम जनता को उत्तराधिकार, बंटवारा व नामांतरण से संबंधित सेवाएं कैम्प मोड में उपलब्ध कराना है। इसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह गंभीर है और इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियाँ शुरू कर दी गई हैं।

**प्रशिक्षण की जिम्मेदारी मास्टर ट्रेनरों को**

प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों ने किया। इनमें श्रीमती नलिनी कुमारी (भूमि सुधार उप समाहर्ता), श्री पिन्टु कुमार (सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी), श्री उदयन सिंह (अंचल अधिकारी, हसनपुरा), मो० राशिद हसन (राजस्व अधिकारी, महाराजगंज), और श्री ऋतु राज (राजस्व कर्मचारी, महाराजगंज) शामिल थे।

**प्रशिक्षण में शीर्ष जिला अधिकारी रहे मौजूद**

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, बंदोबस्त पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (सिवान सदर व महाराजगंज), उप समाहर्ता भूमि सुधार, सभी प्रखंड एवं अंचल अधिकारी, और राजस्व अधिकारी समेत जिले के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**डीएम ने दिए स्पष्ट निर्देश**

जिला पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश ने इस अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अंचलों में प्रशिक्षण का कार्य चरणबद्ध रूप से किया जाए और राज्य स्तरीय प्रशिक्षित अधिकारी ही पहले चरण में जिला स्तर पर प्रशिक्षण दें।

**समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश**

डीएम ने यह भी निर्देशित किया था कि सभी संबंधित अधिकारी 4 अगस्त को पूर्वाह्न 11:00 बजे तक प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहें। सभी पदाधिकारी समय पर पहुंचे और प्रशिक्षण प्राप्त कर महाअभियान की तैयारी सुनिश्चित की।

# सावन महोत्सव सीजन 4 का रंगारंग आयोजन, महक उठी 'परी वाटिका'

**धार्मिक सौहार्द और सांस्कृतिक रंगों में रंगा मिरगंज रोड, सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा ● डीएसपी समेत कई विशिष्ट अतिथियों ने किया दीप प्रज्वलन**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सीवान।** मिरगंज रोड स्थित परी वाटिका में आराध्या पीपल्स फाउंडेशन और आराध्या चित्रकला के संयुक्त तत्वावधान में सावन महोत्सव सीजन-4 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसपी सुनील कुमार एवं श्रीमती वंदना सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. रविंद्र नाथ पाठक, कृष्ण कुमार सिंह, आयोजक रजनीश कुमार, संजू मौर्य, अमन अरोड़ा, हेमंत कुमार, सुनीत रंजन, माधुरी देवी साथ भगवान जी पाण्डेय, राजीव रंजन शर्मा, शंभू सोनी, अभिषेक साहू, रानी साहू सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

मेहंदी, नृत्य और गायन में दिखी प्रतिभाओं की झलक

कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई, इसके बाद मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी रचना, सावन नृत्य, गायन और मनोरंजन खेलों में प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया।

सानिया सोनी को सावन क्वीन 2025 का ताज मिला रिंकू कुमारी बनीं मेहंदी क्वीन 2025।

अनु कुमारी, कैसरी खातून, सूफियानाज, शगुफ्ता नाज, इशरत जहां को श्रेष्ठ मेहंदी कलाकारों के रूप में सम्मानित किया गया। 20 अन्य कलाकारों को भी उपहार देकर किया गया सम्मानित। सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मोहा मन, कलाकारों ने बांधा समां




कार्यक्रम में गायन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**शंभू सोनी और प्रिया पंडित ने शानदार डुएट गाया**

नीति कुमारी ने 'सत्यम शिवम सुंदरम' गीत से भावविभोर किया

गायक अविनाश ने किशोर कुमार के गीतों से समां बांधा। स्टार हॉपर्स डांस एकेडमी के बच्चों की प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही।

**धार्मिक सौहार्द की मिसाल बना कार्यक्रम**

सावन महोत्सव में मुस्लिम युवतियों की भागीदारी ने सामाजिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की। मेहंदी जैसे पारंपरिक आयोजन में विभिन्न धर्मों की भागीदारी ने दशार्या कि ये पर्व मानवता और एकता के प्रतीक हैं।

अतिथियों और कार्यकताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में शामिल हुए डॉक्टर, समाजसेवी और



सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को भी सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में आए डॉ. के कुमार, डॉ. रीता कुमारी, डॉ रामेश्वर सिंह, डॉ शिखा गुप्ता, सरिता शर्मा, परमिंदर कौर, अश्वनी सोनी, डॉ. शबनम परवीन, अक्षत रोशन, हेमंत कुमार, सुनीत रंजन, अरविंद दुबे, अभिषेक तिवारी सहित अन्य को स्मृति चिह्न देकर किया गया सम्मानित

मंच संचालन अनोखी कुमारी और साक्षी ने किया

कार्यक्रम के सफल आयोजन में कई लोगों का रहा सहयोग सावन महोत्सव की सफलता में कई लोगों का सहयोग रहा। सुनील अरोड़ा (वाराणसी), शमा परवीन, अंकिता कुमारी, सपना मद्धेशिया, सोनिया कुमारी, गुड्डी कुमारी, अंशिका कुमारी सहित अन्य कार्यकताओं को भी सम्मानित किया गया।

**उपस्थित रहे कई गणमान्य लोग**



इस अवसर पर अरविंद दुबे, आदित्य कर्ण, बादल ब्याहुत, धनंजय कुमार, रंजीत अग्रहरि, गौरव कुमार, नेहा कुमारी, अर्जुन प्रजापति, दीपक अमरेंद्र कुमार, प्रिया कुमारी, पुनीता कुमारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। सावन महोत्सव सीजन 4 न सिर्फ रंगों, संगीत और कलाओं का संगम बना, बल्कि सामाजिक और धार्मिक एकता का सशक्त उदाहरण भी प्रस्तुत किया। आयोजकों की मेहनत और लोगों की भागीदारी ने इसे अविस्मरणीय बना दिया।

# अंतिम सोमवारी पर उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**





**गोह (औरंगाबाद)।** सावन मास की अंतिम सोमवारी के अवसर पर देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। सोमवार को तड़के 2:30 बजे से शुरू हुए जलाभिषेक का सिलसिला देर शाम तक अनवरत चलता रहा। अनुमान के अनुसार एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया, जिसमें एक हजार से अधिक कांवरिया भी शामिल रहे। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से लगातार गूंजता रहा। श्रद्धालुओं की लंबी कतारें सुबह से ही मंदिर प्रांगण में उमड़ने लगी। कांवरियों के लिए रहने, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था मठ परिसर में की गई थी। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

प्रशासन रहा सतर्क, सुरक्षा के किए पुख्ता इंतज़ाम

श्रावणी मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने हेतु जिला प्रशासन द्वारा चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। मंदिर परिसर, सहस्त्रधारा कुंड घाट, महिला-पुरुष कतार, तिराहा मोड़, नौरंगा मोड़, दुलार बिगहा मोड़, हॉस्पिटल मोड़, बघोई रोड में पुराने बरगद के पास तथा जरासंध मंदिर के समीप बनतारा रोड पर ड्रॉप गेट सहित प्रमुख स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन की ओर से 80 महिला एवं पुरुष सुरक्षाकर्मी, ग्राम रक्षा दल के 40 सदस्य, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 30 सदस्य और च्यवनाश्रम सेवा समिति के स्वयंसेवक भी अपनी-अपनी ड्यूटी पर मुस्तैदी से तैनात रहे। सुरक्षा, सेवा और श्रद्धा के इस संगम ने सावन की अंतिम सोमवारी को देवकुंड में अविस्मरणीय बना दिया।

## रफीगंज में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड परिसर के बहुद्देश्यीय भवन में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान जोर-शोर से जारी है। अभियान के तहत बीएलओ द्वारा 2003 की मतदाता सूची के आधार पर नामों का सत्यापन व ऑनलाइन अद्यतन किया जा रहा है। डीआरडीए निदेशक अनुपम कुमार ने जानकारी दी कि जिन लोगों के नाम सूची में पहले से हैं, उनके परिवार के किसी सदस्य से पहचान की प्रमाणिकता कराई जा रही है। वहीं, जिन लोगों के नाम अभी तक सूची में नहीं हैं, वे प्रपत्र-6 भरकर नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए एक माह का समय निर्धारित किया गया है।अभियान के दौरान बीडीओ उपेंद्र दास, प्रशिक्षु बीडीओ व्रजेश कुमार, कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन कुमार एवं क्षेत्र के बीएलओ भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने आमजन से इस अवसर का लाभ उठाने और सुनिश्चित मताधिकार के लिए सक्रिय भागीदारी की अपील की।

# महापरिवर्तन आंदोलन की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** महापरिवर्तन आंदोलन की एक अहम बैठक रविवार, 3 अगस्त को अपराह्न 3 बजे स्थानीय वृद्धा आश्रम सह जिला प्रवक्ता रामजन्म सिंह के आवास पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने की, जबकि संचालन संतोष कुमार सिंह ने किया। बैठक में आंदोलन को जिलेभर में विस्तार देने और स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। श्री सिंह ने कहा कि पूर्व आईपीएस अधिकारी वीके सिंह के नेतृत्व में महापरिवर्तन आंदोलन बिहार में एक मजबूत जनांदोलन का रूप ले चुका है। इसी क्रम में जिला शिष्टमंडल के नेतृत्व में प्रखंड स्तर पर संयोजक मंडल के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इस दौरान औरंगाबाद प्रखंड संयोजक मंडल में सुशील कुमार (वार्ड पार्षद), अविनाश कुमार, संतोष कुमार सुमन, संजीव कुमार, गोविंद प्रसाद अकेला, सुधीर कुमार सुधांशु को शामिल किया गया। कुटुंबा प्रखंड में रिंकू सिंह, विजय कुमार सिंह, बालकेश प्रसाद, अजय पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, विजय कुमार कश्यप एवं कुमार विकास को संयोजक चुना गया। देव प्रखंड के संयोजक बनाए गए संजय कुमार सिंह, हसपुरा प्रखंड से रामाश्रय प्रसाद सिंह तथा बारुण प्रखंड से जवाहर प्रसाद का चयन किया गया। सभी प्रखंड संयोजकों को निर्देशित किया गया कि वे शीघ्र ही प्रखंड स्तर पर संयोजक मंडल का गठन करें और सभी विभागों के पदाधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं को उजागर करें। बैठक में उपस्थित उपाध्यक्ष लवलेश यादव ने कहा कि आंदोलन का मूल उद्देश्य शिक्षा, चिकित्सा और स्वच्छता के माध्यम से आमजन को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क के जरिए आंदोलन को जनांदोलन में बदला जाएगा। बैठक में इंजीनियर दूधेश्वर प्रसाद, अबरार हसन, अवधेश सिंह, डॉ. हरिलाल कुमार कुशवाहा, अधिवक्ता कमला प्रसाद, राजेश कुमार रंजन, धर्मेंद्र कुमार, डॉ. संतोष कुमार और कुंती देवी सहित कई प्रमुख लोगों ने भाग लिया। इन सभी ने संयुक्त रूप से कहा किताबें भले चुप रहती हैं, पर जिसने पढ़ लिया, वह बोलना और लड़ना सीख जाता है। शिक्षा को हथियार बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई ही महापरिवर्तन आंदोलन का उद्देश्य होना चाहिए।

# सरस्वती शिशु मंदिर में केश सज्जा व मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, औरंगाबाद में सोमवार को रचनात्मकता और सौंदर्य से परिपूर्ण केश सज्जा एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं सौंदर्यकला का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक शैली में विभिन्न प्रकार की केश सज्जा की तथा मनमोहक मेहंदी डिज़ाइनों के माध्यम से अपनी कला का परिचय दिया। रचनात्मकता और कौशल से भरी इस प्रतियोगिता ने विद्यालय परिसर को एक सांस्कृतिक रंग में रंग दिया। इस अवसर पर प्रिया सिंह और राखी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं को अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति के अवसर प्रदान करती हैं और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती हैं। विद्यालय की आचार्याएं अनंता, किरण, रेनू, माया और बहन अदिति कुमारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। सभी ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के आचार्य नंदलाल ने प्रतियोगिता के यादगार पलों को संजोते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम था, बल्कि छात्राओं के व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास भी रहा।

## गोह थाना पुलिस की छापेमारी में मिली सफलता, न्यायिक हिरासत में भेजे गए आरोपित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना पुलिस ने अवैध शराब निर्माण और बिक्री के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए सोमवार को लोहड़ी गांव स्थित छठ्ठू बिगहा टोला में छापेमारी कर 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। मौके से दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान लोहड़ी गांव निवासी रामपति बिंद के पुत्र सुड्डू कुमार एवं अजीत कुमार के रूप में की गई है। दोनों को आवश्यक पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गोह थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर कड़ी नजर रखी जा रही है और ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# जहानाबाद पोस्टमार्टम हाउस की हालत बूचड़खाने से भी बदतर

**दुर्गंध, गंदगी और अव्यवस्था बनी पोस्टमार्टम हाउस की पहचान, बदबू और सफाई की कमी से शव लाने वालों को झेलनी पड़ती है दुश्वारियां**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला मुख्यालय में स्थित इकलौता पोस्टमार्टम हाउस इन दिनों खुद बदइंतजामी का शिकार बन चुका है। यहां गंदगी का ऐसा आलम है कि शव को पोस्टमार्टम कराने लेकर आने वाले लोगों को भी भारी कठिनाई और परेशानियों का सामना पड़ता है। पोस्टमार्टम हाउस के आसपास न सिर्फ कचरे का ढेर लगा है, बल्कि बदबू इतनी तीव्र होती है कि मानो बूचड़खाना हो। यहां लोगों को कुछ देर खड़ा रहना तो दूर इस स्थान से गुजरने में भी सांसे रोकनी पड़ती है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यहां न तो कभी नियमित फिनायल और ब्लीचिंग का छिड़काव होता है और न ही कोई साफ-सफाई की व्यवस्था है। जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है। यह स्थिति न सिर्फ मृतकों के परिजनों के लिए पीड़ादायक है, बल्कि वहां कार्यरत डॉक्टरों और स्टाफ के लिए भी खतरनाक बन चुकी है। पोस्टमार्टम हाउस की बदहाली का पता इससे भी लगता है कि पिछले कई दशक से कार्यरत पोस्टमार्टम हाउस की पहचान बताने के लिए सड़क पर या पोस्टमार्टम हाउस के आसपास कोई भी स्पष्ट बोर्ड तक नहीं है, जबकि इसके आसपास के मेडिकल स्टोर के विज्ञापन के बोर्ड नजर आते हैं। यहां भी देखा गया कि शव को सुरक्षित रखने के लिए कोई व्यवस्था न तो यहां और न ही सदर अस्पताल में है। पोस्टमार्टम के लिए लाए जाने वाले अधिकांश डेड बॉडी खुली जगह पर रखी जाती हैं, जिससे बदबू और संक्रमण की आशंका और भी बढ़ जाती है। यहां पर फैली गंदगी और कूड़े कचरे का अंबार स्वच्छता अभियान की धज्जियां भी उड़ाती है। देखा जाए तो यह एक अत्यंत संवेदनशील स्थान है जहां हर दिन पीड़ित और मर्माहत मृतकों के स्वजन किसी अपने को लेकर आते हैं, जहां उन्हें अमानवीय परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। हालांकि, इस संबंध में अब तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पोस्टमार्टम हाउस के स्टाफ से जब इस विषय पर बात करने की कोशिश की गई तो वे कुछ भी कहने से बचते नजर आए। हालाकि इस दौरान उन्होंने यह स्वीकार किया कि बदबू और गंदगी से उन्हें भी काफी तकलीफ होती है। स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने नगर परिषद और सदर अस्पताल प्रबंधन के साथ जिला प्रशासन से इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान देने की मांग की है।

# अंतिम सोमवारी पर योगेश्वरनाथ मंदिर में जलाभिषेक को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिले के अति प्राचीन और ऐतिहासिक शिवालयों में से एक हुलासगंज प्रखंड के जारु - बनवरिया गांव के पास 400 मीटर ऊंचे पहाड़ पर अवस्थित योगेश्वरनाथ धाम मंदिर के रास्ते में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद दूर-दूर से कावड़ यात्री और श्रद्धालु यहां जलाभिषेक करने आ रहे हैं।प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रूप से सुविख्यात इस मंदिर के विकास और पुनरुद्धार का कार्य स्थानीय लोग और योगेश्वर नाथ धाम ट्रस्ट की ओर से तो किया गया लेकिन बुनियादी सुविधा जिसमें आवागमन के रास्ते, बिजली, शौचालय और यात्रियों के ठहरने के लिए धर्मशाला आदि की व्यवस्था जिला प्रशासन और सरकार के स्तर से आज तक नहीं की गई। हालाकि इसके बावजूद दूर-दूर से श्रद्धालु यहां सावन महीने में जलाभिषेक करने आ रहे हैं। सावन के अंतिम सोमवारी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा योगेश्वरनाथ को जलाभिषेक किया। पटना जिले के फतुहा से कावड़ में जल भरकर श्रद्धालु यहां जलाभिषेक करने आते हैं। सोमवार को यहां पर श्रद्धालुओं की विशेष भीड़ उमड़ी। बाबा योगेश्वर नाथ धाम ट्रस्ट के प्रबंधक रविंद्र कुमार, सचिव शैलेंद्र कुमार के साथ- साथ सलेमपुर गांव के सेवानिवृत्त सेना के जवान रजनीश कुमार उर्फ मुन्ना के सहयोग से प्रत्येक सोमवार को सभी शिव भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अंतिम सोमवारी पर बड़ी संख्या में महिलाएं ढोल- झाल के साथ भोलेनाथ का भजन और गीत प्रस्तुत करते नजर आए। इस दौरान एलओसी सेना भर्ती ट्रेनिंग सेंटर मखदुमपुर में होमगार्ड के लिए चयनित सफल युवाओं अभिषेक कुमार, लाल बाबू, सौरभ कुमार, आदि को सम्मानित किया गया।

हालांकि देखा जाए तो ऐतिहासिक और मनोरम योगेश्वर नाथ धाम में शाम ढलने के बाद यात्रियों की सुरक्षा की समस्या और आवागमन के कच्चे रास्ते के कारण लोग शाम ढलने से पहले ही अपने अपने गंतव्य की ओर रवाना होने लगे। क्योंकि वीरान इस स्थल पर श्रद्धालुओं को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर सरकार के स्तर पर कई बार गुहार लगाया लेकिन इसके बावजूद इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई ठोस योजना अब तक नहीं बनाई जा सकी है।

# सावन की अंतिम सोमवारी पर शिव मंदिरों में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** सावन माह के अंतिम सोमवारी को लेकर प्रखंड के कई मंदिर में जलाभिषेक व पुजा अर्चना को लेकर शिवभक्तों की भारी भीड़ जुटी। अहले सुबह से ही महिला पुरुष भक्तजनो भीड़ देखी गयी। इस मौके हजारों महिला पुरुष शिव भक्तों ने पश्चिम बंगाल स्थित फरक्का में गंगा में डुबकी लगाकर जल भर पैदल बोल बम का नारा लगाते हुए क्षेत्र के विभिन्न शिवालय पहुंचे और माता पार्वती बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान भक्तों ने माता गौरी शंकर गुफा, सहस्त्र शिवलिंगेश्वर, फुटलकी में मां पार्वती और नटराजन भगवान शिव शंकर, बाबा बैजनाथ धाम, दूर्गा चौक शिव मंदिर, कचहरी रोड़ मंदिर, मानव घाट खिरियावां, सीता थापा शिव मंदिर समेत अन्य शिव मंदिरों में पूजा अर्चना किया। पूजन के दौरान शिवभक्त हर-हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे। सावन माह में सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना का अलग महत्व है। ऐसी धारणा है कि सावन माह में भगवान भोले शंकर अपने पूरे परिवार के साथ शिवालय में विराजमान रहते हैं।

# राजद नेता से मिले एआईएमआईएम नेता शाने अली, रफीगंज से चुनाव लड़ने के दिए संकेत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** गोरडीहा पंचायत स्थित बशारतपुर गांव में बीमार चल रहे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता सैयद शाहजादा शाही से एआईएमआईएम के नेता शाने अली ने रविवार को शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शाने अली ने देश में लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए आमजन को जागरूक करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि ल्लदेशभर में लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, जो चिंताजनक है। अगर किसी का डबल नाम है तो सरकार उसे चिन्हित कर सार्वजनिक करे, लेकिन बेवजह नाम हटाना लोकतंत्र के खिलाफ है। उन्होंने बिहार में पार्टी के सक्रिय रूप से चुनाव लड़ने की बात कही और रफीगंज विधानसभा सीट से खुद चुनाव लड़ने का संकेत भी दिया। साथ ही समर्थकों से अभी से तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। इस अवसर पर पार्टी के मगध प्रभारी तालिव मिलानी, आवेद, सेराज अंसारी, खलीकुर रहमान, मोहम्मद नसीम, आलम शेख, बदर आलम, शहवाज, राजू कुरैशी, भोला कुरैशी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाबा सिद्धनाथ मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** वाणावर पहाड़ स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में सावन के चौथे एवं अंतिम सोमबारी के दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ जलाभिषेक किया। रविवार की देर रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगने लगी थी। जो पूरी रात श्रद्धालु आते रहे। श्रद्धालु पहाड़ी इलाका के हथियाबोर, पातालगंगा एवं बावन सीढ़ियां इलाके में बने जलस्तोत्र से स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे और कतार में खड़े होकर मुख्य द्वार पर लगे अर्धा के माध्यम से बाबा सिद्धेश्वर नाथ मंदिर में जलाभिषेक किया। मौके पर श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। पहाड़ी इलाका के जगह-जगह पर पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट को तैनात किया गया है। वही मंदिर परिसर को ब्रेकेटिंग की गई है। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, मेडिकल सुविधा, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, लाइटिंग इत्यादि की सुविधा की गई है। वाणावर श्रावणी मेला को लेकर देर रात डीएम अलंकृता पांडे, एसपी विनीत कुमार सहित जिले के कई अधिकारी बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे एवं मेला में तैनात अधिकारी, पदाधिकारी के उपस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मेला क्षेत्र में संचालित मेडिकल कैंप, मंदिर जाने वाले रास्ते में तैनात पुलिस बल, मजिस्ट्रेट एवं मंदिर पर पहुंचकर तैनात अधिकारियों से विधि व्यवस्था का जायजा लिया। अधिकारियों ने कहा की मेला के दौरान किसी तरह की कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोई भी अधिकारी अपने ड्यूटी से गायब मिलेंगे तो उनपर कार्रवाई की जाएगी। बताते चले की डीएम वा एसपी वाणावर पहाड़ पहुंचकर मेला में विधि व्यवस्था का जायजा लिए।

## मतदाता सूची की त्रुटियों को लेकर अजीत कुमार ने उठाए सवाल, घर-घर जांच की मांग

**ओबरा (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य एवं जिला उपाध्यक्ष अजीत कुमार ने विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारूप मतदाता सूची तो प्रकाशित कर दी गई है और 1 सितंबर 2025 तक आपत्ति और दावा दायर करने के लिए शिविर भी प्रखंड मुख्यालयों में लगाए जा रहे हैं, लेकिन आम मतदाताओं को इस प्रक्रिया की जानकारी ही नहीं मिल पा रही है। अजीत कुमार, जो सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक और शिक्षक नेता भी हैं, ने कहा कि यह समझ से परे है कि कोई मतदाता कैसे यह जान पाएगा कि उसका नाम सूची में है या नहीं? और यदि नाम है भी तो उसमें नाम, पता, उम्र या फोटो जैसी जानकारी सही है या नहीं – इसकी जांच कैसे की जाए? उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की कि एक बार फिर बूथ स्तरीय पदाधिकारियों को घर-घर जाकर सूची मिलान का कार्य करना चाहिए, ताकि हर मतदाता को अपने परिवार के सभी सदस्यों के विवरण की जांच का अवसर मिल सके। उन्होंने आगाह किया कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो अनेक मतदाता शिविर तक नहीं पहुंच पाएंगे, और जिनका नाम सूची में दर्ज नहीं हुआ है, उन्हें जानकारी ही नहीं मिलेगी। इससे न सिर्फ लोग मतदान के अधिकार से वंचित रह जाएंगे।

# जहानाबाद समाहरणालय परिसर बना रणक्षेत्र महिला ने पति और बहू की कर दी पिटाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद समाहरणालय परिसर सोमवार को बना रणक्षेत्र। जमीनी विवाद को जिलाधिकारी के समक्ष सुलझाने आए परिवार में जमकर हुई मारपीट।बताया जाता है कि सोमवार को समाहरणालय परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब जिलाधिकारी के समक्ष जमीनी विवाद को सुलझाने आए एक परिवार ने आपस में ही मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान टेनी बिगहा गांव की एक महिला ने अपने पति और बहू की जमकर पिटाई कर दी, जबकि वहां कार्यालय के कर्मचारी तमाशबीन बने रहे और उनमें से कुछ लोग मोबाइल से वीडियो बनाते दिखे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जहानाबाद नगर थाना क्षेत्र के टेनी बिगहा गांव का एक परिवार जमीनी विवाद को सुलझाने के लिए डीएम कार्यालय के भू- अर्जन विभाग पहुंचा था। जिसमें महिला, उसका पति, बेटा और बहू शामिल थे। महिला का आरोप है कि उसका पति धीरे-धीरे सारी जमीन एक बेटे और उसकी बहू के नाम लिख रहा है, जबकि दूसरे बेटे को कुछ नहीं दिया जा रहा है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और कार्यालय परिसर में ही महिला ने अपने पति और बहू की पिटाई शुरू कर दी।

इस घटना के दौरान कार्यालय के कर्मचारी बाहर निकलकर मारपीट का तमाशा देखते रहे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव की कोशिश नहीं की। कुछ लोगों ने घटना का वीडियो भी बनाया। आज के समय में ऐसे दृश्य विचलित तो करते ही हैं मगर सच्चाई यह भी है कि संपत्ति के लोभ लालच में व्यक्ति रिश्तों को तार- तार कर रहा है।इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

# टोल मैनेजर से मारपीट मामले में युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के सेरथुआ के समीप बने टोल प्लाजा के मैनेजर से मारपीट मामले में टेहटा थाना में कुछ दिन पूर्व प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने मंटू यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की कुछ दिन पूर्व टोल मैनेजर रंजन यादव के साथ मारपीट का मामला सामने आया था जिसमें मंटू यादव के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज की गई थी। इस मामले में उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। साथ ही उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा पर किसी के द्वारा रंगदारी मांगने या वहां मौजूद कर्मियों को धमकाने या मारपीट करने का मामला सामने आएगा तो उसे पुलिस किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगी। थाना अध्यक्ष ने टोल कर्मियों को निर्भीक होकर टोल चलाने का निर्देश दिया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी को लेकर समाहरणालय कक्ष में समन्वय बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला प्रशासन, जहानाबाद द्वारा आगामी 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के सिलसिले में समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की संयुक्त अध्यक्षता जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा की गई। बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कारगिल चौक पर शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप माल्यार्पण तथा गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके उपरांत मुख्य समारोह का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान में किया जाएगा, जहां पूर्वाह्न 09:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण उपरांत वरीय पदाधिकारीगण द्वारा महादलित टोलों में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया जाएगा। इस हेतु जिला कल्याण पदाधिकारी को समुचित तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को गांधी मैदान एवं नगर क्षेत्र के सभी स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। वहीं, जिला नजारत शाखा के प्रभारी पदाधिकारी को विशिष्ट अतिथियों एवं वरीय पदाधिकारियों को आमंत्रण भेजने की जिम्मेदारी सौंपी गई।पुलिस उपाधीक्षक (लाइन) को आकर्षक परेड आयोजन तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को राष्ट्रगान प्रस्तुति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला कला संस्कृति पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को संयुक्त रूप से दायित्व सौंपा गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस समारोह को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराएं।इस बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजीव कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन, पुलिस उपाधीक्षक सदर, जिला जन-सम्पर्क पदाधिकारी , जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मतदान केन्द्रों पर आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देशानुसार आज उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में न्यूनतम आधारभूत सुविधाएं (ए.एम.एफ) को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के तहत सभी मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में नोडल पदाधिकारी, ए.एम.एफ. कोषांग को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों पर शौचालय, शेड, फर्नीचर, बिजली, पेयजल, रैम्प, भवन आदि आवश्यक सुविधाओं को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के माध्यम से समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा किया जाए। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया कि जिन मतदान केन्द्रों पर बिजली की सुविधा नहीं है, वहां अविलंब आपूर्ति सुनिश्चित करें। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालय आधारित मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग हेतु दो अतिरिक्त विद्युत प्वाइंट की व्यवस्था की जाए एवं फर्नीचर की उपलब्धता तथा रैम्प की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महादलित टोले में करेंगे झंडात्तोलन

## संभावित कार्यक्रम को लेकर पुनपुन में किया गया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर महादलित टोले में झंडातोलन करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पूरा जिला प्रशासन जोर-शोर से तैयारी में जुटा हुआ है। ऐसे में पुनपुन प्रखंड के कल्यांणचक पंचायत के डेहरी महादलित टोला में संभावित कार्यक्रम को लेकर सोमवार को डीडीसी समीर सौरभ ने स्थल का निरिक्षण किया। मौके पर पूर्व मंत्री श्याम राजक, जिला जदयू ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह समेत कई लोग कार्यक्रम के दौरान शामिल रहे। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 15 अगस्त और 26 जनवरी के मौके पर मुख्यमंत्री महादलित टोले में जाकर गांव के सबसे बुजुर्ग महादलित के समक्ष झंडातोलन कार्यक्रम में शामिल होते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि महादलित के विकास और उत्थान को लेकर मुख्यमंत्री कटिबद्ध है। इसी संदर्भ में मुख्यमंत्री महादलित टोला में जाकर गांव के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के साथ झंडातोलन कार्यक्रम करते हैं। इस बार भी पुनपुन प्रखंड के कल्याणचक पंचायत के डिहरी में महादलित टोला में संभावित कार्यक्रम हो सकता है। तैयारी चल रही है। मौके पर पुनपुन बीडीओ मानेनद्र कुमार, सीओ, समाजसेवी मनीष कुमार आदि शामिल रहे।



# मां जानकी मंदिर पुनौरा धाम शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों ने लिया जायजा

## 8 को होना है शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सीतामढ़ी।** दिनांक 8 अगस्त 2025 को मां जानकी मंदिर पुनौरा धाम का शिलान्यास कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के निमित जिला प्रशासन सीतामढ़ी के द्वारा हर स्तर पर तैयारियां मुकम्मल की जा रही हैं एवं उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ सरकार के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया जा रहा है। इस क्रम में आज आयुक्त तिरहुत प्रमंडल, राजकुमार पुनौरा धाम स्थित कार्यक्रम स्थल को विजिट किया। आयुक्त के द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों को कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर, भूमि पूजन स्थल, सभा स्थल, हेलीपैड स्थल सहित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों का जायजा लिया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी तैयारियां समयबद्ध एवं समुचित ढंग से पूर्ण कर ली जाए ताकि आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पुलिस एवं ट्रैफिक अधिकारियों का स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया, वर्षा के कारण जल जमाव की स्थिति को देखते हुए नगर आयुक्त को युद्ध स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया दिया गया । आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्तर पर तैयारी में कोई चूक नजर नहीं आनी चाहिए। आयुक्त के द्वारा विद्युत विभाग, पथ निर्माण विभाग, पीएचईडी को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम स्थल के सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। आयुक्त के द्वारा सर्किट हाउस सीतामढ़ी का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर जिलाधिकारी रिची पांडे, पुलिस अधीक्षक अमित रंजन तथा अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।



# पीएम मोदी, सीएम नीतीश के अलावा फौजी भाईयो के लिए बहनों ने भेजी राखी



शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत मां बहनों की सिंदूर की लाज बचाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार में महिलाओं के लिए किए गए कार्यों को लेकर इस बार मसौढ़ी से तकरीबन सैकड़ो की संख्या में बहनों ने मसौढ़ी से स्पीड पोस्ट के जरिए राखी भेजी हैं। भाजपा महिला मोर्चा के आशा किरण सिंह ने बताया कि आपरेशन सिंदूर के माध्यम से महिलाओं के मांग के सिंदूर की मोदी जी ने इज्जत रखी है। दुश्मनों द्वारा कायराना हमला करके बहनों का सिंदूर पोछ दिया तो भाई की भूमिका में पीएम नरेन्द्र मोदी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए बदला लिया और हम बहनों को अपने भाई पर गर्व करने का मौका दिया है। राखी भेज रही बहनों ने बताया कि बहन के स्वाभिमान की रक्षा और सिंदूर की कीमत एक सगा भाई ही समझ सकता है। मोदी जी ने बड़े भाई की भूमिका बखूबी निभाई है और राखी का लाज रखा है। दरअसल बताया जाता है कि आगामी 9 जुलाई को रक्षाबंधन का त्योहार है जहां पर हर बहने अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना करने को लेकर हाथों में राखी बांधती है। ऐसे में इस बार मसौढ़ी से महिलाओं ने सरहद पर देश की सुरक्षा करने वाले तमाम वीर जवानों के लिए सभी बहने राखी भेज रही हैं। इसके अलावा बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किए गए महिलाओं के सामाजिक उत्थान जिसमें जीविका दीदीया आशा बहनें आदी महिलाओं के मान सम्मान के लिए चलाए जा रहे योजनाओं से प्रभावित होकर इस बार कई गांव की महिलाएं मसौढ़ी से स्पीड पोस्ट के जरिए राखी भेज कर उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए लंबी उम्र की कामना की है। भाजपा महिला मोर्चा के आशा किरण सिंह, शोभा कुमारी, मृदुला पटेल, पुष्पा देवी, प्रभा देवी, रिंकू देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी, रिंकू कुमारी एवं कई अन्य शामिल रहे।

# उ. मध्य विद्यालय उर्दू मालिकाना में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

## मुस्लिम छात्राओं ने हाथों में लगाई मेहंदी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** एक तरफ सावन के महीने में हर महिला, लडकियों में हाथों में मेहंदी रचाने के प्रति उत्साह दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर मुस्लिम लड़कियां भी हाथों में मेहंदी लगाकर प्राकृतिक सौंदर्य के रस में विभोर हो रही है, ऐसे में सोमवार को मसौढ़ी के उत्क्रमित मध्य विद्यालय उर्दू मलिकाना में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां मुस्लिम छात्राओं के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वे अपनी कला का प्रदर्शन की। प्रतियोगिता में, छात्राएं विभिन्न प्रकार की मेहंदी डिजाइनों को अपने हाथों पर बनाई, जिसमें पारंपरिक और आधुनिक शैलियों को शामिल किया गया। वही स्कूल की कई महिला शिक्षकों ने भी मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल हुई। स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अशरफ प्रवेज ने कहा कि मेहंदी प्रतियोगिता छात्राओं को अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल को विकसित करने में मदद करती है। यह प्रतियोगिता विभिन्न संस्कृतियों और कला रूपों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करती है। मेहंदी प्रतियोगिता में सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर एवं आकर्षक मेहंदी डिजाइन अपने हाथों पर बनाकर दिखाया। इस मेहंदी प्रतियोगिता में न केवल छात्राओं ने हाथों में मेहंदी रचाई बल्कि विद्यालय के सभी शिक्षिका भी हरे रंग के परिधान में दिखाई दी और हाथों में मेहंदी लगाकर खुशी का इजहार किया। मेहंदी प्रतियोगिता में शामिल हुई छात्राओं में शाहीना, आसफा हसनैन, गुलशनोवर, मरियम, सनाया आदी शामिल रही।



# खतरे के निशान तक पहुंची पुनपुन, दरधा नदी खतरे के निशान से उपर, हाई अलर्ट पर प्रशासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पिछले दो दिनों से रुक-रुक कर रिमझिम और मूसलाधार बारिश के साथ एक बार फिर से नदियों में ऊफान आ गया है। गंगा नदी के अलावा आसपास की पुनपुन एवं दरधा नदी में भी उफान देखने को मिल रहा है। मसौढ़ी अनुमंडल के पुनपुन नदी रौद्र रूप दिखाने लगी है। दरअसल दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से नदी का जलस्तर बढ़ने लगा है। पुनपुन नदी के तटवर्ती इलाके को नागरिकों को डराने लगी है. पुनपुन नदी खतरे के निशान के करीब बह रही है। पुनपुन नदी का पानी पटना-गया रेल खंड पर पुनपुन घाट रेलवे ब्रिज को छूने के लिए आतुर है. इसको लेकर पुनपुन नदी के विकराल रूप देखकर तटवर्ती इलाकों में दहशत है। पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान से महज एक सेंटीमीटर निचे बह रही है। आसपास के इलाकों में खतरा मंडराने लगा है. जिसको लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। केंद्रीय जल आयोग निगरानी गंगा के कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी पुनपुन नदी जलस्तर पर लगातार नजर रखे हुए है। जल आयोग के कर्मचारी राज किशोर के अनुसार पुनपुन नदी में उफान पर है. नदी का जलस्तर 1 सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है. विभाग के मुताबिक पानी घटने की संभावनाएं अभी नजर नहीं आ रही है। पुनपुन नदी में लगातार जलस्तर की बढ़ोतरी हो रही है। पुनपुन नदी 50.60 के खतरे के निशान के करीब 50.59 बह रही है वही धनरूआ में दरधा नदी खतरे के निशान 56.70 से 57.4 यानी खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर बह रही है जिसे आसपास के इलाकों में एक बार फिर से खतरा मंडराने लगा है गांव में पानी घुसने लगा है।

# सावन की अंतिम सोमवारी को शिवालियों में उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर मसौढ़ी धनरूआ एवं पुनपुन प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों को सुबह से ही जलाभिषेक करने के लिए भीड़ उमड़ी हुई रही और सभी शिवालयों में हर हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। ऐसे में मसौढ़ी के श्रीरामनाथेश्वर मंडप मंदिर, मणिचक, मलिकाना, कैलूचक, ब्लॉक रोड के अलावा पुनपुन के समकूडा स्थित शिवमंदिर मे रूद्राभिषेक का आयोजन हुआ वहीं धनरूआ का बुढवा महादेव स्थान जिसे गौरीशंकर मंदिर कहा जाता है।जो सावन के महिने मे शिवभक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता है जहां श्रद्धालुओं की मन की मुराद पुरी होती है। यहां का शिवलिंग साढे 5 फीट का है जो आकर्षण का केंद्र बिंदु रहता है और कहा जाता है कि यहां जो भी शिव भक्त सच्चे दिल से भोलेनाथ से कोई भी मुराद मांगते हैं तो उनकी मन्नतें हमेशा पूरी होती है। यहां पर भगवान भोलेनाथ आपरूपी जमीन से निकले थे, इनके बारे में कई कहानियां भी प्रचलित है कहते हैं कि एक शिव भक्त भगवान भोलेनाथ को चैलेंज किया था कि आप अपना चमत्कार दिखाइए हम अपना जीभ काट कर आपको चढ़ा देंगे, ऐसे में भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग सुबह में पूरब दिशा में था, लेकिन शाम होते ही उनका मुख पश्चिम दिशा में हो गया यह चमत्कार देखते ही पूरे इलाके में इसकी चर्चा जोर हो गई जिसको लेकर और भी इसका महत्व बढ़ गया। हर महिला अपनी संतान सुख की प्राप्ति करने के लिए यहां पर मन्नत मांगते हैं।

### मंदिरों में भक्तों का लगा रहा तांता

**दानापुर।** सावन मास के चौथी सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में बम बम भोले के जयकारें गूंज उठे. शिवालयों में शिवलिंग का विशेष शृंगार कर जलाभिषेक किए गए. शिव मंदिरों में सावन माह के चौथी सोमवारी को विशेष पूजा अर्चना की गई। लोगों ने शिवालयों में भगवान शिव, पार्वती, गणेश, कार्तिकेय और नंदी पर बिल्व पत्र, धतूरा, आकड़ा, पुष्प सहित अन्य सामग्री चढ़ाकर विशेष पूजन किया. सावन मास के दौरान बालिकाओं व युवतियों ने अच्छे वर व घर की मंगलकामना से व्रत का संकल्प धारण किया, वहीं महिला वर्ग ने भी घर में सुख-शांति व समृद्धि के लिए व्रत शुरू किया। नगर के गोला रोड स्थित प्राचीन झखड़ी महादेव ,गोलापर राम जनकी मंदिर, सदर बाजार शिव मंदिर, बीआरसी के नवलख मंदिर, सुलतालपुर शिव मंदिर, मैनपुरा शिव मंदिर, आनंद बाजार शिव मंदिर, सगुना शिव मंदिर, पेठिया बाजार शिव मंदिर, तकियापर शिव मंदिर समेत आदि जगहों शिवालयों में भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना किया। वहीं अवस्थी घाट तेलिया महादेव मंदिर में विशेष जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की गयी और शाम में महिलाओं श्रद्धालुओं कीर्तन व भजन किया।

# माले का 8 अगस्त तक बूथ चलो अभियान, 10 को होगी पदयात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी 8 अगस्त तक बूथ चलो अभियान मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में चलाया जा रहा है। बूथ चलो अभियान में सक्षम साथियों की टीम बनाकर सघन जांच की जा रही है। सभी प्रखंडों में बूथों पर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रही है और यह पता कर रही है की बूथ पर कितने लोग मृत पाए गए हैं वह सही है या जिंदा लोग को ही मृत की सूची में डाल दिया गया है वहीं प्रवासी के नाम पर कितने लोगों का नाम काटा है उसके साथ-साथ कितने लोग चुनाव आयोग के 11 दस्तावेजों को दे पाए हैं इसके लिए सघन तौर पर आवासीय व जाति प्रमाण पत्र बनाने की चर्चा लोगों से की जा रही है। बूथ चलो अभियान के आलोक में सोमवार को पुनपुन में भाकपा माले के पोलित सदस्य सह पटना जिला सचिव कामरेड अमर ने नूरीचक नीमा वैसा लखना में बुथो की सघन जांच पड़ताल की। जिसमें पुनपुन प्रखंड सचिव कामरेड मोहन मुन्ना चौहान, मिथिलेश कुमार, अवधेश पासवान व स्थानीय नेता कार्यकर्ताओं वह बूथ लेवल एजेंट के द्वारा किया जा रहा है यह अभियान 8 अगस्त तक चलेगा और पूरे अगस्त महीने में अभियान चलेगा जिसमें 10 अगस्त से पदयात्रा चलेगी, जिसमें राष्ट्रीय नेता शिरकत करेंगे।

# धनरूआ में 20 सूत्री की बैठक में कई अहम मुद्दे पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि भवन सभागार में सोमवार को 20 सूत्री प्रखंड कार्यक्रम समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता वेद प्रकाश ने की। संचालन बीडीओ सीमा कुमारी ने किया। बताया जाता है कि यह 20 सूत्री समिति की दूसरी बैठक है, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गयी. जिनमें मुख्य रूप से बैठक में प्रधानमंत्री आवास, विद्युत आपूर्ति, सफाई, पेयजल सहित कई योजनाओं में गड़बड़ी को लेकर सदस्यों ने नाराजगी दिखाई। बीस सूत्री सदस्य दिलिप कुमार ने धनरूआ के डुमरा मे नल जल की व्यवस्था को चौपट बताया। इसके अलावा सिम्हाडी सहीत कई गांव मे किसानों के कृषि फीडर ट्रांसफार्मर और बिजली तार नही लगाने की समस्या से अवगत कराया गया। वही वेद प्रकाश ने किसानों के पटवन के लिए लघु सिचाई विभाग पर नाराजगी व्यक्त की। इसके अलावा लेबर कार्ड बनाने के नाम गरीबों से पैसा ऐठने पर कारवाई, शौचालय बनवाने मे अनियमितता आदि पर चिंता व्यक्त करते हुए अविलंब इसे दुरुस्त करने की मांग की। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी, प्रखंड प्रमुख बबीता देवी, एमओ निर्भय कुमार, पीओ विरेंद्र प्रसाद, बिजली जेईई, पीएचईडी जेईई के अलावा बीस के उपाध्यक्ष सतिश कुमार, सदस्यों में दिलिप कुमार( पूर्व सैनिक), अरविंद सिंह, उपेंद्र सिंह, दिपक कुमार, धर्मेंद्र पासवान, विकास कुमार, रंजन कुमार (मुखिया) सहित अन्य मौजूद रहे।

# पूर्व भाजपा विधायक ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया दौरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व विधायक रणविजय सिंह उर्फ लल्लू मुखिया के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने प्रखंड के बाढ़ प्रभावित कई गांवों का दौरा किया।इन गांवों में शाहजहांपुर, रामलालपुर, हसनपुर, मकसूदपुर, नुरीचक, नबीचक में बाढ़ के ज्यादा असर से किसानों की फसल की व्यापक क्षति हुई है। इस दौरे और भ्रमण कार्यक्रम में भाजपा मंडल सह बीस सूत्री अध्यक्ष रवि प्रकाश, राहुल पटेल, सियाराम सिंह, ज्ञानेंद्र जी, कुंदन सिंह,र जनीकांत रोहित समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। पूर्व विधायक ने इस क्रम में बाढ़ से पीड़ित परिवारों के राहत और बचाव के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया और अपने निजी कोष से भी सहायता राशि प्रदान की।



## एक नजर

### करंट से अधेड़ की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरुआ थाना क्षेत्र के छाती पंचायत के नोनिया बीघा गांव में खेत में गिरे हुए नंगे तार के चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति और उसके साथ एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक की पहचान का अवध प्रसाद उम्र 70 वर्ष, पिता स्वर्गीय लखन प्रसाद बताया जाता है। दरअसल स्थानीय लोगो ने बताया की अवध प्रसाद भैंस धोने के लिए जा रहे थे उसी दरमियान ट्रांसफार्मर के पास में एक नंगा तार खेत में गिरा हुआ था उसी के चपेट में आ जाने से अवधेश प्रसाद और उसके साथ उसके मवेशी भैंस की मृत्यु हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश भी देखने को मिला है। दरअसल कई जगहों पर लोग नंगे तार इधर-उधर रखकर पटवन कर रहे हैं। जिस कारण कई जगहों पर नंगे तार चपेट में आने से हादसे से भी हो रहे हैं।

### श्रद्धालुओं के बीच नि:शुल्क दवा का वितरण

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उमानाथ मंदिर परिसर के पास सावन के हर सोमवार को बाढ़ विधानसभा के पूर्व कंग्रेस प्रत्याशी सत्येंद्र बहादुर के सौजन्य से करीब लाखों रुपए मूल्य के दवा वितरण का कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। इस दौरान गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालु विशेष कर बुजुर्ग और महिला के लिए हर तरह के कष्ट निवारण हेतु निशुल्क दवा वितरण का आयोजन किया गया। सत्येंद्र बहादुर के द्वारा उमानाथ परिसर में श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल पीने के लिए कई आरो मशीन भी लगाए गए हैं। जिससे श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होती है सत्येंद्र बहादुर ने बताया कि उनके द्वारा कई वर्षों से हर सोमवार के दिन निशुल्क दवा का वितरण उनके टीम के द्वारा काउंटर लगाकर किया जाता है। जिसके चलते लोग उचित जगह पर पहुंचकर निशुल्क दवा का लाभ उठाते हैं।

### बाबा उमानाथ घाट पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्तर वाहिनी गंगा तट पर स्थित बाबा उमानाथ गंगा घाट पर सावन के आखरी सोमवारी के दिन सुबह 4:00 से ही श्रद्धालु पवित्र स्नान करने के लिए पहुंचने लगे और आठ से 10:00 के बीच हजारों हजार श्रद्धालु गंगा स्नान करने के बाद पूजा पाठ करने में जुट गए श्रद्धालुओं के भीड़ को देखते हुए दर्जनों पुलिस कर्मी एवं महिलाओं के भीड़ को नियंत्रित करने के लिए महिला पुलिस की भी तैनाती की गई। इस दौरान एनसीसी के जवानों को भी मंदिर परिसर में लगाया गया था। लंबी कतार होने के बावजूद भी श्रद्धालु करीब घंटों से भी ज्यादा समय कतार में रहकर पूजा पाठ करते नजर आए। इस दौरान गंगा के तेज धार से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए मोटर बोट और गोताखोर का भी उमानाथ मंदिर सहित कई जगहों पर व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ उमानाथ के बाद सबसे ज्यादा अलखनाथ मंदिर, शनि धाम मंदिर, गौरी शंकर मंदिर, बाबा अजगैबी नाथ मंदिर पोस्ट ऑफिस घाट मंदिर सहित कई मंदिरों में पूजा पाठ के लिए हजारों श्रद्धालु सुबह से ही गंगा स्नान करते देखे गए।

### तीन कांवरिया जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र इलाके के पास रविवार की रात्रि देवघर जा रहे एक बस के छत पर बैठे तीन कांवरिया पेड़ के टहनी से टकराकर जख्मी हो गया। तीनों घायल कांवरिया जगदीशपुर छपरा जिला का रहने वाला है। घायलों में 40 वर्षीय इंद्रदेव पासवान, 19 वर्षीय गोपाल कुमार और 18 वर्षीय कर्मवीर कुमार शामिल हैं। इंद्रदेव को गंभीर चोटे लगी है तीनों घायलों का इलाज बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में बीती रात्रि कराया गया। उसके बाद सभी कावड़िया देवघर के लिए रवाना हो गए।

### सावन की अंतिम सोमवारी पर पौधारोपण

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन की अंतिम सोमवारी के दिन सोमवार को बिक्रम के मनेर रेवा रजवाहा नहर के किनारे गोविन्दपुर गांव से दतियाना करीब दो किलोमीटर तक पौधरोपण किया गया। पौधरोपण में लगातार सक्रिय रहे सुमित और अमित दोनों भाइयों ने बताया कि इस में उन्होंने लगभग 5000 पौधे लगाए हैं। खासकर पीपल, बरगद, नीम, शीशम, गुलमोहर, जामुन एवं बेल का पौधा लगाया गया है। ग्रीन विलेज के तर्ज पर सुमित कुमार एवं अमित कुमार के द्वारा लगातार पौधारोपण किया जा रहा है। सुमित कुमार ने बताया कि उनके माध्यम से मुफ़्त पौधा भी वितरण किया जा रहा है। दोनों भाई बिहटा के डिहरी ग्राम के रहने वाले हैं।

### युवक की डूबने से मौत

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** फुलवारी विधानसभा क्षेत्र के पुनपुन प्रखंड स्थित छोटकी सपहुंआं गांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया. गांव के महादलित टोला निवासी रामजी मांझी के पुत्र झूलन मांझी की पानी से भरे गड्ढे (आहर) में डूबने से मौत हो गई. यह हादसा देर रात खेत से काम करके लौटने के दौरान पैर फिसलने से हुआ. पूर्व विधायक ने कहा कि हादसा बहुत ही दुखद है.सरकार के द्वारा दी जाने वाली सभी सहायता जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। घटना की सूचना मिलते ही राज्य महादलित आयोग के पूर्व सदस्य सह पूर्व विधायक अरुण मांझी मौके पर पहुंचे और शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया. उन्होंने प्रशासन से मृतक के परिवार को यथाशीघ्र उचित मुआवजा उपलब्ध कराने की मांग भी की. नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम करवाया।

### राहत व बचाव कार्य की मांग

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ प्रभावित पंचायतों में बचाव व राहत कार्य चलाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने सीएम, आपदा प्रबंधन मंत्री, डीएम, एसडीओ व सीओ से मांग किया है. पूर्व मुखिया दिनेश प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद सदस्य ओम प्रकाश राय, भाजपा नेता मुन्ना यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि सह भाजपा नेता रंजीत यादव ने बताया कि दियारे के सात पंचायतों में बाढ़ से प्रभावित होने के बाद भी प्रशासन द्वारा अभी तक बचाव व राहत कार्य नही शुरू किया गया है. उन्होंने एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम तैनात करने की मांग किया है. उन्होंने बताया कि नाविकों मनमाना भाड़े मांग रहे है. जिससे पलायन नही कर पा रहे है. जदयू नेता संजय सिंह ने बाढ़ प्रभावित गांवों का जायजा लिया और डीएम व एसडीओ से जल्द बचाव व राहत कार्य चलने की मांग किया है।

### स्कूल परिसर में घुटने भर जल जमाव

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पिछले एक सप्ताह से हो रही रूक-रूक कर लगातार बारिश से नगर परिषद क्षेत्र के गभातल स्थित राजकृीत धनेश्वरी देवनंदन कन्या इंटर स्कूल परिसर झील जैसा नजारा हो गया है.स्कूल पूरा परिसर जलजमाव हो गया है .बारिश व नाला का पानी स्कूल के कमरे व परिसर में घुटने भर जलजमाव हो गया है. जिससे पिछले 29 जुलाई से स्कूल में पठन -पाठन बाधित हो गया. बारिश व नाली के पानी के कारण स्कूल के कमरे व परिसर में घुटने भर जल जमाव हो गया है. स्कूल के कक्ष, कंप्यूटर रूम, प्रयोगशाला रूम व लाइब्रेरी रूम समेत अन्य रूम में भी पानी घुस गया है. जिसको देखते हुए स्कूल का पठन-पाठन बंद कर दिया गया है. स्कूल के लिपिक अवीनश कुमार ने बताया कि बारिश से स्कूल परिसर व कमरे में घुटने भर पानी घुसा गया है. जिसको देखते हुए स्कूल के प्राचार्या ने पठन-पाठन को बंद कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि जल जमाव से निजात दिलाने के लिए परिषद प्रशासन द्वारा दो पंपिग सेट मोटर पंप लगाकर जल निकासी किया जा रहा है. परंतु लगातार हो रही बारिश से स्कूल परिसर में जल जमाव से झील बना हुआ है।

# आखिरी दिन 4 विकेट लेकर ओवल टेस्ट जीता भारत

## इंग्लैंड में सीरीज 2-2 से बराबर कराई, सिराज ने 5 विकेट लेकर मैच पलटा



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने द ओवल टेस्ट के आखिरी दिन 4 विकेट लेकर 6 रन से मैच जीत लिया। इसी के साथ टीम ने 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी भी 2-2 से बराबर करा ली। मोहम्मद सिराज ने दूसरी पारी में 5 विकेट लेकर मैच पलटा और टीम को रोमांचक जीत दिलाई।

द ओवल में गुरुवार को इंग्लैंड ने बॉलिंग चुनी। पहली पारी में भारत ने 224 और इंग्लैंड ने 247 रन बनाए। 23 रन से पिछड़ने के बाद भारत ने दूसरी पारी में 396 रन बना दिए। इंग्लैंड को 374 रन का टारगेट मिला। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 300 रन बना दिए थे। तभी हैरी ब्रूक सेंचुरी लगाकर आउट हो गए। यहां से भारत ने 354 तक इंग्लैंड के 8 विकेट गिरा दिए।

गस एटकिंसन और जोश टंग ने आखिर में टीम को जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन सिराज ने आखिरी विकेट लेकर भारत को करीबी जीत दिला दी। इंजर्ड क्रिस वोक्स भी लेफ्ट हैंड से बैटिंग करने उतरे, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। सीरीज का दूसरा और पांचवां टेस्ट भारत ने जीता, पहला और तीसरा टेस्ट इंग्लैंड के नाम रहा। वहीं चौथे टेस्ट ड्रॉ हुआ।

इस मैच का दूसरा दिन (एक अगस्त) दिवंगत थोर्प को समर्पित था। इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट खेलने वाले थोर्प का कई वर्षों से अवसाद और चिंता से जूझने के बाद पिछले साल निधन हो गया था। कृष्णा ने रूट के शतक पूरा होने के तुरंत बाद जैकब बेथल (पांच) को बोल्ड किया और फिर रूट को विकेट के पीछे कैच कराकर भारतीय खिलाड़ियों में जोश भर दिया। इससे पहले दिन के दूसरे सत्र में भारत के तीनों तेज गेंदबाजों पर थकान का असर दिखा जो गेंद की चमक खोने के बाद पिच से ज्यादा मदद लेने में नाकाम रहे। वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंदबाजी भी असरहीन दिखी। उन्हें हालांकि ज्यादा गेंदबाजी करने का मौका नहीं मिला। भारतीय तेज गेंदबाजों ने रूट और ब्रूक के खिलाफ शॉट गेंद डालने की रणनीति अपनाई लेकिन गेंद पुरानी होने के कारण बल्लेबाजों को उससे सामंजस्य बिठाने में कोई परेशानी नहीं हुई।

ब्रूक ने शतक पूरा करने के बाद आकाशदीप की गेंद पर कवर क्षेत्र में जब शानदार चौका जड़ा तो मैदान पर भारतीय क्षेत्ररक्षकों की हताशा और बढ़ गयी। वह हालांकि दो गेंद के बाद एक और आक्रामक शॉट खेलने की कोशिश में कवर क्षेत्र में सिराज द्वारा लपके गये। शॉट खेलने के साथ ही बल्ला उनके हाथ से छूट गया और वह शॉट पर नियंत्रण नहीं बना सके। ब्रूक ने अपनी पारी के दौरान जहां ताकत का इस्तेमाल किया वहीं रूट ने बिना किसी परेशानी के कलात्मक शॉट से रन बटोरे। इससे पहले दिन की शुरुआती सत्र में सिराज ने आठ ओवर के शानदार स्पैल में इंग्लैंड के बल्लेबाजों को परेशान किया। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 50 रन पर से आगे से की। मैच तीसरे दिन के आखिरी ओवर में जैक क्रॉली को आउट करने के बाद सिराज ने चौथे दिन आकाशदीप के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने की जिम्मेदारी उठाते हुए एक और शानदार स्पैल डाला। उन्होंने इस दौरान बेन डकेट और ओली पोप को कई बार परेशान किया। टीम को हालांकि दिन की पहली सफलता कृष्णा ने बेन डकेट (54) को आउट कर दिलाई। डकेट बाहर निकलती गेंद को ड्राइव करने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए दूसरे स्लीप में खड़े लोकेश राहुल के हाथों में चली गयी। इसके तुरंत बाद सिराज को भी शानदार गेंदबाजी का फल मिला। उन्होंने मैच में पोप (27) को दूसरी बार पगबाधा कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। पोप ने इस ओवर से पहले ही कृष्णा के खिलाफ तीन चौके लगाकर लय हासिल की थी। रूट ने सिराज के खिलाफ दो शानदार कवर ड्राइव लगा कर दबाव कम किया।

आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे ब्रूक को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया और यह छह रन में बदल गया। ब्रूक ने इससे पहले आकाशदीप के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा था। जीवनदान मिलने के बाद उन्होंने कृष्णा के खिलाफ दो बेहतरीन चौके जड़े। इस मैच से पहले ओवल में चौथी पारी में सबसे सफलतापूर्वक सबसे बड़े लक्ष्य का पीछा करने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के नाम ही है, जिसने 1902 में 263 रन का लक्ष्य हासिल किया था।

### इतिहास एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया

टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में पहली बार एक सीरीज में 9 बैटर्स ने 400 रन का आंकड़ा पार किया है। मौजूदा सीरीज में भारत के 5 और इंग्लैंड के 4 बैटर्स ने 400 से ज्यादा रन बनाए हैं। टेस्ट इतिहास में यह दूसरी सीरीज है, जिसमें 7 हजार से ज्यादा रन बने हैं। इससे पहले 1993 की एशेज सीरीज में 7221 रन बने थे। उस सीरीज में 6 मैच खेले गए थे।




# इंटर मियामी के कप्तान लियोनेल मेसी चोटिल



**मियामी (एजेंसी)।** इंटर मियामी के कप्तान लियोनल मेसी को दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण अनिश्चित समय के लिए मैदान से बाहर हो गए हैं। क्लब ने आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस बात की पुष्टि की है। यह चोट मेसी को शनिवार को मेक्सिको की टीम नेक्शाका के खिलाफ लीग्स कप मैच के दौरान लगी। मेसी की चोट के बावजूद, इंटर मियामी ने नेक्शाका के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की।मेसी को केवल 11वें मिनट में मैदान छोड़ना पड़ा। हालांकि वे खुद अपने पैरों पर चलकर लॉकर रूम तक गए, लेकिन चोट की गंभीरता को देखते हुए उनका मेडिकल परीक्षण किया गया। इंटर मियामी के बयान के अनुसार,रिपोर्ट में मेसी के दाहिने पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट की पुष्टि हुई है। उन्हें खेलने की अनुमति उनकी मेडिकल स्थिति और उपचार पर प्रतिक्रिया के आधार पर दी जाएगी।मेसी इस सीजन में इंटर मियामी के लिए 18 मैचों में 18 गोल और 9 असिस्ट कर चुके हैं। वह स्रूस(मेजर लीग शॉकर ) के टॉप स्कोरर की सूची में फिलहाल पहले स्थान पर हैं।इंटर मियामी वर्तमान में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में 12 जीत, 4 हार और 6 ड्रॉ के साथ 42 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। वे शीर्ष पर मौजूद फिलाडेल्फिया से 8 अंक पीछे हैं, लेकिन उनके पास तीन अतिरिक्त मैच बाकी हैं। लीग्स कप क्वालिफिकेशन के लिए एमएलएस स्टैंडिंग में इंटर मियामी 5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें बुधवार को यूएनएएम पुमास के खिलाफ जीत की जरूरत है।

# सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद फिट होने के लिए एनसीए पहुंचे, एशिया कप की तैयारी शुरू



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में है। सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तरह फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक यूएई में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतररर टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आये थे। अब वह मुंबई लौट गये हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन अपेक्षित चयन नहीं हो पाया।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान, युवा खिलाड़ियों को मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।



इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे।

मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

# दादरी में गोल्ड मेडल विजेता रचना का स्वागत

**चरखी दादरी (एजेंसी)।** ग्रीस में आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप की गोल्ड मेडल विजेता पहलवान रचना परमार का रविवार को गांव बौंद खुर्द में पहुंचने पर ग्रामीणों ने खिलाड़ी का स्वागत किया। ग्रामीणों ने फूल मालाओं से उसका स्वागत किया और उसे जीत की बधाई दी।

बता दें कि हाल ही में ग्रीस में वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चरखी दादरी जिले के गांव बौंद खुर्द निवासी पहलवान रचना परमार ने अंडर - 17 आयुवर्ग के 43 किलोग्राम में हिस्सा लिया। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए फाइनल में चीन की खिलाड़ी को 3-0 से हराकर गोल्ड मेडल हासिल किया। उनकी इस जीत से क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

रविवार शाम को खिलाड़ी के गांव लौटने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया और खेरड़ी मोड़ से गांव तक विजयी जुलूस निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूलों की व नोटों की माला पहनाकर उसका स्वागत किया

# पाकिस्तान ने तीसरा टी-20, 13 रन से जीता

## वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज पर 2-1 से कब्जा किया, फरहान-अयूब के अर्धशतक

**ब्रोवार्ड (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए तीसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 13 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली।

सईम अयूब और साहिबजादा फरहान की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 189 रन बनाए, जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 6 विकेट पर 176 रन ही बना सकी।

अयूब और फरहान ने दी शानदार शुरुआत

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम को साहिबजादा फरहान और सईम अयूब की जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दी। दोनों ने पावरप्ले में बिना विकेट गंवाए 47 रन जोड़े। पहले विकेट के लिए 98 गेंदों में 138 रन की साझेदारी हुई। वेस्टइंडीज के गेंदबाज समर जोसेफ ने 16.2वें ओवर में साहिबजादा फरहान को शाई होप के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा।

साहिबजादा फरहान ने 53 गेंदों पर 74 रन और सईम अयूब ने 49 गेंदों पर 66 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा, हसन जवाज ने 7 गेंदों पर 15 रन, खुशदिल शाह ने 6 गेंदों पर 11 रन और फहीम अशरफ ने 3 गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहे।वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर, रोस्टन चेज और समर जोसेफ ने 1-1 विकेट लिए।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तानी टीम को साहिबजादा फरहान और सईम अयूब की जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दी।




190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज को एलिक अथानाजे और ज्वेल एंड्रयू ने ठोस शुरुआत दी। पहला विकेट 44 रन पर गिरा, जब ओपनर ज्वेल एंड्रयू ने 15 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हुए।

वेस्टइंडीज ने पावरप्ले में 1 विकेट खोकर 59 रन बनाए। दूसरा विकेट 74 रन पर गिरा, जब शाई होप 9 गेंदों पर 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

एलिक अथानाजे ने 40 गेंदों में 60 रन की प्रभावशाली पारी खेली। वहीं, शेफर्न रदरफोर्ड ने 35 गेंदों पर 3 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।

# सिराज ने अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी की- वरुण आरोन

**लंदन (यूके) (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज वरुण आरोन का मानना है कि मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने पांचवें टेस्ट के चौथे दिन तीसरे सत्र में तेज गेंदबाजी की जिसके परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण विकेट मिले। आरोन को लगता है कि सिराज बदकिस्मत रहे, उन्होंने बहुत अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन उन्हें स्रुङ्क आउट नहीं मिला। चायकाल के बाद सिराज और प्रसिद्ध ने तेज गेंदबाजी की, हालांकि सिराज ने अंतिम सत्र में कोई विकेट नहीं लिया लेकिन वह टाइट लेंथ पर गेंदबाजी कर रहे थे, जबकि प्रसिद्ध ने जैकब बेथेल को 5 रन पर आउट किया और उसके बाद शतकवीर जो रूट को 105 रन पर आउट किया।



जियोहॉटस्टार विशेषज्ञ वरुण आरोन ने कहा, %सिराज और प्रसिद्ध ने चाय के बाद 5-5 तेज ओवर फेंके और इस प्रयास के परिणामस्वरूप दो महत्वपूर्ण विकेट मिले। सिराज ने अविश्वसनीय रूप से अच्छी गेंदबाजी की। उनकी कई गेंदें पैड पर लगीं, लेकिन उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर 339/6 था, जिसमें जेमी ओवरटन (0*) और जेमी स्मिथ (2*) नाबाद थे। इंग्लैंड को जीत के लिए अभी भी 35 रनों की जरूरत है और यह भी अनिश्चित है कि कंधे की चोट के कारण क्रिस वोक्स बल्लेबाजी के लिए आएंगे या नहीं। ॉ

आरोन को लगा कि इंग्लैंड मुश्किल में है और उन्होंने चाय के बाद भारतीय कप्तान शुभमन गिल की चतुर कप्तानी की प्रशंसा की, जिन्होंने मेहमान टीम को आसानी से सिंगल लेने का मौका नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा, इंग्लैंड अब खुद को मुश्किल स्थिति में पा रहा है और मुझे सचमुच लगता है कि यह ब्रेक भारत के लिए बहुत फायदेमंद होगा। गेंदबाजों को आराम करने, स्ट्रेचिंग करने, मालिश करवाने और फिजियो से कुछ उपचार लेने का मौका मिलेगा। वे तरोताजा होकर वापसी कर सकते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकते हैं। चाय के बाद का यह सत्र शानदार रहा, सटीक गेंदबाजी, शुभमन गिल की चतुर कप्तानी ने आसान सिंगल नहीं लेने दिए और दो बेहद महत्वपूर्ण विकेट।

जो रूट और हैरी ब्रूक के शतकों ने इंग्लैंड को बढ़त दिला दी है, जबकि भारतीय तेज गेंदबाजों ने भी देर से वापसी करते हुए उम्मीद जगाई है। चौथे दिन बारिश और खराब रोशनी के कारण खेल बाधित होने के कारण ओवल में पांचवें और अंतिम टेस्ट का खेल सोमवार को अंतिम दिन तक पहुंच गया है।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र के कामा बिगहा मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर अनियंत्रित ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी हाइवा में टक्कर मार दिया, जिससे घटनास्थल पर ही 32 वर्षीय ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के एटा जिला अंतर्गत रिजोर गांव निवासी रणवीर सिंह के पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई है। घटना सोमवार सुबह की बताई जा रही है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के भतीजा अजय कुमार ने बताया कि वह पिछले 10 वर्षों से ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार की रात वह झारखंड से ट्रक पर बोरी लोडिंग कर उत्तर प्रदेश के कानपुर जा रहे थे। इस क्रम में वे जैसे ही वह औरंगाबाद शहर के बाईपास के समीप पहुंचे तभी आंख झपक गया और ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी हाइवा से टकरा कर फंस गया,



जिसमें दबकर विजय की मौत हो गई। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के आलोक में पहुंची पुलिस ने मृतक के आधार कार्ड से उसकी पहचान की और दुर्घटना की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने भतीजा अजय कुमार से संपर्क किया। अजय औरंगाबाद जिले के गोह में ही गाड़ी लोडिंग कर रहा था। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचा और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई। इसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। अजय ने बताया कि मृतक विक्रम का एक बेटा और दो बेटी है। घटना के बाद से पत्नी सहित अन्य परिजनों पर दुखों का पहाड़ पड़ा। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कामा बिगहा मोड़ के समीप ट्रक और हाइवा की टक्कर में ट्रक चालक की मौत हुई है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। वहीं कुटुंबा थाना क्षेत्र के दोस्ताना होटल के समीप बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो चचेरे भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरे को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महेशी मेहता के 22 वर्षीय पुत्र चिंटू कुमार एवं तुरक मेहता के पुत्र रंजन मेहता के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक दोनों बाइक से औरंगाबाद जा रहे थे, इसी क्रम में उस जगह अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी जिसमें वे हादसे के शिकार हो गए। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंचे जिला परिषद उपाध्याय प्रतिनिधि व वरीय राजद नेता सुबोध कुमार सिंह ने पीड़ित परिजनों को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने कहा कि औरंगाबाद में आये दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। इन सड़क हादसों में लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, लेकिन जिला प्रशासन गहरी नींद में है और वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाने में असफल है। थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटना में बाइक एक युवक के मौत और दूसरा घायल की सूचना मिली है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है।

# नदी में डूबने से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** कुटुंबा थाना क्षेत्र के बेदौलीया गांव स्थित रामरेखा नदी में गाय खोजने के दौरान डूबने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। लगभग 62 घंटे बाद युवक का शव घटनास्थल से डेढ़ किलोमीटर दूर नदी में खजूर के पेड़ में फंसा हुआ बरामद मिला मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही तुरता गांव निवासी जगनारायण पासवान के पुत्र विक्रम कुमार पासवान के रूप में हुई है। सोमवार की दोपहर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि शनिवार की शाम विक्रम की गाय चरने के दौरान भटककर कहीं खो गयी थी। खोजबीन के दौरान बिक्रम बेदौलिया गांव के रामरेखा नदी तरफ चला गया जहां पुल पार करने के दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नदी में जा गिरा। पानी की तेज बहाव में डूबने से उसकी मौत हो गई। जब देर रात तक वह घर नही पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं



पता नही चला। सोमवार की सुबह नदी के दोनों तरफ खोजबीन के दौरान घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर युवक का शव खजूर के पेड़ में फंसा हुआ दिखाई दिया। इसके बाद परिजनों ने शव को बाहर निकाला। मामले की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि मृतक का एक बेटा व तीन बेटी है। वह अपने घर पर ही रहकर खेती-बाड़ी करता था। वह तीन भाइयों में बड़ा था। घटना के बाद से पत्नी सतवंती देवी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तो वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि नदी में डूबने से एक युवक की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर दाह संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सिन्हा कॉलेज में प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र का सत्र 19 से, प्रवेश परीक्षा 6 अगस्त को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय परिसर स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र का ग्रीष्मकालीन सत्र 19 अगस्त 2025 से प्रारंभ होने जा रहा है। इस सत्र में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 6 अगस्त 2025 को महाविद्यालय परिसर में किया जाएगा। यह प्रशिक्षण केंद्र बिहार राज्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित है और इसका उद्देश्य पिछड़े व अति पिछड़े वर्ग के मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की निशुल्क तैयारी कराना है। प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक मोहम्मद मसउद आलम ने जानकारी दी कि केंद्र में यूपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, बिहार शिक्षक नियोजन परीक्षा, बीएड इत्यादि की तैयारी पूरी तरह निशुल्क कराई जाती है। यह विशेष सुविधा सामाजिक न्याय और समान अवसर की दिशा में एक सराहनीय पहल है। उन्होंने बताया कि इच्छुक छात्र-छात्राएं आवेदन के लिए महाविद्यालय स्थित प्राक परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र में सीधे संपर्क कर सकते हैं। नामांकन की प्रक्रिया फिलहाल चालू है और समय पर आवेदन करना आवश्यक है ताकि प्रतिभागी 6 अगस्त को होने वाली प्रवेश परीक्षा में शामिल हो सकें। यह प्रशिक्षण केंद्र अब तक सैकड़ों छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिला चुका है, और यह ग्रीष्मकालीन सत्र भी युवा प्रतिभाओं को एक नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगा।

# मुख्यमंत्री कार्यक्रम के अंतर्गत लंबित आवेदनों का शीघ्र करें निष्पादन : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मंडे फॉलो-अप एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन समाहरणालय सभा कक्ष में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं सेवाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक की शुरुआत मंडे फॉलो-अप के विभागवार एजेंडा की पीपीटी प्रस्तुति से हुई, जिसमें निष्पादन की दिशा में प्रभावी पहल के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत लंबित परिवादों की समीक्षा में यह पाया गया कि सीपीग्राम्स पोर्टल पर 21, ई-डैशबोर्ड पर 248 तथा जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के अंतर्गत 77 आवेदन लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी आवेदनों के त्वरित निष्पादन हेतु प्राथमिकता तय करने और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। लोक सेवा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जाति, आय, निवास, ईडब्ल्यूएस, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र जैसे आवेदनों की समीक्षा करते हुए अंचल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को शीघ्र निष्पादन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। पेंशन, पारिवारिक लाभ, राशन कार्ड, भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र (एलपीसी) जैसे मामलों की प्रगति पर भी विचार किया गया। जिला विधि शाखा में लंबित सीडब्लूजेसी एवं एमजेसी मामलों की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को समयबद्ध प्रतिशपथ पत्र दाखिल कर विधि



शाखा को रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। समेकित बाल विकास सेवा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की भवन, मरम्मत, पेयजल एवं शौचालय सुविधाओं की समीक्षा की गई। यह बताया गया कि 197 केंद्रों के लिए भूमि चिन्हित है, किंतु एनओसी अब तक लंबित है। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को शीघ्र एनओसी निर्गत करने एवं पीएचडी को पेयजल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जनजीवन हरियाली योजना के अंतर्गत सार्वजनिक जल स्रोतों के जीर्णोद्धार, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सघन वृक्षारोपण, पौधशाला निर्माण, जैविक खेती आदि कार्यों की समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीपीएम स्वास्थ्य द्वारा सूचित किया गया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर हेतु भूमि की आवश्यकता है, परंतु कई स्थलों पर अब तक एनओसी निर्गत नहीं है। जिलाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारियों को शीघ्र भूमि चयन कर एनओसी प्रदान करने का निर्देश दिया। देव प्रखंड के एक गृहरक्षक जवान की सर्पदंश से मृत्यु के मामले में सिविल सर्जन पर लापरवाही को लेकर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके विरुद्ध जांच टीम गठित कर दोष सिद्ध होने पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया। साथ ही, सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की समग्र समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित करें। बैठक में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जयप्रकाश नारायण, उपेंद्र पंडित, सिविल सर्जन, डीसीएलआर श्वेतांक लाल, एसडीपीजीआरओ धर्मेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शनी, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीओ (आईसीडीएस) विनीता कुमारी, सभी कार्यपालक अभियंता एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारीगण, तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी के कार्यक्रम में दिखी बिहार-झारखंड की संस्कृति की झलक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के परिसर में 26 जुलाई से 04 अगस्त 2025 तक चल रहे सीएटीसी-बारह प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। 13 बिहार बटालियन एनसीसी औरंगाबाद के तत्वाधान में चल रहे इस प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन सर्वप्रथम सुबह सभी एनसीसी कैडेटों का पीटी कराया गया। इसके पूर्व संध्या पर एनसीसी कैडेटों के द्वारा कल्चर प्रोग्राम का आयोजन किया गया जिसमें गायन, नुक्कड़ नाटक, डांस, संबोधन इत्यादि के माध्यम से सभी को आकर्षित किया। कल्चरल प्रोग्राम में बिहार एवं झारखंड की संस्कृति की झलक देखी गई और साथ ही कैडेटों ने मोबाइल के दुरुपयोग का मैसेज सभी को दिया। समापन समारोह के अवसर पर कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक बताया ने बताया कि सभी बच्चों ने इस शिविर में अच्छे तरीके से सभी प्रशिक्षण को प्राप्त

**सिन्हा कॉलेज में चल रहे एनसीसी कैंप का हुआ समापन**



किया हैं। बहुत सारे बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिता में भी भाग लिया था जिसमें जो बच्चे अव्वल रहे उन्हें पुरस्कृत किया गया। प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद सभी अपने घर को प्रस्थान हुए। सभी को कैंप सर्टिफिकेट दिया गया। साथ ही आने जाने का यात्रा भत्ता भी दिया गया। इसके पश्चात सभी बच्चे अपने स्कूल-कॉलेज के एएनओ/ सीटीओ के माध्यम से अपने-अपने गंतव्य को पहुंचे। कैंप कमांडेंट ने कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर भीम एवं उनकी टीम को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर बटालियन एवं कॉलेज के समस्त सैन्य एवं असैन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# सोन कैनाल से बुजुर्ग का शव बरामद

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सोन कैनाल से अज्ञात बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया गया है जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शव को नहर से निकालकर ओबरा थाना लाया। मामला थाना क्षेत्र के डिहरा की है। इस संबध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया सोन कैनाल से 70 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव 72 घंटे के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। वहीं शव की शिनाख्त को लेकर आसपास के थानों यथा विभिन्न स्त्रोतों से पता लगाया जा रहा है। प्रथम दृश्यता के अनुसार बुजुर्ग की मौत सोन कैनाल में डूबने से हुई है। बुजुर्ग के शरीर पर जख्म के कोई निशान नहीं मिले है। इसके अलावा घटना के अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। वावजूद यदि शव का शिनाख्त नहीं हो पाया तो 72 घंटे बाद शव का अंतिम संस्कार करवा दिया जायेगा।

# पूर्व सांसद सुशील सिंह ने शिबू सोरेन के निधन पर जताया शोक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं झारखण्ड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद 'दिशोम गुरु' शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनका निधन दुःखद है। ईश्वर परिवार को इस दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में मैं परिवार के साथ हूं। श्री सिंह ने कहा कि शिबू सोरेन की उनकी सादगी और जनता के प्रति समर्पण ने उन्हें झारखण्ड की राजनीति में एक विशेष स्थान दिलाया। इनके नेतृत्व में झामुमो झारखण्ड राज्य की सियासत में एक मजबूत ताकत के रूप में उभरी। गुरुजी को झारखण्ड आन्दोलन का जनक माना जाता है।उनके योगदान को पूरे देश मे सम्मान की नजर से देखा जाता है। शोक व्यक्त करने वालों में वरीय भाजपा नेता सुनील सिंह, देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह, शुभेंदु शेखर सिंह, लोकसभा संयोजक अनिल शर्मा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा, भाजपा नेता आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह, नलिनी रंजन, प्रफुल्ल सिंह, विनोद सिंह, राजेश सिंह, नरेश सिंह उर्फ मुखिया, पिन्टू सिंह, अमरीश सिंह, टनटन सिंह, पूर्व जिला मंत्री अखिलेश मेहता, वार्ड पार्षद अशोक सिंह, भाजपा नेता विनय शर्मा, रविन्द्र शर्मा, राकेश कुमार देवता आदि शामिल हैं।

## जननेता थे दिशोम गुरु शिबू सोरेन : डॉ सुरेश

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉक्टर सुरेश पासवान ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि दिशोम गुरु एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक, झारखंड आंदोलन के प्रणेता तथा झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री शिबू सोरेन साहब के निधन के दुखद खबर से झारखंड सहित देश भर में शोक की लहर छा गई है। उनके निधन से जो अपूरणीय क्षति हुई है उसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। डॉ पासवान ने कहा कि 1995-2000 तक बिहार विधानसभा में उनके साथ काम करने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ था। वे बहुत बड़े जननेता थे लेकिन उनका व्यवहार, रहन-सहन, वेशभूषा आदि बिलकुल आम आदमी की तरह था।

# जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मना आचार्य बालकृष्ण का जन्मदिन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज का जन्मदिन सोमवार को जड़ी बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सोमवार की सुबह पतंजलि परिवार की टीम जिला मुख्यालय स्थित अदरी नदी के किनारे से शोभा यात्रा निकालते हुए कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पंचदेव धाम आश्रम में गई। जहां औषधीय पौधों का वृक्षारोपण एवं विधिवत हवन (यज्ञ) का कार्यक्रम किया गया। भारत स्वाभिमान औरंगाबाद के जिला प्रभारी विनोद आर्य ने कहा कि हर साल 4 अगस्त को आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है। यह दिन



पतंजलि के लिए गौरव का दिन है। आयुर्वेद के ज्ञाता आचार्य बालकृष्ण ने जड़ी बूटी के रहस्य को उजागर कर इस आधुनिक युग में लोगों के लिए सरल चिकित्सा का आधार दिया है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी ने विशेष रूप से जड़ी बूटी के बारे में बताते हुए लोगों को अपने घरों के छत पर लगाने के लिए प्रेरित किया और सामान्य बीमारियों के लिए इसके उपयोग करने के लिए प्रेरणा दिया। मौके पर आश्रम के संस्थापक अशोक कुमार सिंह, बृजमोहन शर्मा, संजय गुप्ता, ममता गुप्ता, सारिका शेखर, स्वीटी, अवधेश, राजेश, डब्बू, गुप्तेश्वर, दीनानाथ विश्वकर्मा, लूटन गुप्ता, भोला कुमार, अभयानंद गिरी, इंद्रजीत कुमार, अशोक कुमार, अनिल आर्य आदि मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने किया शो-कॉज

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने दाउदनगर थाना प्रभारी को शो-कॉज किया है। बताया जाता है कि जिला उपभोक्ता अदालत के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने परिवाद संख्या -40/24 में सुनवाई करते हुए थाना प्रभारी को शो-कॉज करते हुए 15 दिनों के अंदर जवाब समर्पित करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता ने बताया कि परिवाद के विपक्षी भखरूआ मोड़ तिवारी मुहल्ला निवासी महिंद्र मोटर प्राइवेट लिमिटेड के गोपाल सिंह पर जमानतीय अधिपत्र 30 मई को दाउदनगर थाना प्रभारी को भेजा गया था। उसके बाद अगली तिथि को स्मारपत्र भेजा गया फिर भी कोई प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया।

# पुनपुन नदी पर बना डायवर्सन डूबा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के नवीनगर-टंडवा रोड में थाना मोड़ के समीप पुनपुन नदी पर बना डायवर्सन पानी की तेज धार में डूब गया है। इसके कारण आवागमन बंद हो गया है। स्थानीय संजय सिंह, मनोज उपाध्याय, प्रमोद सिंह, चुन्नू कुमार, धीरज चंद्रवंशी, आकाश सोनी, चंदन कुमार, छोटू तिवारी, अनुज ठाकुर समेत कई अन्य लोगों ने बताया कि पानी में बना डायवर्सन डूबने के कारण मंदिर में पूजा-पाठ करने वाले श्रद्धालुओं को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवागमन बंद होने के कारण श्रद्धालुओं को अगल-बगल के रास्ते से पूजा-अर्चना करने जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही राहगीरों को रास्ता अवरुद्ध होने के कारण आवागमन में समस्या हो रही है।

